वर्ष-31, अंक- 227, पृष्ठ-12 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 09, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
बुधवार
04 जून 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 12

## एक नजर

### राज्य कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।** राज्य कैबिनेट की बैठक बुधवार (4 जून) को झारखंड मंत्रालय के मंत्रिपरिषद कक्ष में दिन में 4:00 बजे से होगी। यह जानकारी मंगलवार को मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी। कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है।

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया बड़ा ऐलान

उदय चंद्र सिंह

**नयी दिल्ली।** रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची के सांसद संजय सेठ ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी का देशभर में विस्तार किया जाएगा और तीन लाख नए कैडेट इसमें शामिल किए जाएंगे। इस फैसले के लिए कई राज्य पहले ही अपनी मंजूरी दे चुके हैं और एनसीसी ट्रेनिंग के लिए जरूरी सुविधाओं को तेजी से तैयार करने पर काम भी शुरू हो गया है। भोपाल में हुए जेएस आरएंडए/डी सम्मेलन में बोलते हुए संजय सेठ ने कहा कि एनसीसी सिर्फ एक ट्रेनिंग संगठन नहीं, बल्कि युवाओं को देशभक्ति, अनुशासन और नेतृत्व की सीख देने वाला एक मजबूत प्लेटफॉर्म है। उन्होंने बताया कि अब पूर्व सैनिकों को भी एनसीसी में ट्रेनर के तौर पर शामिल किया शेष पेज 11 पर...

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

**आज / कल**




# सतबरवा में ट्रक से 40 लाख की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त, दो गिरफ्तार

- धान के भूसे में छिपाकर ले जाई जा रही थी शराब, पुलिस ने गुप्त सूचना पर की कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता



**सतबरवा।** सतबरवा पुलिस ने मंगलवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए हरियाणा नंबर के ट्रक से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में ट्रक चालक देवेंद्र कुमार (उम्र 25 वर्ष), पिता पेमाराम मातासर, निवासी भूटिया, राजस्थान और खलासी लालचंद (उम्र 25 वर्ष), पिता रतन राम, निवासी पुनियोकातला, राजस्थान शामिल हैं। डीएसपी मणिभूषण प्रसाद और थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक में भारी मात्रा में अवैध शराब ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर सतबरवा पुलिस टीम गठित कर ट्रक नंबर एचआर 69 डी 3182 को जांच के लिए रोका गया। पूछताछ में चालक और खलासी ने बताया कि ट्रक में धान का भूसा है, लेकिन शक होने पर जब ट्रक की गहन तलाशी ली गई तो भूसे से भरे बोरे हटाने पर नीचे शराब की पेटियां बरामद हुईं। बरामद शराब में इंपिरियर ब्लू 180 एमएल की 215 पेटियों में 10,320 बोतल, 375 एमएल की 67 पेटियों में 1,608 बोतल, 750 एमएल की 177 पेटियों में 2,124 बोतल, रॉयल स्टेग 750 एमएल की 23 पेटियों में 276 बोतल और रॉयल चैलेंज 750 एमएल की 12 पेटियों में 252 बोतल शामिल है। इसके अलावा तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। जब्त शराब का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 40 लाख रुपये आंका गया है। डीएसपी ने कहा कि इस मामले में आगे की कार्रवाई जारी है और शराब माफियाओं को बख्शा नहीं जाएगा। कार्रवाई में थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा, एसआई बसंत दुबे, संतोष कुमार साहू, सुबोध कुमार समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# उपायुक्त समीरा एस ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार भेंट की



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू की उपायुक्त समीरा एस ने आज रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें जिला के विकास कार्यों, योजनाओं की प्रगति और प्रशासनिक अनुभवों पर सकारात्मक शेष पेज 11 पर...

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगी स्वास्थ्य सेवाएं

# जल्द बनेगा रिम्स-2, स्वास्थ्य व्यवस्था को मिलेगी नई उड़ान

- स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने रांची में एएचपीआई कॉन्क्लेव में कहा
- कुछ अस्पताल कर रहे आयुष्मान कार्ड का दुरुपयोग, यह स्वीकार्य नहीं

नवीन मेल डेस्क






**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने मंगलवार को रांची के एक होटल में आयोजित एएचपीआई कॉन्क्लेव में राज्यभर के निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि, प्रबंधक एवं चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हम स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि रिम्स-2 का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है, और अगले दो वर्षों में यह सपना साकार होगा। राज्य के लोगों को आधुनिक और व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं देने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम होगा। बता दें कि एएचपीआई कॉन्क्लेव आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के अंतर्गत सरकारी देय बिलों के लंबित भुगतान से संबंधित मुद्दों को लेकर बुलाया गया था।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि कुछ अस्पतालों द्वारा आयुष्मान कार्ड का दुरुपयोग किया जाता है। कुछ अस्पताल कार्ड को स्वाइप कर पूरा पैसा निकाल लेते हैं और मरीज को रिम्स रांची रेफर कर देते हैं, यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। गरीबों को उनके हक का इलाज मिलना चाहिए और योजना का पूरा लाभ भी। ऐसा कोई भी व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व्यापार नहीं, सेवा है। इसे समझना होगा।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ अंसारी ने सभी अस्पताल प्रबंधकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और इस पर सख्त रुख अपनाते हुए विभाग को जल्द से जल्द लंबित बकाया बिलों के भुगतान का निर्देश जारी किया। उन्होंने कहा कि नेशनल एंटी फ्रॉड यूनिट द्वारा चिह्नित 212 अस्पतालों की जांच के चलते कुछ भुगतान में देरी हुई है। अन्य 350 अस्पतालों के भुगतान में नई पोर्टल प्रणाली के कारण तकनीकी अड़चनें सामने आई हैं, जिन्हें दूर करने के लिए विभाग की टीम लगातार एनएचएम से संपर्क में है। समाधान जल्द सुनिश्चित किया जाएगा।

कार्यक्रम में डॉ राजेश कुमार, सैयद अहमद अंसारी, डॉ सतीश ठाकुर, डॉ अनंत सिन्हा, डॉ अजय सिंह, डॉ शंभू, डॉ प्रदीप सिंह, मंजूर अंसारी, अनवर अहमद अंसारी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं चिकित्सक मौजूद थे।

**राज्य में नवजात और मातृ मृत्यु दर राष्ट्रीय औसत से थोड़ी कम :** अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि राज्य में नवजात और मातृ मृत्यु दर राष्ट्रीय औसत से थोड़ी कम है और हम कई राज्यों से बेहतर हैं। राज्य में सरकारी और निजी क्षेत्र में कुल लगभग 15,500 बेड हैं। शेष पेज 11 पर...

# आदिवासी संगठनों का झारखंड बंद आज



- बंद की पूर्व संध्या पर रांची में निकाला गया मशाल जुलूस

**रांची।** राज्य के प्रमुख आदिवासी संगठनों ने बुधवार (4 जून) को झारखंड बंद की घोषणा की है। इन संगठनों का कहना है कि आदिवासियों के धर्म एवं आस्था से जुड़े स्थलों पर कथित रूप से अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा कर उनकी परंपरा को चोट पहुंचाई जा रही है। इन संगठनों ने कई प्राचीन आदिवासी धर्मस्थलों पर सरकार की ओर से कराए जा रहे निर्माण पर भी आपत्ति जताई है। बंद के दौरान इन मुद्दों पर विरोध प्रदर्शित किया जाएगा। इधर, रांची के सिरम टोली सरना स्थल के पास फ्लाईओवर रैंप बनाने के खिलाफ और आदिवासी अधिकारों की रक्षा की मांग को लेकर मंगलवार शाम जयपाल सिंह मुंडा मैदान से मशाल जुलूस निकाला गया। मशाल जुलूस में शामिल लोग पैदल मार्च करते हुए अल्बर्ट एक्का चौक पर पहुंचे। मशाल थामे लोगों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि अब और अन्याय नहीं सहेंगे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि चार जून के झारखंड बंद में राज्यभर के आदिवासी समुदाय अपनी भागीदारी प्रदर्शित करेंगे। आरोप लगाया कि हेमंत सरकार न केवल उनकी धार्मिक आस्था से जुड़े सिरम टोली स्थित केंद्रीय सरना स्थल को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि आदिवासी जमीन भी छीनी जा रही है। आदिवासी संगठनों ने राज्य के सरकारी स्कूलों की जर्जर हालत को भी मुद्दा बनाते हुए कहा कि यहां शिक्षक नहीं हैं, सुविधाएं नहीं हैं। आदिवासी बच्चों का भविष्य अंधेरे में है। उन्होंने बताया कि पिछले पांच महीनों से लगातार आंदोलन जारी है, लेकिन सरकार मौन है। वहीं, रांची में आदिवासी बचाओ मोर्चा और केंद्रीय सरना स्थल सिरमटोली बचाओ मोर्चा से जुड़ीं राज्य की पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव, पूर्व विधायक देवकुमार धान एवं प्रेम शाही मुंडा ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि बंद के दौरान सिर्फ आपातकालीन मेडिकल सेवाएं ही चालू रहेंगी।

## बानो के डलियामरचा में फिर सामने आया सिस्टम का सच

# सड़क नहीं है, गर्भवती के लिए खटिया ही बना सहारा

- एंबुलेंस तो पहुंची, लेकिन सड़क नहीं रहने के कारण महिला तक नहीं आ पाई
- खटिया पर लादकर कई किलोमीटर दूर एंबुलेंस तक लाया गया

विकास साहू



**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले के बानो प्रखंड अंतर्गत डलियामरचा गांव में एक बार फिर सरकारी व्यवस्था की पोल खुल गई, जब सड़क नहीं होने के कारण गर्भवती महिला हना गुड़िया को खटिया पर उठाकर एंबुलेंस तक पहुंचाया गया। यह दृश्य केवल गांव की बदहाली नहीं, बल्कि सिस्टम की असफलता को भी उजागर करता है। हना गुड़िया को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद एंबुलेंस तो समय पर पहुंच गई, लेकिन सड़क नहीं होने के कारण वाहन गांव तक नहीं आ सका। ऐसे में परिजन और स्वास्थ्य सहिया निरावती देवी ने मिलकर शेष पेज 11 पर...

### शराब घोटाला में विनय चौबे की बढ़ी न्यायिक हिरासत

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार किए गए निलंबित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे और तत्कालीन संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह सहित पांच आरोपियों की पेशी मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एसीबी कोर्ट में हुई। कोर्ट ने इन सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि आगामी 9 जून तक के लिए बढ़ा दी है। विनय चौबे की ओर से उनके वकील ने एसीबी कोर्ट से रिम्स में उनसे मिलने की अनुमति मांगी। याचिका पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने अनुमति प्रदान कर दी। इससे पहले, एसीबी की टीम ने विनय कुमार चौबे और गजेंद्र सिंह को दो दिनों की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद एसीबी कोर्ट में प्रस्तुत किया था।

# लापुंग में पुलिसकर्मियों पर हमला थाना प्रभारी व 1 जवान घायल

- दो ग्रामीण को भी लगी है गोली, पुलिस मामले की कर रही जांच

नवीन मेल संवाददाता



**लापुंग।** रांची जिले के लापुंग थाना क्षेत्र में जमीन विवाद के मामले को लेकर चल रही ग्राम सभा में लापुंग थाने के पुलिसकर्मियों पर हमला करने का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया है। इस हमले में लापुंग थाना प्रभारी सहित दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। दो ग्रामीणों को भी गोली लगने की सूचना मिल रही है। थाना प्रभारी के सिर में चोट लगी है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घायल ग्रामीणों को भी रांची के एक अस्पातल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार, लापुंग थाना क्षेत्र में जमीन विवाद के मामले को लेकर चल रही ग्राम सभा में लापुंग थाने के पुलिसकर्मियों पर हमला किया गया। इस हमले में लापुंग थाना प्रभारी समेत दो पुलिसवाले घायल हुए हैं। लापुंग थाना प्रभारी के सिर में चोट लगी है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची लाया गया है। इस बीच पुलिस और ग्रामीण के बीच हुई झड़प में दो ग्रामीणों को भी गोली लगने की खबर है। ग्रामीणों के अनुसार पुलिसकर्मियों की ओर से की गई फायरिंग में बिरसा देवी और जतरु मुंडा घायल हो गए हैं। दोनों को इलाज के लिए पहले भरनो अस्पताल ले जाया गया था, जहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें रांची रेफर कर दिया शेष पेज 11 पर...

## इंडिया

# बदले बदले से माननीय नजर आते हैं ऑपरेशन सिंदूर की सच्चाई बताते हैं



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

पहलगाम में धर्म पूछकर 26 लोगों की हत्या के बाद देश की अंदरूनी स्थानीय राजनीति में हमेशा की तरह सबूत मांगने से लेकर बिहार में चुनाव ज़ीतने के लिए खुद हमला कराने तक के आरोप कुछ राजनीतिक पार्टियों ने लगाए जो चुनाव जीतने और जाति धर्म की राजनीतिक मजबूरी कही जा सकती है पर ऑपरेशन सिंदूर की सच्चाई से दुनिया को अवगत कराने विश्व के 33 देशों में कुल दस दिनों की यात्रा पर गए सांसदों ने अपने माननीय होने का मान रखा और राहुल गांधी जैसे नेताओं के द्वारा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को बदनाम करने की परंपरा के उलट भारत का पक्ष मजबूती से रख भारतीय सेना का मनोबल उंचा कर दिया । औपचारिक और अनौपचारिक चर्चा में भारत के सांसदों ने न सिर्फ संबंधित सरकारों बल्कि वहां के थिंक टैंक और बुद्धिजीवियों को हर पहलू पर भारत के विचारों से सहमत कराने की कोशिश की ।इसकी सफलता का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि जिस कोलंबिया ने पहले ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से सहानुभूति जताई थी उसने भी प्रतिनिधिमंडल के दौरे के बाद मन बदला और पिछला बयान वापस लेते हुए आतंकवाद पर भारत की सोच का समर्थन किया। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में टीम अमेरिका, कोलंबिया जैसे कुछ देशों में गई थी ।सांसदों और राजनयिकों के प्रतिनिधमंडल की वापसी आज से शुरू हो गई है । यह स्पष्ट दिखा कि अलग अलग दल से गए सांसद भी हर मुद्दे पर एकजुट थे, तब भी जब भारत में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की ओर से अपने ही सदस्यों पर तीखी टिप्पणी हो रही थी। ऐसे में इनकी वापसी के बाद




भी राजनीति में बयानबाजी बढ़ेगी। सूत्रों का कहना है कि संभवतः 9 मई को प्रधानमंत्री भी इन प्रतिनिधिमंडलों के साथ चर्चा करेंगे और फीडबैक लेंगे ।भारतीय जनता पार्टी के सांसद बैजयंत पांडा की अगुवाई वाला प्रतिनिधिमंडल स्वदेश लौट आया है जिसमें भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, फांगनोन कोन्याक, रेखा शर्मा, एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी, भाजपा सांसद सतनाम सिंह संधू और पूर्व भारतीय राजनयिक हर्षवर्धन श्रृंगला भी शामिल थे। दिल्ली में सतनाम सिंह संधू ने कहा कि हमलोग चार देश गए थे हमारे ग्रुप में सभी पार्टी सभी धर्मों के लोग थे। इस्लामी देशों में जाकर हमें 100 फीसदी सफलता मिली कि हमने भारत का पक्ष रखा ।सभी देशों ने हमारी बातें सुनीं। सारे देश आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस वाली बात से सहमत है। मुझे लगता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बहुत मजबूत हुआ है। भारत कभी पहले हमला नहीं करता पर अब सिर्फ प्रतिक्रिया करने वाला नहीं बल्कि प्रहार करने वाला देश है। प्रधानमंत्री जी ने स्पष्ट किया कि आतंकी हमले किसी हालत में बर्दाश्त नहीं होगा। पाकिस्तान परोक्ष युद्ध के साथ-साथ ड्रग्स का भी कारोबार कर आतंक के लिए इस्तेमाल कर रहा है ।आईएसआई का पैसा भी ड्रग्स और आतंक में इस्तेमाल होता है यह बात भी हमने सबको बताई। हमारे ग्रुप में मुसलमान नेता भी थे। ओवैसी और गुलाम नबी आजाद भी थे। उन्होंने यह तथ्य रखे कि पाकिस्तान से ज़्यादा मुसलमान भारत मे रहते हैं। पाकिस्तान जिस तरह विक्टिम कार्ड खेलते हैं उसे दुनिया समझ गई है, एक्सपोज़ हो गया है अलग थलग पड़ गया है। भाजपा के कटु आलोचक और मुस्लिम चेहरा मानेजानेवाले भारत का पक्ष निष्पक्षता से रखने वाले सांसद असदुद्दीन ओवैसी के बयान मीडिया में छाए हुए थे। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने दुनिया के सामने साफ किया है कि देश की सुरक्षा के मामले में भारत एकमत है। उन्होंने कहा कि हम यहां किसी दल के नहीं, बल्कि भारत के प्रतिनिधि बनकर आए हैं। सलमान खुर्शीद ने कहा कि 'हम सभी यहां इसलिए हैं क्योंकि हमारे राजनीतिक दलों ने हम पर भरोसा जताया और हमें भेजने का फैसला लिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार और विपक्ष में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन देश की रक्षा और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जैसे मामलों में सभी दलों की सोच एक जैसी है ।उन्होंने कहा कि 'अगर मतभेद हैं, तो उन्हें भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के भीतर उठाया जाना चाहिए, न कि वैश्विक मंचों पर।' 'भारत पहले' का भाव सर्वोपरि रहता है। जबकि भाजपा की आलोचक रहीं शिवसेना की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने विदेश में आतंकवाद पर पाकिस्तान को बुरी तरह धोया और कहा, ''हमने अभी थोड़े दिनों पहले ब्रिटेन के साथ एक फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया है, भारत फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की ओर देख रहा है, जबकि पाकिस्तान दुनिया भर में 'फ्री टेररिस्ट अरेंजमेंट व्यवस्था' के साथ आगे बढ़ रहा है। हर्मा पाक की इसी बात को उजागर करने की जरूरत है। हमने G-20 की सफलता पूर्वक बैठक की वही दूसरी तरफ पाकिस्तान I-20 कर रहा है दुनियाभर के जो सबसे बड़े 20 आतंकी हैं, वह सभी पाकिस्तान में हैं और वहां की सरकार उनको बढ़ा रही है, उनको बढ़ावा दे रही है यही पाक सरकार की नीति है।

## जय हिंद, जय हिंद की सेना

# भारत के वीर सपूतों को हार्दिक अभिनंदन, नमन




पद्मा मिश्रा, जमशेदपुर।

**मेरे** भारत के वीर सपूतों! मानवता के सजग प्रहरी! देश की सीमाओं के रक्षक! आज हृदय से आप का हार्दिक अभिनंदन, नमन समर्पित करती हूं। फूलों की धरती को रक्तरंजित करने वाले आतंकवाद को यह देश कभी माफ नहीं करेगा। हमने सुना था कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन यहां तो आतंकवाद धर्म के रास्ते ही चलकर आया था। मासूम पर्यटकों की निर्मम हत्या कर हमारी वीरांगनाओं की मांग से सिंदूर मिटाने वालों को, उनके अपवित्र अनैतिक इरादों को नष्ट करने के लिए हम सदैव साथ हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' को हम कभी असफल नहीं होने देंगे। हमारी सेना हमारा गर्व और स्वाभिमान है, हमारी अस्मिता व मानवता के रक्षकों को यह देश सदियों तक याद रखेगा। क्योंकि, द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका आज इतने वर्ष बाद भी मानवता के नाम पर कलंक बनी हुई है। आतंकवाद, संप्रदायवाद, जातीयता के घिनौने साये में पलती दुनिया में हम नहीं रहना चाहते। हमें शांति, अमन, सद्भावना का समाज चाहिए, इसलिए मानवता का आदर करें। यह कीमती है, इसे बचाएं। ताकि, देश-दुनिया और यह सुंदर पृथ्वी जिंदा बची रहे। जय भारत माता, जय हिंद, जय हिंद की सेना।

# एक माह से टूटा बिजली का खंभा बना खतरा

▶ स्थानीय लोगों के कई आवेदन के बावजूद विभाग नहीं ले रहा सुध, किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत अंतर्गत रेलवे ओवरब्रिज के पास मुख्य पथ पर पिछले एक माह से टूटा हुआ बिजली का खंभा लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है। 8 मई 2025 को स्थानीय नागरिकों ने जपला अवर प्रमंडल के सहायक अभियंता को ज्ञापन देकर खंभा बदलने की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि अज्ञात हाईवा वाहन के टक्कर मारने से खंभा क्षतिग्रस्त हुआ था। घटना के तुरंत बाद बिजली विभाग को सूचना दी गई थी, लेकिन विभाग की लापरवाही के कारण अब तक टूटा खंभा नहीं बदला गया है। इलाके में भीड़भाड़ रहने के कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि किसी प्रकार की दुर्घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह बिजली विभाग की होगी।

# गुप्त सूचना पर कार्रवाई: अवैध हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार, कट्टा, कारतूस व स्मार्टफोन जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** लेस्लीगंज थाना पुलिस ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अपराधियों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। यह सफलता पुलिस की सतर्कता, त्वरित कार्रवाई और मजबूत गुप्त सूचना तंत्र का नतीजा है। प्रेस वार्ता के दौरान थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि दोपहर लगभग 2 बजे उन्हें सूचना मिली कि ग्राम भकासी निवासी सुनील कुमार (22 वर्ष) संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त है और उसके पास अवैध हथियार है। संभावना जताई गई कि वह किसी गंभीर अपराध की तैयारी में है। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक, पलामू के निर्देश पर एक विशेष छापामारी दल गठित किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस जब सुनील के घर पहुंची तो वह भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। उसकी तलाशी में कमर से एक देशी कट्टा, 8 एमएम का एक लोडेड जिन्दा कारतूस और एक वनप्लस स्मार्टफोन बरामद हुआ। पूछताछ में सुनील ने खुलासा किया कि उसका साथी करण कुमार (22 वर्ष), निवासी चनैगिर, भी अवैध हथियार रखता है। इसके बाद पुलिस ने करण के घर पर छापा मारा, जहाँ एक बक्से में छिपाकर रखा गया एक देशी कट्टा और एक 8 एमएम का लोडेड कारतूस बरामद किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लेस्लीगंज थाना कांड संख्या 67/2025 के तहत भारतीय शस्त्र अधिनियम की धारा 25(1-बी)(ए)/26 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस छापेमारी दल में एसआई विक्रम शील, राजेश कुमार गोप, धीरेन्द्र कुमार, कुलदीप कुमार राम, श्रीनाथ खाखा एवं रेहान अहमद शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### बकरीद में सोशल मीडिया व सांप्रदायिक तत्वों पर रहेगी विशेष निगरानी : एसडीपीओ



**मोहम्मदगंज।** बकरीद को लेकर मोहम्मदगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मोहम्मद याकूब ने की। बैठक में उन्होंने सभी लोगों से पर्व को सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। एसडीपीओ ने कहा कि त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने या सांप्रदायिक तनाव फैलाने की किसी भी कोशिश पर कड़ी नजर रखी जाएगी। सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोई साजिश सफल नहीं होने दी जाएगी। बैठक में कुछ लोगों ने बालू की समस्या और वाहन चेकिंग को लेकर भी चर्चा की, जिस पर विचार करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में महेंद्र प्रसाद सिंह (सांसद प्रतिनिधि), जियाउद्दीन खान (20 सूत्री कार्यक्रम अध्यक्ष), पंचम खान, प्रमेन्द्र सिंह (पूर्व मुखिया), रामवचन बैठा (झामुमो प्रखंड अध्यक्ष), इबरार खान, नसीम खान, जावेद खान, परशुराम सिंह, मुख्तार अहमद, अशरफ खान, विनोद पासवान, डॉ. एजाज, सीबी रमन सिंह, नर्वदेश्वर सिंह (भाजपा नेता), उमेश राम (मुखिया) और समाजसेवी उदय कुमार सिंह सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।

### ईद-उल-जोहा को लेकर हुसैनाबाद में आज होगी शांति समिति की बैठक

**हुसैनाबाद।** बकरीद (ईद-उल-जोहा) को लेकर हुसैनाबाद थाना परिसर में 4 जून, बुधवार को शाम 4 बजे से शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर सोनू कुमार चौधरी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पर्व को शांति और सौहार्द के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से यह बैठक रखी गई है। बैठक में शांति समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। साथ ही स्थानीय विधायक प्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, उपप्रमुख, सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन व समाजसेवियों को सूचना देकर उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### बकरीद को लेकर चैनपुर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



**चैनपुर।** बकरीद पर्व को लेकर मंगलवार को चैनपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने की। बैठक में आगामी पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में बीडीओ प्रदीप कुमार दास ने कहा कि बकरीद त्याग और समर्पण का प्रतीक है, जिसे सभी समुदायों को मिलजुल कर आपसी भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैलने वाली अफवाहों से सतर्क रहने और किसी भी प्रकार की समस्या या सूचना को तुरंत प्रशासन तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन और पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने प्रशासन को त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल, प्रमुख पति ध्रुव कुमार गुप्ता, मुखिया विजय बैठा, अजमल अंसारी, अरविंद तिवारी, दीनानाथ मांझी, लालबहादुर भुइयां एवं सअनि सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### ईद-उल-जोहा को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

ईद-उल-जोहा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सीओ सह बीडीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने की, संचालन थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने किया। अधिकारियों ने लोगों से सहयोग की अपील की और किसी भी अफवाह की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देने को कहा। बैठक में दोनों समुदायों के दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो अभियान के तहत मुखिया और जलसहियाओं ने चलाया जागरूकता अभियान



**मोहम्मदगंज।** रामबांध पंचायत के तारा की जलसहिया प्रभावती देवी, बलडिहरी की शाहजहां बेगम, पंसा के पंचपोखरी की पूनम देवी, भजनियां के करडंडा और पिपराबांध गांव की कविता देवी व किरण देवी ने मंगलवार को 'चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो' कार्यक्रम के तहत मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर महिलाओं और किशोरियों ने ह्यरेड डॉट चैलेंजळ के तहत हाथों पर लाल बिंदी लगाकर माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को तोड़ने और समाज में जागरूकता लाने का संकल्प लिया। रामबांध पंचायत के मुखिया अबूनसर सिद्दीकी ने सोमवार को इस अभियान को सफल बनाने के लिए बैठक की थी, जिसमें उन्होंने ग्रामीण प्रतिनिधियों, सेविकाओं, जलसहियाओं और डीलरों को सक्रिय भागीदारी निभाने को कहा। ब्लॉक वाश कोऑर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने बताया कि बीडीओ रणवीर कुमार के निदेर्शानुसार यह अभियान पंचायत स्तर पर व्यापक रूप से संचालित किया जा रहा है, जिसमें किशोरियों के स्वास्थ्य के प्रति व्यवहार परिवर्तन और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास हो रहे हैं। बुधवार को लटपौरी और गोड़ाडीह पंचायत में भी यह कार्यक्रम संचालित किया जाएगा।

## हूलसी खुर्द में दो महीने से जल संकट, ग्रामीण परेशान



**नौडीहा बाजार।** शाहपुर पंचायत के हूलसी खुर्द गांव में दो महीने से जल मीनार खराब पड़ा है। कड़ी गर्मी में ग्रामीणों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। आदिवासी बहुल इस गांव की आबादी लगभग 500 है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद भी मरम्मत नहीं कराई गई है, जिससे विभाग की लापरवाही उजागर होती है।

# फ्यूजन फाइनेंस कंपनी के एजेंट से लूट के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** पुलिस ने फ्यूजन फाइनेंस कंपनी के सेल्समैन से हुई लूट के मामले में लादी गांव निवासी रोहित शर्मा, पिता सुदेश शर्मा को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। यह लूटपाट की घटना पिछले सप्ताह बुधवार की देर शाम लादी स्कूल के पास हुई थी, जिसमें सेल्समैन धर्मेंद्र विश्वकर्मा से 45 हजार रुपये लूट लिए गए थे। इस संबंध में गुरुवार को चैनपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि इस लूटकांड को 7झ8 की संख्या में अपराधियों ने अंजाम दिया था। मामले में पूर्व में एक अन्य आरोपी मुकेश ठाकुर, निवासी लादी को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जानकारी के अनुसार, छतरपुर के बगैया निवासी धर्मेंद्र विश्वकर्मा, जो वर्तमान में बारालोटा में रह रहे हैं, फ्यूजन फाइनेंस कंपनी में कार्यरत हैं और क्षेत्र में समूहों से कलेक्शन कर रहे थे। लादी क्षेत्र से कलेक्शन के बाद जैसे ही वह लादी स्कूल के पास पहुंचे, पहले से घात लगाए अपराधियों ने उन्हें रोका और मारपीट करते हुए 45 हजार रुपये लूट लिए। थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि मामले में शामिल अन्य अपराधियों की पहचान की जा चुकी है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# हनुमत मंदिर में भव्य कलश यात्रा, प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान प्रारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** नव निर्मित श्री हनुमत मंदिर, नावा खास डुरही में मंगलवार को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत भव्य कलश यात्रा निकाली गई। समाजसेवी रामदास साहू ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए जींजोई नदी तक पहुंची और पुनः यज्ञ मंडप में कलश स्थापना की गई। रामदास साहू ने अपने संबोधन में हनुमान जी के आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान किया। यज्ञ समिति के अनुसार, आगामी दिनों में विविध धार्मिक अनुष्ठान और भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

# जिप उपाध्यक्ष ने उपायुक्त को पुष्पगुच्छ देकर की शिष्टाचार मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सोमवार को पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष एवं युवा झामुमो नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने पलामू की नवपदस्थापित उपायुक्त समीरा एस से शिष्टाचार मुलाकात की। उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने उपायुक्त को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएँ दीं। उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में जिले का प्रशासनिक ढाँचा और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि नवपदस्थापित उपायुक्त समीरा एस आम जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम करेंगी। उपायुक्त समीरा एस ने इस सम्मान के लिए ज़िप उपाध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पलामू जिले के समग्र विकास और नागरिकों की समस्याओं के समाधान को लेकर वह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि योजनाओं को धरातल पर उतारने और सभी वर्गों तक लाभ पहुँचाने के लिए प्रशासन सजग और सक्रिय है।

## हैदरनगर में पेट्रोल पंप क्षेत्र का नामकरण 'उत्तम नगर' के रूप में किया गया

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर स्थित हाइस्कूल के समीप पेट्रोल पंप क्षेत्र का नामकरण अब ह्यउत्तम नगरळ के रूप में किया गया है। स्थानीय लोगों की पहल पर क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं वरिष्ठ समाजसेवी ललन सिंह की धर्मपत्नी स्वर्गीय उत्तम राज देवी के नाम पर यह नाम रखा गया है। मंगलवार को समाजसेवी विनोद कुमार सिंह और रफी अहमद ने बोर्ड का अनावरण कर नामकरण की औपचारिक घोषणा की। इससे पहले स्वर्गीय उत्तम राज देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में डॉ. अजय जयसवाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग, अनावाद भूमि पर मकान बनाने की शिकायत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र के रामनगर में सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। इस संबंध में समाजसेवी राम जन्म राम ने अंचल अधिकारी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत पहले भी तीन साल पूर्व की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

**क्या है मामला**

आवेदक के अनुसार, रामनगर गांव स्थित खाता संख्या-524, प्लॉट संख्या-1735 की जमीन झारखंड सरकार की अनावाद भूमि है, जो हल्का संख्या तीन के अंतर्गत आती है। यह भूमि वर्षों से गांव के बच्चों द्वारा खेल मैदान के रूप में उपयोग की जाती रही है। शिकायत में कहा गया है कि गांव के ही देवचंद राजवार और फूलचंद राजवार, पिता स्व. नन्हक राजवार, ने इस भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर मकान का निर्माण कर लिया है। जब ग्रामीणों द्वारा इस पर आपत्ति जताई जाती है तो उन्हें डराया-धमकाया जाता है और कहा जाता है कि ळजहां जाना है जाओ, निर्माण नहीं रुकेगा।ळ आवेदक ने यह भी बताया कि कब्जा करने वाले को अंचल कार्यालय भूमिहीन घोषित करता है, जबकि उनके नाम से खाता संख्या-241, प्लॉट संख्या-1473 की चार एकड़ तीन डिसमिल जमीन दर्ज है, जिसका लगान भी नियमित रूप से अदा किया जा रहा है। एक और गंभीर मामला इसी गांव में एक अन्य मामले में रैयती भूमि की प्लॉटिंग कर कई लोगों को भूमिहीन बताते हुए बासगीत पर्चा दिया गया है। यह भूमि खाता संख्या-227, प्लॉट संख्या-770 में दर्ज है, जिसके वास्तविक मालिकों के वंशज आज भी जीवित हैं। आवेदकों का कहना है कि उन्होंने बार-बार सीमांकन की मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उल्टे अब उन्हें न्यायालय जाने की सलाह दी जा रही है, जबकि वे आर्थिक असमर्थता के चलते ऐसा नहीं कर पा रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह भूमि विवाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और इसमें निष्पक्ष जांच तथा कार्रवाई की आवश्यकता है।

## हैदरनगर को नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग तेज

**हैदरनगर।** किसान पुत्र शक्ति मोर्चा ने उपायुक्त पलामू को आवेदन देकर हैदरनगर प्रखंड मुख्यालय को नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग की है। मोर्चा का कहना है कि हैदरनगर शहरी रूप में विकसित हो चुका है, जिसकी आबादी एक लाख से अधिक हो गई है। यहाँ दुकानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, रेलवे स्टेशन और धार्मिक स्थलों की भरमार है। प्रसिद्ध देवीधाम मंदिर में हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं, जिससे व्यापार में भी वृद्धि हुई है। ऐसी स्थिति में विधि-व्यवस्था के बेहतर प्रबंधन के लिए इसे नगर पंचायत घोषित किया जाना आवश्यक है।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत धावाडीह में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के धावाडीह स्थित केंद्र में मंगलवार को नशा मुक्त भारत अभियान एवं निषिद्ध मादक पदार्थों के विरोध में जागरूकता हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लेस्लीगंज एवं सतबरवा प्रखंड के सभी जेंडर सीआरपी और ओबी सदस्य उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर द्वारा किया गया, जिन्होंने नशे के प्रकार, उनके दुरुपयोग तथा व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही नशा उन्मूलन के लिए संभावित योजनाएं भी साझा की गईं। प्रशिक्षण सत्र के दौरान वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से नशे से होने वाली हानियों और कानूनी परिणामों को दशार्या गया। एनसीबी (नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो) की भूमिका तथा ठउ्रढर एक्ट 1985 की धारा 23 के तहत मादक पदार्थों की अवैध तस्करी पर लगने वाली सजा के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को 10 जून से 26 जून 2025 तक चलने वाले नशा विरोधी जनजागरूकता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने नशा से दूर रहने और समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ ली। इस अवसर पर प्रीति गुप्ता समेत कई महिला प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य उपस्थित थे।

# मोहम्मदगंज में मनरेगा कर्मचारी संघ की प्रखंड इकाई का पुनर्गठन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को मनरेगा कर्मियों की बैठक में मनरेगा कर्मचारी संघ की प्रखंड इकाई का पुनर्गठन किया गया। बैठक में जिला पर्यवेक्षक मणिशंकर मिश्रा की उपस्थिति में सर्वसम्मति से लेखा सहायक जगत प्रसाद मेहता को अध्यक्ष, नरेंद्र कुमार बैठा को उपाध्यक्ष, जनेश्वर राम को सचिव, समशाद अहमद कोषाध्यक्ष और संजय बैठा को मीडिया प्रभारी चुना गया। बैठक में राज्य व जिला संघ के निदेर्शानुसार कार्य करने की शपथ दिलाई गई और मनरेगा कर्मियों के हित में संगठित रूप से काम करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर कर्मी राजीव कुमार, उपेंद्र पासवान और राकेश कुमार भी मौजूद थे।

## बिना उपयोगिता के पंचायतों में कंक्रीट चेयर, नियमों की अनदेखी

**नावाबाजार।** प्रखंड में 15वें वित्त आयोग की राशि से पंचायतों में कंक्रीट चेयर लगाई जा रही हैं, जो न तो जन उपयोगी हैं और न ही टिकाऊ। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, योजनाओं की स्वीकृति बिना मापी पुस्तिका के दी जा रही है। प्रति यूनिट आठ कुर्सियों की लागत तय सीमा से थोड़ा कम दिखाकर भुगतान कराया जा रहा है। चेयरों की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं और बाजार मूल्य की तुलना में इनकी लागत बहुत अधिक दिखाई गई है। इससे पंचायतों में भ्रष्टाचार की आशंका गहराई है।

# परशुराम दल की झारखंड कार्यकारिणी समिति गठित



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के दरुआ गांव में परशुराम दल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन का विस्तार करते हुए झारखंड राज्य की कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगाधर शर्मा ने कहा कि यह संगठन ब्राह्मण समाज के अधिकार और सम्मान की रक्षा के लिए समर्पित है। उन्होंने अश्वनी तिवारी को झारखंड प्रदेश संयोजक नियुक्त किया, जो पिछले बीस वर्षों से समाजसेवा में सक्रिय हैं। शर्मा ने विश्वास जताया कि तिवारी अपने कार्यकुशलता और समर्पण से संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। पलामू जिले के लिए अविनाश तिवारी को जिला अध्यक्ष बनाया गया। शर्मा ने कहा कि अविनाश एक शिक्षित और ऊर्जावान युवा हैं, जो जिले में संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। बैठक में उपस्थित ब्राह्मण समाज के लोगों ने गंगाधर शर्मा को पटका पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अश्वनी तिवारी, अविनाश तिवारी, विकास दुबे, छोटू तिवारी, संजय मिश्रा, महावीर पाठक, शशिकांत पाठक, श्रीमहंत गोपाल राय सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।

## स्व. पत्रकार परमानंद चौधरी की दूसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

# पत्रकारिता व समाज सेवा दोनों क्षेत्रों में अतुलनीय योगदान देने वाले थे चौधरी जी : रामेश्वर राम



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** मंगलवार को स्थानीय ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, गणेशपुरी में वरिष्ठ पत्रकार स्व. परमानंद चौधरी की दूसरी पुण्यतिथि पर साहित्यिक संस्था ह्यमौसमळ के तत्वावधान में एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 11 बजे स्व. चौधरी के चित्र पर पुष्प अर्पण और श्रद्धांजलि के साथ हुई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं संस्था 'मौसम' के संरक्षक रामेश्वर राम उर्फ.छठन राम ने स्व. चौधरी को याद करते हुए कहा कि वे निर्भीक पत्रकार होने के साथ-साथ एक प्रखर सामाजिक कार्यकर्ता भी थे। वे मानव नवनिर्माण समिति (मानस) के अध्यक्ष के रूप में समाजसेवा को बराबरी का दर्जा देते थे। उन्होंने घोषणा की कि हर तीन साल पर 'पत्रकार परमानंद चौधरी स्मृति सम्मान' आयोजित किया जाएगा, जिसमें पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। संस्था 'मौसम' के अध्यक्ष विनोद सागर ने कहा कि चौधरी जी का संस्था से विशेष जुड़ाव था। उनके असामयिक निधन से समाज ने एक सजग प्रहरी और सच्चे जनप्रतिनिधि की आवाज को खो दिया है। संस्था के सचिव, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल के निदेशक एवं 'बदलता झारखंड' के स्थानीय संपादक मनोज कुमार प्रजापति ने कहा कि स्व. चौधरी ने 'दैनिक जागरण', 'दैनिक भास्कर' और 'खबर मंत्र' जैसे प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में गरीब, वंचित और पीड़ित वर्ग की आवाज को प्रमुखता दी। वरिष्ठ पत्रकार लक्ष्मी प्रसाद सिंह ने उन्हें 'कलम का एक प्रखर योद्धा' बताते हुए कहा कि उनका जाना समाज और पत्रकारिता जगत दोनों के लिए अपूरणीय क्षति है। कार्यक्रम में विकास कुमार, कृष्णा यादव, आदित्य शर्मा, शैलेश कुमार, विनय कुमार सिंह सहित संस्था 'मौसम' के अनेक सदस्य और क्षेत्रीय पत्रकारगण उपस्थित थे। सभी ने स्व. चौधरी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को याद किया।

# पलामू की 22 युवतियां तमिलनाडु की गारमेंट कंपनी में हुईं चयनित, रहने व खाने की सुविधा के साथ मिली नौकरी

- दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्या योजना के तहत त्रिची स्थित कलर जर्सी कंपनी में कार्य का मिला अवसर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्या योजना के तहत जिले की 22 युवतियों को रोजगार मेले में चयनित होने के बाद मंगलवार को तमिलनाडु के त्रिची स्थित कलर जर्सी गारमेंट निर्माता कंपनी में भेजा गया। यह अवसर उनके लिए रोजगार के साथ आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कंपनी के परिसर में ही सभी चयनित युवतियों को रहने और खाने की सुविधा के साथ नौकरी प्रदान की गई है, जिससे वे एक सुरक्षित और समर्थ वातावरण में कार्य कर सकेंगी।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता केरकेट्टा ने सभी लड़कियों को नौकरी की जिम्मेदारियों और राज्य के बाहर रहकर आने वाली संभावित चुनौतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इस कार्यक्रम में कंपनी के सहायक प्रबंधक सागर दास, जिला प्रबंधक और जिला समन्वयक भी उपस्थित थे, जिन्होंने चयनित युवतियों को प्रोत्साहित किया और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

# डीआईजी ने आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा से की शिष्टाचार भेंट

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** डीआईजी नौशाद आलम अंसारी ने आज पलामू प्रमंडल के आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा से शिष्टाचार मुलाकात की। यह भेंट सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें विधि-व्यवस्था सहित विभिन्न प्रशासनिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर डीआईजी ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए उठाए गए कदमों, निगरानी व्यवस्था, तथा पुलिस की गतिविधियों की जानकारी साझा की। साथ ही, अपराध नियंत्रण, सामुदायिक भागीदारी और आधुनिक तकनीक के उपयोग जैसे विषयों पर भी दोनों अधिकारियों के बीच सार्थक संवाद हुआ।

आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा ने क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और बेहतर समन्वय से कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया।

**उप विकास आयुक्त ने कुलपति से की शिष्टाचार भेंट**

# जलवायु परिवर्तन सहित कई मुद्दों पर हुआ विमर्श



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने मंगलवार को नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने पलामू जिले में जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण, भूमिगत जल स्त्रोतों की स्थिरता, वर्षा जल संचयन (रेनवाटर हार्वेस्टिंग), सड़क जल संचयन (रोड वाटर हार्वेस्टिंग), सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और पेयजल संकट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कुलपति से विस्तार से विमर्श किया।

उप विकास आयुक्त ने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय के मैनेजमेंट विभाग के विद्यार्थियों से इन समस्याओं के समाधान पर केंद्रित प्रोजेक्ट तैयार करवाया जाए, ताकि स्थानीय स्तर पर व्यवहारिक और प्रभावी समाधान विकसित किए जा सकें। उन्होंने विश्वविद्यालय को इन विषयों पर अकादमिक सहयोग के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि जिले की विकास योजनाओं में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

कुलपति ने इस दिशा में विश्वविद्यालय की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर शहर में निकली जागरूकता रैली, प्लास्टिक जब्त कर दी गई चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मंगलवार को मेदिनीनगर नगर निगम, वन प्रमंडल पलामू और लायंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शहर में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। छः मुहान चौक से डाबर रोड, पंचमुहान चौक, बीच बाजार कुआं होते हुए विष्णु मंदिर रोड और लीच बिल्डिंग तक रैली निकाली गई। इस दौरान नगर निगम, वन विभाग और लायंस क्लब के पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ-साथ स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों को प्लास्टिक उपयोग नहीं करने के लिए प्रेरित किया गया। फुटपाथी दुकानदारों और व्यवसायियों से प्लास्टिक जब्त की गई और भविष्य में इसके उपयोग पर सख्त चेतावनी दी गई। अभियान के दौरान लोगों को कपड़े के थैले उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। नगर आयुक्त और डीएफओ के दिशा-निर्देश में यह अभियान चलाया गया। इसी क्रम में 4 जून को सुबह 6 बजे स्टेशन रोड और चर्च रोड से गांधी मैदान तक वॉकथॉन का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में नगर निगम और वन विभाग के पदाधिकारी व कर्मी, लायंस क्लब के सदस्य, स्केटिंग करने वाले बच्चे और विभिन्न स्कूलों के छात्र भाग लेंगे।

# युगल किशोर पांडेय समाजसेवा व सादगी के प्रतीक थे : हृदयानंद मिश्र

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य हृदयानंद मिश्र ने पूर्व विधायक युगल किशोर पांडेय के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने उन्हें एक प्रतिभाशाली, सरल और जनप्रिय व्यक्तित्व बताया, जो समाजसेवा को समर्पित थे। मिश्र ने बताया कि इंजीनियरिंग की डिग्री लेने के बाद युगल किशोर पांडेय ने नौकरी छोड़कर जे. के. कंस्ट्रक्शन की स्थापना की और एकीकृत बिहार के प्रतिष्ठित ठेकेदार बने। बाद में अपने श्वसुर, स्वतंत्रता सेनानी पंडित जगनारायण पाठक के कहने पर उन्होंने व्यवसाय त्याग कर राजनीति में प्रवेश किया और 1980 में गढ़वा से विधायक बने। गढ़वा जिला बनने के बाद वे जिला कांग्रेस कमेटी के प्रथम अध्यक्ष बने और संगठन को नई दिशा दी। हृदयानंद मिश्र ने बताया कि वे खुद उस समय पलामू जिला कांग्रेस के महासचिव थे और युगल पांडेय ने उन्हें सदैव अनुज मानते हुए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि युगल किशोर पांडेय की स्मृति सदैव झारखंडवासियों के दिलों में जीवित रहेगी।

# वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने तीसरी वर्षगाठ समाजसेवा के संकल्प के साथ मनाई

- बिना सरकारी सहायता के समाजहित में कार्य कर रही ट्रस्ट टीम को अतिथियों ने किया सम्मानित, देशभक्ति गीतों और नृत्य ने मोहा मन

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** स्थानीय रेलवे परिसर में सोमवार को वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की तीसरी वर्षगांठ उत्साह और समाजसेवा के संकल्प के साथ मनाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उपमहापौर मंगल सिंह शामिल हुए, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में संत मरियम स्कूल के निदेशक अविनाश देव और ग्रीन वैली स्कूल के निदेशक प्रदीप उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य मन्नत सिंह बग्गा और सचिव शर्मिला वर्मा ने संयुक्त रूप से की। अतिथियों का स्वागत तिलक, पुष्पगुच्छ और शॉल भेंट कर सम्मानपूर्वक किया गया।

ट्रस्ट की सचिव शर्मिला वर्मा ने बीते तीन वर्षों में किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, फ्री भोजन वितरण, रोड सेफ्टी अवेयरनेस, सेनेटरी पैड वितरण और मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

इसके बाद बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। कार्यक्रम में ट्रस्ट के सभी सदस्यों को अतिथियों द्वारा मोमेंटो और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि मंगल सिंह ने संस्था के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बिना सरकारी सहायता के अपनी जेब से पैसा खर्च कर समाज के लिए काम करना प्रशंसनीय है। मैं भविष्य में ट्रस्ट को हरसंभव सहयोग दूंगा।

विशिष्ट अतिथि अविनाश देव ने ट्रस्ट की सचिव के बारे में कहा कि जहां आज की महिलाएं घर की दहलीज लांघने से भी हिचकिचाती हैं, वहीं शर्मिला वर्मा समाज में बेझिझक हर क्षेत्र में मिसाल पेश कर रही हैं। ग्रीन वैली स्कूल के प्रदीप ने कहा कि जो लोग संसाधनों की कमी का रोना रोते हैं, उन्हें ट्रस्ट की महिला शक्ति से प्रेरणा लेनी चाहिए कि बिना संसाधन भी बड़े कार्य किए जा सकते हैं।

सोनी पंडित ने भी कार्यक्रम में अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी यदुवंश सहाय के पौत्र सुधीर सहाय, शिक्षक संजय सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता डॉली सिंह, हर्षलीन कौर, मानवाधिकार परिषद की अध्यक्ष संध्या सिंह, शीला कुमारी, चुन्नू जी, विवेक वर्मा, सुभाष शर्मा एडवोकेट, और संस्था के सदस्य मयूरेश द्विवेदी, राखी सोनी, संध्या अग्रवाल, कंचन गुप्ता, खुश्बू शर्मा, आशुतोष कुमार सिंह, शुभम बिहारी, लक्ष्य श्रेष्ठ, सौभाग्य सृजन, पाली कौर, ज्योति अग्रवाल, राधिका, सुमन कुमारी, चांदनी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

**बकरीद को लेकर सतबरवा थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न**

# प्रशासन ने की शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील, अफवाहों से बचने की दी सलाह

**सतबरवा (पलामू)।** आगामी बकरीद (ईद-उल-जोहा) पर्व को लेकर मंगलवार को सतबरवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ सह बीडीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने की, जबकि संचालन थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ सह बीडीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने कहा कि त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, जिसमें आम लोगों की सहभागिता भी आवश्यक है। उन्होंने सभी से सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की। थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने कहा कि यदि किसी तरह की अफवाह या असामाजिक गतिविधि नजर आए, तो तत्काल पुलिस को सूचना दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। बैठक में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बताया कि ईद की नमाज सुबह 8 बजे से 9 बजे के बीच अदा की जाएगी और सभी से शांति एवं भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई।

**दोनों समुदायों की सहभागिता :** बैठक में दोनों समुदायों के प्रमुख लोग एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें उप प्रमुख कमाख्या नारायण यादव, सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, भाजपा अजजा प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम, अरविंद सिंह चेरो, विनय सिंह, आनंद सिंह, संतोष प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, संदीप प्रसाद, मो. जलील अंसारी, जुमैर आलम, मंसूर मियां, बाबर खान, एसआई सुबोध कुमार, बसंत महतो, गामा प्रसाद सिंह समेत दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पर्यटन स्थल भीमचूल्हा में 63 केवीए ट्रांसफार्मर लगा, रोशनी से नहाया मंदिर व पार्क परिसर



- पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम, पूर्व विधायक की घोषणा हुई पूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज (पलामू)।** एतिहासिक और धार्मिक महत्व के पर्यटक स्थल भीमचूल्हा में अब बिजली की रौशनी से मंदिर और पार्क परिसर जगमगाने लगा है। मंगलवार की देर शाम 63 केवीए क्षमता वाले ट्रांसफार्मर को मुख्य लाइन से जोड़कर चालू कर दिया गया, जिससे पूरे परिसर में उजाला फैल गया।

पुजारी सह गाइड गंगा तिवारी ने बताया कि यह कार्य जिला पर्यटन संवर्धन योजना के तहत कराया गया है, जिसमें 6 प्रमुख स्थलों पर दूधिया हेलोजन लाइटें लगाई गई हैं। इससे मंदिर और पार्क परिसर में आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक अब रात्रि में भी सुलभता से भ्रमण कर सकेंगे।

**पर्यटन के लिए नया उजाला**

स्थानीय लोगों और प्रशासन का मानना है कि रोशनी की यह सुविधा पर्यटकों को आकर्षित करेगी और रात्रिकालीन पर्यटन को बढ़ावा देगी। इसके साथ ही, रोशनी से सुरक्षा व्यवस्था भी बेहतर होगी और मंदिर परिसर का सौंदर्य भी निखरेगा। सिंचाई सुविधा के लिए भी यह बिजली व्यवस्था सहायक होगी। गौरतलब है कि पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान इस स्थल के सौंदर्यीकरण और विकास की घोषणा की थी, जिसे अब अमल में लाया गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने प्रशासन के इस कदम का स्वागत किया है।

# 15वें वित्त आयोग की योजनाओं की समीक्षा बैठक, वित्तीय अनुशासन पर दिया गया जोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में मंगलवार को डीआरडीए सभागार में 15वें वित्त आयोग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं की प्रगति, व्यय की पारदर्शिता और कार्यान्वयन की गुणवत्ता की गहन समीक्षा की गई।

उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक योजना से संबंधित फोटोग्राफ सुरक्षित रखें और निर्धारित पंजी में योजनाओं का समुचित संधारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पिछली बैठक में सभी प्रखंड समन्वयकों को खर्च की गई राशि की रिपोर्ट पंचायती राज विभाग के डीपीएम को नियमित रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था, जिसकी अनुपालना सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने रॉयल्टी राशि समय पर जमा करने की आवश्यकता पर बल देते हुए स्पष्ट किया कि इसमें देरी को वित्तीय अनियमितता माना जाएगा। बैठक में यह भी पाया गया कि कुछ योजनाओं में निधि को तय मद के बजाय अन्य मदों में व्यय किया गया है, जिसे गंभीर लापरवाही मानते हुए भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के निर्देश दिए गए।

बैठक में उन पंचायतों की भी समीक्षा की गई जहाँ पंचायत समिति की राशि खर्च नहीं हुई है। ऐसे मामलों में संबंधित ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों से स्पष्टीकरण मांगा गया। तरहसी प्रखंड में प्रमुख की शक्ति जब्त रहने के कारण उप प्रमुख को राशि व्यय की जिम्मेदारी सौंपी गई।

सभी ब्लॉक समन्वयकों को वर्ष में कम से कम 8 से 12 बैठकें आयोजित करने का निर्देश भी दिया गया, ताकि योजनाओं की निगरानी सशक्त हो सके।

बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, डीआरडीए निदेशक, डीपीएम, प्रखंड प्रमुख एवं सभी प्रखंड कोऑर्डिनेटर उपस्थित थे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत बांसडीह व सरजवान गांव में कृषि वैज्ञानिकों ने किया किसानों से सीधा संवाद

- खरीफ पूर्व सघन कृषि संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत आधुनिक तकनीक, प्राकृतिक खेती, जलवायु अनुकूलन व डेयरी विकास पर दी गई विस्तृत जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार एवं केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयास से चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आज छठे दिन कृषि विज्ञान केंद्र पलामू, जिला कृषि विभाग तथा इससे जुड़े सभी विभागों की टीमों ने पाकी प्रखंड के बांसडीह और सरजवान गांवों का दौरा किया। इस दौरान गांव-गांव जाकर किसानों को खरीफ फसलों की नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के तहत खरीफ पूर्व सघन कृषि संवाद अभियान को खेती और पोषण सुरक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर बताया गया। वैज्ञानिकों ने बताया कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा राज्य सरकार की पहल है, जिसका उद्देश्य आधुनिक कृषि तकनीकों को किसानों तक पहुँचाना है। यह कार्यक्रम 29 मई से 12 जून 2025 तक चलाया जाएगा।

बांसडीह गांव में आयोजित संवाद कार्यक्रम में किसानों को खरीफ फसलों, सब्ज़ी उत्पादन, सिंचाई के नवीनतम साधनों, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के उपाय, कीट एवं रोग प्रबंधन, ऑर्गेनिक फार्मिंग, और उर्वरक प्रबंधन जैसे विषयों पर गहन जानकारी दी गई।

कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ. अशोक कुमार सिंह ने मिट्टी की जांच और उर्वरक प्रबंधन पर व्यावहारिक जानकारी दी। चियांकी क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक प्रमोद कुमार ने हल्दी, ज्वार, बाजरा और मुर्गा पालन की संभावनाओं पर विस्तार से बताया। गव्य विकास पदाधिकारी सुरेश कुमार ने डेयरी फार्मिंग को ग्रामीण आय का एक प्रभावी स्त्रोत बताते हुए इसके व्यावसायिक पहलुओं पर चर्चा की।

कार्यक्रम में एमपी प्रतिनिधि ललित कुमार मेहता ने किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ने की अपील की। पंचायत समिति सदस्य श्यामनंदन ओझा ने सरकार की योजनाओं का लाभ लेने का तरीका बताया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी जयप्रकाश राम ने बीज वितरण से लेकर तकनीकी मार्गदर्शन तक की योजनाओं की जानकारी दी। जिला स्तरीय प्रतिनिधि सुनील कुमार चौधरी, निलेश कुमार, श्याम सिंह आदि ने भी किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

महिला किसानों की भागीदारी पर ज़ोर देते हुए वार्ड सदस्य गीता देवी ने कहा कि महिलाओं को भी अब कृषि के क्षेत्र में आगे आकर नेतृत्व करना चाहिए। उप मुखिया प्रेम मुरन ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के बाद वैज्ञानिकों की टीम ने सरजवान और बुढी गांव में भी इसी तरह के संवाद कार्यक्रम आयोजित किए। बांसडीह गांव में इस अवसर पर 100 से अधिक किसान उपस्थित थे, जिन्होंने यह संकल्प लिया कि वे नवीनतम तकनीक अपनाकर अपनी कृषि को लाभप्रद बनाएंगे।

# हासनदाग गांव में नहर पर बना पुल ध्वस्त, हाइवा नहर में समाया



भारी वाहन के दबाव से टूटा पुल, ग्रामीणों का आवागमन बाधित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हासनदाग गांव में मंगलवार की सुबह एक गंभीर हादसा उस वक्त हुआ, जब कदंमी चौक के पास नहर पर बना पुराना पुल भारी वाहन के दबाव से पूरी तरह ध्वस्त हो गया। छत्तीसगढ़ से गिट्टी लेकर आए एक हाईवा ट्रक के जबरन पार करने के दौरान यह हादसा हुआ। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन ट्रक नहर में समा गया और पुल के पूरी तरह टूट जाने से गांव के सैकड़ों लोगों का आवागमन ठप हो गया। जैसे ही हाईवा पुल पर चढ़ी, उसका भार नहर पुलिया सह नहीं सकी और पुल बीच से टूट गया। देखते ही देखते ट्रक सीधे नहर में जा गिरा। चालक और खलासी किसी तरह निकलकर जान बचाने में सफल रहे। ट्रक के नहर में गिरते ही गांव में हड़कंप मच गया और लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। हादसे के बाद ट्रक मालिक ने जेसीबी और हाइड्रा मशीन बुलवाकर तत्काल ट्रक को नहर से निकालने की कोशिश की। ट्रक को किसी तरह बाहर निकालने के बाद वह मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह विभागीय मिलीभगत का मामला हो सकता है, क्योंकि मौके पर प्रशासनिक निगरानी नहीं थी। सूचना मिलते ही नहर विभाग के कनिष्ठ अभियंता (जेई) घटनास्थल पर पहुंचे और मुआयना किया। उन्होंने ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली और पुल की स्थिति का आंकलन किया। फिलहाल नहर विभाग की ओर से कोई मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द वैकल्पिक पुल का निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को आवागमन में सहूलियत मिल सके। साथ ही, पुल ध्वस्त करने के लिए जिम्मेदार ट्रक मालिक पर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही न हो।

### स्थानीय चेतावनी को किया नजरअंदाज

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हाईवा ट्रक (नंबर: यूपी 64 बीटी 4443) का मालिक आशीष चौधरी, निवासी गेरुआ, बिछियादामर बताया गया है। ट्रक पर छत्तीसगढ़ से गिट्टी लदी थी और उसे हासनदाग गांव लाया जा रहा था। गांव के नहर पर बना छोटा पुल वर्षों पुराना और संकरा था। जब ट्रक वहां पहुंचा, तो स्थानीय ग्रामीणों ने भारी वाहन पार करने से मना किया और चेताया कि पुलिया इतनी क्षमता नहीं रखती। हालांकि, वाहन मालिक ने चेतावनियों को दरकिनार करते हुए चालक बबलू पासवान को जबरन पुल पार करने को कहा। ग्रामीणों के अनुसार, मालिक ने कहा, "कितनी गाड़ियां पहले पार हुई हैं, कुछ नहीं हुआ। यदि पुल टूट गया तो नहर विभाग से निपट लेंगे।

### ग्रामीणों में आक्रोश, ट्रक मालिक पर फूटा गुस्सा

घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक मालिक और चालक पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि बार-बार मना करने के बावजूद जबरन पुल पार करने का प्रयास किया गया। इससे गांव के आमजनों को अब गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ेगा। पुल टूटने के कारण बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और मजदूरों का आना-जाना पूरी तरह ठप हो गया है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** थाना क्षेत्र के सोनपुरा गांव में बीते 30 मई की रात हुए सड़क हादसे में 37 वर्षीय संजय राम की मौत हो गई। मृतक के पिता रामगहन राम ने कांडी थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की है। जानकारी के अनुसार, संजय राम रात में शौच से लौट रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल (संख्या खल 14 ख 9435) ने उन्हें टक्कर मार दी। बाइक चला रहे व्यक्ति की पहचान महेंद्र कुमार साव, ग्राम करकट्टा, थाना मझिआंव, जिला गढ़वा के रूप में हुई है। बताया गया कि बाइक पर तीन लोग सवार थे और तेज गति में लापरवाहीपूर्वक वाहन चला रहे थे। टक्कर के बाद संजय राम गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें माझिआंव सीएचसी से गढ़वा सदर अस्पताल और फिर मेदिनीनगर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवार दो युवक घटनास्थल से भाग गए, जबकि चालक कुछ देर साथ रहा, लेकिन बाद में गढ़वा में वह भी फरार हो गया। पुलिस ने मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया है। कांडी थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि मामले में थाना कांड संख्या 49/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार



**भंडरिया।** सोमवार को बिजका गांव में जंगल में बकरी चराने गई 45 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया। आरोपी शिवप्रसाद सिंह ने महिला और उसके साथ गई अन्य महिलाओं को धमकाया। पीड़िता के बयान पर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## गैस सिलेंडर से आग लगने पर युवक झुलसा



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** खरौंधी निवासी शिवकुमार प्रजापति मंगलवार को गैस सिलेंडर में आग लगने से गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद उसे तत्काल भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर अनुपमा कुमारी ने प्राथमिक उपचार किया। शिवकुमार ने बताया कि दोपहर में घर में कोई नहीं था। वह मजदूरी से लौटकर खाना बनाने के लिए गैस सिलेंडर चालू कर रहा था, लेकिन गैस नहीं निकल रही थी। जांच के दौरान जैसे ही उसने माचिस जलाया, सिलेंडर में आग लग गई। आग से उसके शरीर के कई हिस्से झुलस गए। गनीमत रही कि उस समय उसने ऊपर कोई कपड़ा नहीं पहना था, जिससे और अधिक नुकसान होने से बच गया।

## एक नजर

### पशुपालन विभाग ने बरसात के मद्देनजर शुरू किया टीकाकरण अभियान

**केतार।** बरसात में पशुओं को बीमारियों से बचाने के लिए बेलाबार गांव में पशुपालन विभाग ने एफएमडी और एलएसडी का टीकाकरण अभियान शुरू किया। मंगलवार को 200 मवेशियों को टीका दिया गया। इस अभियान में राजकिशोर सिंह, राहुल पासवान, कामता प्रजापति सहित कई कर्मी शामिल थे। बुधवार को यह अभियान मुकुंदपुर और सिंहपुर में जारी रहेगा।

### केतार में सड़क हादसे में 15 वर्षीय किशोर की मौत

**केतार।** सोमवार की रात पचाडूमर गांव के परती कुशवानी मोड़ पर तेज रफ्तार बाइक से गिरकर 15 वर्षीय गोलू चौहान की मौत हो गई। उसने राहगीर जोखन मेहता को टक्कर मारी और खुद सड़क पर गिरकर घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे भवनाथपुर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### चिनियां थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**चिनियां।** बकरीद को लेकर थाना परिसर में मंगलवार को थाना प्रभारी अमित कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में अंचल अधिकारी उमेश्वर यादव, राजस्व कर्मचारी विनोद दुबे सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे। सभी ने सौहार्द और भाईचारे के साथ पर्व मनाने का संकल्प लिया। थाना प्रभारी ने अफवाहों से सावधान रहने और सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने की अपील की।

### बकरीद को लेकर हुई बैठक, अफवाहों से दूर रहकर शांतिपूर्वक पर्व मनाने की अपील

**केतार।** केतार थाना परिसर में मंगलवार को बीडीओ प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रशासन की नजर है। अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। बैठक में एएसआई चंदन कुमार, प्रमुख चंद्रावती देवी, मुखिया मूंगा साह सहित कई प्रतिनिधि मौजूद थे।

## एनएच-343 पर पिकअप ने बाइक सवार को मारी टक्कर, चालक गंभीर रूप से घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** मंगलवार सुबह 9 बजे एनएच-343 लरकोरिया मुख्य मार्ग पर एक पिकअप वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति सरवन यादव, निवासी 22 प्लॉट, एलएनटी कंपनी दमारन में कार्यरत हैं। जानकारी के अनुसार टमाटर लदा पिकअप रामानुजगंज की ओर से आ रहा था, जिसने तेज रफ्तार में आकर बाइक को टक्कर मारी। सरवन उछलकर पिकअप के बोनट पर गिर गए और बाइक पिकअप में फंस गई। चालक बाइक को करीब एक किलोमीटर तक घसीटते हुए ले गया, लेकिन ग्रामीणों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। घायल को 108 एंबुलेंस से रंका सीएचसी भेजा गया है।

## नशे में धुत दूल्हा पूरी रात सोता रहा, होश आने पर लड़की ने किया शादी से इनकार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** बरदारी गांव में रविवार को आयोजित एक शादी समारोह उस समय विवादों में घिर गया जब विवाह करने आए दूल्हे की हरकतों से लड़की ने शादी करने से इनकार कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चैनपुर निमिया से आए देवव्रत कुमार रवि (पुत्र- चंद्र देव राम) की शादी रंका प्रखंड के बरदारी गांव में तय थी। समारोह की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई थीं, लेकिन जब लड़की पक्ष की ओर से दूल्हे को परीक्षण के लिए बुलाया गया, तो वह नशे की हालत में बेसुध था और बार-बार यही कह रहा था कि वह कहाँ आया है, उसे कुछ पता नहीं। दूल्हा रात भर नशे में ही सोता रहा। सुबह 10 बजे होश में आने के बाद वह शादी के लिए तैयार हुआ, लेकिन लड़की ने साफ इनकार कर दिया। लड़की ने स्पष्ट कहा कि वह किसी नशेड़ी युवक से विवाह नहीं करेगी। साथ ही, लड़की पक्ष द्वारा दिए गए सभी दहेज सामग्रियों को लौटाने की मांग की गई। इस विवाद को लेकर गांव में बैठक भी की गई जिसमें दहेज वापसी को लेकर चर्चा हुई।

### पूर्व विधायक युगल किशोर पांडेय के निधन पर कांग्रेस सेवा दल ने जताया शोक

**श्री बंशीधर नगर।** पूर्व विधायक और सुरत पांडेय डिग्री कॉलेज के संस्थापक युगल किशोर पांडेय के निधन पर कांग्रेस सेवा दल के जिला मुख्य संगठक ईश्वरी चौधरी ने गहरा शोक प्रकट किया। उन्होंने कहा कि स्व. पांडेय एक मिलनसार और हंसमुख व्यक्तित्व के धनी थे, जो समाज के हर वर्ग के साथ खड़े रहते थे।

## धुरकी में आंगनबाड़ी केंद्र की बदहाल व्यवस्था बच्चे दूषित कुएं का पानी पीने को विवश



**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** प्रखंड मुख्यालय के समीप स्थित आंगनबाड़ी केंद्र कोड संख्या 01 की स्थिति अत्यंत जर्जर है। सेविका लीला देवी एवं सहायिका जिलेबनी देवी सहित ग्रामीणों ने बताया कि केंद्र में दो पुराने चापाकल हैं लेकिन वे कुछ ही बाल्टी पानी देते हैं, जिससे बाकी कार्यों के लिए बच्चों को बगल के कुएं का दूषित पानी पीना पड़ता है। वहीं, जलमीनार भी अनुपयोगी बना हुआ है। बच्चे जर्जर भवन में पढ़ाई करते हैं और शौचालय भी अनुपयोगी अवस्था में पड़ा है। सेविका द्वारा इन समस्याओं को लेकर वरीय अधिकारियों को सूचना दी गई है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है।

## तैबा हॉस्पिटल में फेफड़ों की जांच हेतु 18वां निःशुल्क पीएफटी कैंप आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** डॉ. यासीन फाउंडेशन के तत्वावधान में मंगलवार को तैबा हॉस्पिटल, मदरसा रोड में पीएफटी जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 90 मरीजों की जांच की गई। यह शिविर हर माह आयोजित होता है। डॉ. माहेरू यामानी और डॉ. अरशद अंसारी ने बताया कि पीएफटी जांच अस्थमा, सीओपीडी व फाइब्रोसिस जैसी फेफड़ों की बीमारियों के निदान में मदद करता है। मौके पर अवधेश राम, परवीन सबा, सुमन कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### मझिआंव थाना में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक, सुरक्षा व्यवस्था पर जोर

**मझिआंव।** बकरीद पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर मझिआंव थाना परिसर में बीडीओ श्रीमती कनक की अध्यक्षता में बैठक हुई। एसआई नसीम अंसारी ने कहा कि किसी भी अफवाह से सावधान रहें और प्रशासन को सूचना दें। संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी, मोबाइल पेट्रोलिंग और बल तैनात किया जाएगा। बैठक में समाजसेवी, थाना स्टाफ और शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### आगामी बकरीद को लेकर रमना थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

## ग्रामीणों ने मिलकर पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को लेकर मंगलवार की शाम रमना थाना परिसर स्थित स्वागत कक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास पांडेय ने की, जबकि संचालन झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर मेहता ने किया। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और समाजसेवियों ने बकरीद पर्व को शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। इस अवसर पर रमना प्रखंड सदर नसीरुद्दीन अंसारी ने पर्व के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बकरीद कुर्बानी और समर्पण का प्रतीक है, जिसका इतिहास लगभग 1400 वर्ष पुराना है। उन्होंने कहा कि यह पर्व अल्लाह की राह में सबसे प्रिय वस्तु की कुर्बानी की मिसाल पेश करता है, जिसे आज भी सम्पन्न लोग अपने सामर्थ्य के अनुसार निभाते हैं। सीओ सह बीडीओ विकास पांडेय ने कहा कि पर्व को लेकर किसी भी तरह की अफवाह से बचें और कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी आकाश कुमार ने कहा कि बकरीद को लेकर सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्य है, और अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि पंकज सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, भागोडीह के मुखिया पति शैलेन्द्र कुमार सिंह, सिलीदाग की मुखिया अनीता देवी, बहियार खुर्द के सदर नूरुद्दीन अंसारी, टंडवा के सदर गुलाम अली, मुना सिंह, राकेश सिंह, गुलाम रसूल, मुख्तार अंसारी, राजेश कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

### बकरीद को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील



**भवनाथपुर।** बकरीद पर्व को सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर मंगलवार को भवनाथपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख शोभा देवी और अंचलाधिकारी शंभू राम ने संयुक्त रूप से की। बैठक में विभिन्न हिन्दू संगठन और मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। थाना प्रभारी रजनी रंजन ने कहा कि बकरीद पर असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है और लगातार लोगों से संवाद कर शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में अफवाह फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी और भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसआई परवेज आलम, दिनेश सिंह, नारायण प्रसाद, उपेंद्र राम, भवनाथपुर पंचायत की मुखिया बेबी देवी, मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, वरुण बिहारी यादव, प्यारे मोहम्मद, प्रदीप गुप्ता, रहीम अंसारी, जमरूद्दीन अंसारी, शफीक अंसारी, शंभू सेठ, हरिदास सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

### गंगा दशहरा पर होगा भव्य गंगा आरती आयोजन

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित दानरो नदी के तट पर 5 जून को गंगा दशहरा के पावन अवसर पर एक भव्य गंगा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन एकल अभियान गढ़वा अंचल के तत्वावधान में किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन का मकसद जनमानस को आध्यात्मिक चेतना से जोड़ना और नदियों के संरक्षण के प्रति जागरुकता और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश देना है। यह जानकारी संगठन के कार्यककारी अध्यक्ष डॉ पातंजलि केशरी ने दी। उन्होंने बताया कि भव्य कार्यक्रम में संगठन के व्यास कथाकार भी अपनी प्रस्तुति देकर जनसमूह को धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को संगठन के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उसकी अध्यक्षता संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. पतंजलि ने की। डॉ. केशरी ने बैठक में बताया कि गंगा आरती कार्यक्रम गढ़वा शहर के लिए एक अनोखी पहल है जो न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय सरोकारों को भी उजागर करता है।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कायपालक पदाधिकारी, लोहरदगा**

**शुद्धि पत्र**

PR 351730 Lohardaga(25-26).D द्वारा प्रकाशित जाल/हापा की अति अल्पकालीन निविदा खोलने के अनुदेश (आवश्यक शर्तों) में आपूर्तिकर्त्ता को सरकारी क्षेत्र में मत्स्य बीज उत्पादकों को जाल/हापा आपूर्ति करने हेतु पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन में कंडिका 11 को विलोपित किया जाता है। तथा जाल/हापा की शेष कंडिका यथावत रहेगी। दिनांक 10.06.2025 को निविदा डालने को समय 11:00 बजे एवं निविदा खुलने का समय 11:30 बजे निर्धारित की गई है। इस सूचना को जिला Website-Lohardaga.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 354203 Lohardaga(25-26)#D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कायपालक पदाधिकारी, लोहरदगा**

**शुद्धिपत्र**

PR 351728 Lohardaga(25-26)#D द्वारा प्रकाशित मैश फीड की अति अल्पकालीन निविदा खोलने के अनुदेश (आवश्यक शर्तों) में आपूर्तिकर्त्ता को सरकारी क्षेत्र में मत्स्य बीज उत्पादकों को मैश फीड आपूर्ति करने हेतु पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन में कंडिका 05 को विलोपित किया जाता है। तथा मैश फीड की शेष कंडिका अथावत रहेगी। दिनांक 10.06.2025 को निविदा डालने को समय 11:00 बजे एवं निविदा खुलने का समय 11:30 बजे निर्धारित की गई है। इस सूचना को जिला Website-Lohardaga.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 354200 Lohardaga(25-26).D



**NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL**
**NETARHAT**
**P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR**
**(An Autonomous Institute under School Education & Literacy Department, Govt. of Jharkhand )**

**Notice Inviting Tender**

**Enquiry No- 167 Dated- 02.06.2025**

Sealed tenders are invited for Netarhat Residential School, Netarhat from a reputed vendor/ firms having relevant experience under two bid system i.e. Technical Bid & Financial Bid for updating and maintaining the website of school.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Annual Maintenance Contract for Official Website for a period of 01 (One) year of Netarhat Residential School situated at Netarhat-835218,District- Latehar Jharkhand |
| 2. | Scope of Work | Annual Maintenance Contract for Official Website of Netarhat Residential School situated at Netarhat-835218,District- Latehar Jharkhand |
| 3. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Residential School, AT+PO + PS – Netarhat, Dist – Latehar (Jharkhand) - 835218 |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 02.06.2025 at 03.00 P. M. |
| 5. | Last Date and Time for submission of Bids | 14.06.2025 at 02.00 P. M |
| 6. | Date of Opening of the Tender | 17.06.2025 at 12.30 P.M. (Technical Bid) 18.06.2025 at 12.30 P.M. (Financial Bid) |

Complete details can be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

Principal
Netarhat Residential School
Netarhat

PR.NO.354120
Human Resource Developement(25-26):D

# ई-केवाईसी के लिए परेशान कक्षा चार की छात्रा डेढ़ माह से बैंक के चक्कर काट रही लाडली

## पीएनबी बेतला शाखा के बैंककर्मियों की उदासीनता से निराश है छात्रा और परिजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह (लातेहार)।** ग्राम कंचनपुर में अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रही कक्षा चार की छात्रा लाडली कुमारी, पिता मुकेश सिंह (निवासी – अमडीहा, मंगरा), अपने बैंक खाते का ई-केवाईसी कराने के लिए पिछले डेढ़ माह से पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) बेतला शाखा के चक्कर काट रही है। बार-बार बैंक जाने के बावजूद अब तक उसका ई-केवाईसी नहीं किया गया है, जिससे वह काफी चिंतित और परेशान है। लाडली के नाना बुद्धेश्वर सिंह ने जानकारी दी कि करीब डेढ़ महीने पहले लाडली ने बैंककर्मियों के निर्देशानुसार



100 नगद शुल्क के साथ ई-केवाईसी फॉर्म भरकर जमा किया था। लेकिन उसके बावजूद बैंककर्मी हर बार 'कल आना', 'अभी सिस्टम नहीं चल रहा' जैसे बहाने बना कर टालते आ रहे हैं। परिजनों का कहना है कि इतनी छोटी बच्ची को बार-बार बैंक भेजना किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। बैंक की यह उदासीनता न केवल बच्चों के अधिकारों के प्रति लापरवाही दर्शाती है, बल्कि बैंकिंग सेवाओं की सुलभता पर भी सवाल खड़े करती है। परिजन और स्थानीय लोग बैंक प्रबंधन से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में किसी और बच्चे को ऐसी परेशानी न हो।

## नशा उन्मूलन को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



- जेएसएलपीएस व समाज कल्याण विभाग ने साझा मंच से नशा मुक्ति और महिला सुरक्षा पर दिया संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** नगर भवन में समाज कल्याण विभाग और जेएसएलपीएस के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, सेविकाओं और अधिकारियों ने नशे के दुष्प्रभावों और इससे बचने के उपायों पर चर्चा की। नशा परामर्श के लिए हेल्पलाइन नंबर 14416 और रिनपास, रांची का नंबर 14499 जारी किया गया। साथ ही, जेएसएलपीएस द्वारा भ्रूण हत्या और लिंग भेद के खिलाफ भी अभियान चलाए जा रहे हैं। महिला हिंसा की पीड़िताओं के लिए 'सखी वन स्टॉप सेंटर' और हेल्पलाइन 181 पर सहायता उपलब्ध है।

# जन शिकायत निवारण में राशन, रोजगार व भूमि विवाद की समस्याएं प्रमुख

- शीघ्र समाधान का निर्देश दिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण शिविर आयोजित हुआ। जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों ने राशन न मिलने, भूमि विवाद, रोजगार, आंगनबाड़ी में अनियमितता, और सोलर यूनिट क्षति से जुड़ी समस्याएं रखीं। मनिका प्रखंड की अजमेरी बीवी ने चार महीने से राशन नहीं मिलने की शिकायत की, जिस पर उपायुक्त ने आपूर्ति पदाधिकारी को कार्रवाई का निर्देश दिया।



जन सुनवाई में कुल 09 आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन कर समयबद्ध तरीके से समाधान किया जाए।

## सम्मानजनक मानदेय की मांग को लेकर कृषक मित्र हड़ताल पर

**लातेहार।** झारखंड कृषक मित्र महासंघ के बैनर तले दर्जनों कृषक मित्रों ने मंगलवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता को ज्ञापन सौंपा और हड़ताल पर जाने की जानकारी दी। महासंघ के प्रदेश सचिव राजेश प्रजापति ने कहा कि कृषक मित्र पिछले 15 वर्षों से आत्मा परियोजना समेत कई विभागीय योजनाओं में योगदान दे रहे हैं, परंतु उन्हें आज तक उचित मानदेय नहीं मिला। जिलाध्यक्ष जगदीश राम ने कहा कि आर्थिक संकट के कारण कई कृषक मित्रों की मौत भी हो चुकी है। जब तक सरकार सम्मानजनक मानदेय नहीं देती, सभी कृषक मित्र अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। 27 मई से यह हड़ताल जारी है। मौके पर मो. जाजिम रजा, मुकेश यादव, बलदेव पाहन, शंभु उरांव सहित कई सदस्य मौजूद थे।

# श्रम विभाग और नियोजनालय की समीक्षा बैठक में रोजगार मेला आयोजन पर जोर

- उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने आईटीआई में खाली सीटें भरने और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में श्रम विभाग एवं जिला नियोजनालय की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने रोजगार मेला, भर्ती कैंप एवं करियर काउंसलिंग से जुड़ी जानकारियां दीं।



उपायुक्त ने जिले में अधिकाधिक रोजगार मेलों और कैंपों के आयोजन की आवश्यकता बताई।

बैठक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन और पढ़ाई की स्थिति पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी ट्रेडों में खाली सीटों को शीघ्र भरने की प्रक्रिया शुरू की जाए और शिक्षण व्यवस्था को नियमित किया जाए।

श्रम विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी पंजीकृत प्रवासी श्रमिक की दुर्घटना की स्थिति में परिवार को तुरंत सहायता दी जाए। लंबित मुआवजा प्रकरणों का शीघ्र निष्पादन करने का भी निर्देश दिया गया।

# आपातकाल में सुरक्षा के लिए "डायल 112" सेवा बनी लोगों का सहारा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** राज्य सरकार द्वारा संचालित "डायल 112" सेवा नागरिकों को आपात स्थिति में त्वरित सुरक्षा और सहायता प्रदान करती है। यह सेवा पुलिस, एम्बुलेंस और अग्निशमन को एकीकृत रूप से जोड़ती है। अगर किसी को लगे कि वह या कोई और खतरे में है, तो 112 पर कॉल कर तुरंत मदद प्राप्त की जा सकती है। सेवा आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

# महिला की सिर में गोली मारकर हत्या, पुलिस जांच में जुटी

- परसही पंचायत के भगन टोला की घटना, हत्या के पीछे पारिवारिक विवाद की आशंका

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के परसही पंचायत स्थित भगन टोला में मंगलवार की सुबह एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान सुलेखा देवी (28), पिता मंगरा उरांव के रूप में हुई है। महिला अपने मायके में रह रही थी और उसका शव घर से करीब 200 मीटर दूर खेत में मिला।

घटनास्थल पर चटाई और खाना खाने के बर्तन मिले हैं, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि महिला किसी को खाना देने गई थी। वहीं, सिर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी थाना प्रभारी सुरेंद्र महतो ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद और पति की भूमिका की आशंका सामने आई है। मामले की जांच जारी है। मृतका के दो छोटे बच्चे भी हैं।

# प्रेम-प्रसंग में युवती की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

- परसोनिया नदी किनारे मिले शव की हुई शिनाख्त, हत्या में प्रेमी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** सिंघानी स्थित परसोनिया नदी किनारे 3 मई को संदिग्ध परिस्थिति में मिली अज्ञात युवती की पहचान हो गई है। युवती की पहचान हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बकचुम्मा गांव की उषा कुमारी, पिता चांदो गंझू के रूप में हुई है। मामले में पत्थलगड़ा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मिथलेश गंझू, पिता शंकर गंझू, ग्राम मेरमगड़ा, थाना पत्थलगड़ा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका मृतका से प्रेम-प्रसंग था, लेकिन संदेह था कि वह किसी और से प्रेम करती है। इसी शक में उसने उसे जहर पिलाकर मार डाला। घटनास्थल से चप्पल, पानी की बोतल, जहर की शीशी व अन्य सामग्री बरामद हुई थी। मामले में थाना प्रभारी राकेश कुमार, एसआई अरविंद रविदास सहित टीम ने छापेमारी कर आरोपी को पकड़ा।


## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा।
(जिला आपूर्त्ति शाखा )
(e-Mail id:- dso.chatra@jharkhandmail.gov.in)

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना
(निविदा संख्या–02/2025–26)

संचिका संख्या–X-07/2020/II-02/2022-23के पृष्ठ संख्या–57 पर निविदा निष्पादन समिति के अध्यक्ष अपर समाहर्त्ता, चतरा से प्राप्त अनुमोदन के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिएमुख्यमंत्री दाल–भात योजना अर्न्तगत केन्द्र संचालकों को चावल मध्यम, चना मध्यम एवं सोया बड़ी मध्यम उपलब्ध कराने के लिए इच्छुक निविदादाताओं से अलग–अलग सीलबन्द लिफाफा में तकनीकी एवं वित्तीय बीड आमंत्रित किया जाता है। निविदा प्रपत्र जिला आपूर्ति शाखा, चतरा से **दिनांक–04.06.2025से दिनांक–16.06.2025** तक प्रत्येक कार्यदिवस में प्राप्त किया जा सकता है। निविदा **दिनांक–17.06.2025 के अपराह्न 01: 00 बजे**तक जिला आपूर्ति कार्यालय, चतरा में जमा लिया जायेगा। प्राप्त निविदा **दिनांक–17.06.2025को अपराह्न 03:00 बजे** निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा।

**निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें चतरा जिला के विभागीय Website-**https://chatra.nic.in/पर देखा जा सकता है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,,
चतरा।

PR 354149 (Food Public Distribution and Consumer Affairs) 25-26 (D)


# फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चतरो में रात्रि रक्त पट संग्रह का हुआ आयोजन



**चंदवा।** फाइलेरिया जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत चंदवा प्रखंड के चतरो गांव में सोमवार रात्रि रक्त पट संग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन मुखिया दुर्गावती देवी, सितमोहन मुंडा, एमटीएस कृष्णकांत व अन्य ने फीता काटकर किया। रात्रि 8 से 12 बजे तक 20 वर्ष से ऊपर के 155 लोगों का रक्त पट संग्रह किया गया। एमटीएस कृष्णकांत ने बताया कि माइक्रोफाइलेरिया रात में अधिक सक्रिय होते हैं, जिससे रात्रि में नमूना लेना आवश्यक होता है।

मुखिया दुर्गावती देवी ने लोगों से जागरूक होने और कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की। मौके पर सीताराम कुमार, संजय कुमार विश्वकर्मा, अमर प्रसाद, चंद्र मोहन प्रसाद, मनोज कुमार सिंह, बादशाह खान, दशमी देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## आदिवासी समाज ने बंद का किया आह्वान

**बालूमाथ।** रांची सिमर टोली के धार्मिक स्थल से फ्लाईओवर ब्रिज हटाने, पेसा कानून, शराब नीति और सरना धर्म कोड लागू करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आदिवासी समाज ने झारखंड बंद का आह्वान किया है। बालूमाथ के आदिवासी समाज ने अंचल अधिकारी को पत्र देकर जानकारी दी कि बुधवार को सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक शांतिपूर्ण बंद रहेगा। ईश्वर उरांव ने बताया कि एंबुलेंस, स्कूल बस आदि जरूरी सेवाएं प्रभावित नहीं होंगी। बंद को सफल बनाने के लिए बालूमाथ, हेरहंज, बारियातू के सभी आदिवासी समुदाय के लोगों से बालूमाथ सरना भवन में उपस्थित होने की अपील की गई है।

## बाराती वाहन दुर्घटनाग्रस्त, दूल्हा-दुल्हन समेत चार घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-पांकी मुख्य मार्ग पर कारीमाटी ग्राम के पास मंगलवार को बारातियों से भरी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घायलों में मो. सलमान, जबैरा अंसारी, ताहिर अंसारी, मो. दिलशाद शामिल हैं। सभी रांची निवासी थे और शादी समारोह के बाद लौट रहे थे। हेरहंज पुलिस ने सभी घायलों को बालूमाथ सीएचसी पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

## टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर फंसा कंटेनर, जाम से परेशान रहे लोग

**चंदवा।** टोरी जंक्शन के पूर्वी रेलवे समपार फाटक पर मंगलवार को एक कंटेनर ट्रैक पर फंस गया। तकनीकी खराबी के कारण उसका अगला चक्का रेलवे ट्रैक में धंस गया, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। रेलवे टीम ने तुरंत पहुंचकर कंटेनर को हटाया और परिचालन बहाल हुआ। लेकिन जाम पूरी तरह समाप्त होने में आधा घंटा लग गया। स्थानीय लोगों ने यहां फ्लाईओवर निर्माण की मांग की है, क्योंकि यह रोजाना की समस्या बन गई है।

## गैरमजूरआ भूमि पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**बारियातू।** अंचल क्षेत्र अंतर्गत बारिखाप में स्थित गैरमजूरआ भूमि पर मंगलवार को प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए भूमि का सीमांकन किया और चेतावनी बोर्ड लगा दिया। अंचलाधिकारी नन्द कुमार राम और अमीन संजय यादव की अगुवाई में यह कार्य संपन्न हुआ। सीओ ने बताया कि खाता संख्या 220, प्लॉट संख्या 2381 में 45.82 एकड़, खाता 194 में 14.60 एकड़, खाता 455 में 0.60 डिसमिल और खाता 568 में 0.22 डिसमिल भूमि गैरमजूरआ श्रेणी में आती है, जिस पर किसी प्रकार का निजी कब्जा, निर्माण कार्य या लेन-देन अवैध है। प्रशासन द्वारा लगाए गए बोर्ड में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि यह सरकारी भूमि है, जिस पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई का उद्देश्य वर्षों से अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे लोगों को चेतावनी देना है।

## मान-सम्मान और अधिकार की लड़ाई में उतरे जिला परिषद सदस्य

**लातेहार।** मंगलवार को समाहरणालय परिसर स्थित डीडीसी कार्यालय गेट के समक्ष जिला परिषद के सदस्यों ने एकजुट होकर धरना दिया। उनका आरोप है कि निर्वाचन के तीन वर्षों बाद भी उन्हें उनके अधिकार, मान-सम्मान और कार्यों का समुचित अधिकार नहीं मिला है। धरने का नेतृत्व जिप अध्यक्ष पूनम देवी और उपाध्यक्ष अनीता देवी ने किया। उन्होंने कहा कि जिला परिषद की बैठकें नियमित नहीं हो रही हैं और कई योजनाएं अधूरी पड़ी हैं। 11 सूत्री मांगों में सचिव की नियुक्ति, अभियंताओं की नियुक्ति, योजनाओं का भुगतान, डीआरडीए का पूर्ण विलय जैसी प्रमुख बातें शामिल हैं। सदस्यों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन डीसी उत्कर्ष गुप्ता को सौंपा और चेतावनी दी कि यदि मांगे पूरी नहीं हुईं तो वे सामूहिक इस्तीफा देंगे।

## कुएं में गिरने से युवक की मौत

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के डढ़ुवा गांव निवासी 24 वर्षीय अभिषेक यादव, पिता केदार यादव की कुएं में गिरने से मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकालकर सदर अस्पताल चतरा ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना से गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया।

# उपयाजक नेलशन कुजूर आईएमएस का पावन पुरोहिताभिषेक संत जोसेफ चर्च महुआडांड़ प्रांगण में सम्पन्न

**महुआडांड़।** 3 जून मंगलवार को संत जोसेफ चर्च प्रांगण में एक दिव्य और भावपूर्ण वातावरण में उपयाजक नेलशन कुजूर का पुरोहिताभिषेक सम्पन्न हुआ। यह पावन अनुष्ठान बिशप थियोडोर मस्कारेन्हास की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 50 पुरोहित, हजारों धार्मिक जन, परिवारजन और श्रद्धालु उपस्थित थे।

अपने प्रवचन में बिशप थियोडोर ने सेवा, नम्रता और समर्पण का संदेश देते हुए नव-अभिषिक्त फादर नेलशन से कहा कि वे यीशु के समान गरीबों और वंचितों के सच्चे सेवक बनें। फादर नेलशन कुजूर महुआडांड़ के रेगाई टॉकाटोली गांव के मूल निवासी हैं।



हाथों की प्रार्थना के पश्चात फादर दिगेश्वर भोगता ने उन्हें पुरोहितीय वेशभूषा पहनाई। इसके बाद उन्होंने अपना प्रथम मिस्सा बलिदान अर्पित किया और प्रथम आशीर्वाद प्रदान किया।

इस आयोजन में पल्ली पुरोहित फादर सुरेश किंडो, महिला संघ, यूथ संघ सहित कलीसिया के सभी सदस्य उपस्थित रहे। संचालन फादर रौशन केरकेट्टा ने किया और कोयल दल का नेतृत्व फादर दिलीप और धर्मबहनों ने किया। पूरे पल्ली में सुबह से ही चहल-पहल थी। समारोह के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।


## कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा
Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com

### अति अल्पकालिन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 07/2025–26

इच्छुक अधिकृत फर्म/आपूर्तिकर्त्ता/निर्माता/विक्रेता निम्नांकित सामग्रियों से संबंधित अपनी कोटेशन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित कर सकते है:–

विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा।
कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समयः– दिनांक– 11.06.2025 को 5:00 बजे अप0 तक।
कोटेशन खोलने की तिथि, समय एवं स्थानः– दिनांक– 12.06.2025 को 3:30 बजे अप0, नगर परिषद, लोहरदगा के सभा कक्ष में।

| SL No. | Work Name | Rate Including All Taxes (Per Set) |
|---|---|---|
| 1 | Supply of SS Fog 400 Vehicle Mountable Thermal Cum Thermal Cold Fogging Machine (Double Barrel Fogging)<br>Type of Machine: Thermal Aerosol Fog, petroleum based resonate pulse principal.<br>Performance of engine tube: 65 KW/Hr Minimum/56800 KCAL/HR/90 HP/HR<br>Type Of Fogging: Duel Type Oil ba sed Thermal Fogging<br>. Water based Cold Fogging<br>Solution Tank Output: 150 litres / Hr ( Minimum )<br>Solution Tank Capacity: 105 litres Tank x 2 ( Minimum )<br>Fuel Tank Capacity: 6 litres Tank x 2 ( Minimum )<br>Fuel Consumption: 5.0 litres per hr. (Maximum)<br>Operating: Full Remote Control Operations.<br>Warranty: Two Years ( Minimum) | |

नोटः–कोटेशन की शर्त एवं विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद, लोहरदगा के सूचना पट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा।

PR 354118 (Lohardaga) 25-26 (D)



## NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL NETARHAT
(An autonomous Institution under School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)
Letter No. - 168Date- 02.06.2025

### EXPRESSION OF INTEREST IS INVITED FOR APPOINTMENT OF CHARTERED ACCOUNTANT FIRM FOR STATUTORY AUDIT

Netarhat Vidyalaya, a fully residential boys' senior secondary school is located 155 km. from Ranchi on top of beautiful Netarhat plateau at a height of about 3000 ft. It is under Latehar district of Jharkhand state. This being a premier government educational institution the state government has granted it an autonomous status since, 2009 and is now being administered by 'Netarhat Vidyalaya Samiti', registered under the Societies Registration Act, 1860. However, state government's budgetary support to it continues as before.

Expression of Interest isinvited from eligible firms for the statutory audit of the school for the Financial Year 2024-2025, 2025-2026 & 2026-2027. The tender document can also be downloaded from the website www.netarhatvidyalaya.com. Interested parties may submit their Expression of interest super scribing "EOI for Statutory Audit" separately for technical & financial bids to the under signed on or **before 19th June, 2025 up to 2p.m.** The tender document will be opened on **same date at 03.00 P.M.** in the office chamber of the undersigned. The bidders may be present at the time of opening of the bid.

The undersigned shall have the right of rejecting all or any of the proposals without assigning any reasons thereof.

**Principal,**
Netarhat Residential School, Netarhat
Cum Member Secretary,
Netarhat Vidyalaya Samiti.

PR 354121 Human Resource Developement(25-26)D



## सीएम से मिले लोहरदगा एसपी सादिक अनवर रिजवी

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) सादिक अनवर रिजवी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर एसपी रिजवी ने मुख्यमंत्री को बुके भेंट कर सम्मानित किया और जिले की वर्तमान कानून व्यवस्था तथा सुरक्षा स्थिति से अवगत कराया। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने नवपदस्थापित एसपी को जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने, पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने, आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बहाल करने और पुलिस-पब्लिक के बीच आपसी समन्वय को मजबूत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, उग्रवाद और आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का भी आदेश दिया गया। मुख्यमंत्री की ओर से मिले निर्देशों को गंभीरता से लेते हुए एसपी सादिक अनवर रिजवी ने जिले में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता जाहिर की।

### विश्व साइकिल दिवस पर शहर में निकाली गई साइकिल जागरूकता रैली

# साइकिल को बनाए अपने जीवनशैली का हिस्सा : कमल

- लोगो को पर्यावरण के प्रति सजग रहने का दिया गया संदेश
- पिछले एक दशक से हर वर्ष अग्रवाल साइकिल निकालता है साइकिल रैली

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** स्थानीय गुदरी बाजार स्थित अग्रवाल साइकिल के द्वारा विश्व साइकिल दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत साइकिल रैली निकाली गई। यह रैली गुदरी बाजार से शुरू होकर महावीर चौक, मिशन चौक, बरवाटोली, न्यू रोड, पावरगंज, सोमवार बाजार, बड़ा तालाब, थाना रोड, शास्त्री चौक होते हुए पुनः गुदरी बाजार पहुची। मौके पर राष्ट्रीय स्तर की साइकिलिस्ट पुष्पा कुमारी ने कहा कि हर व्यक्ति को किसी ने किसी क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए खास तौर पर खेल के क्षेत्र में। चाहे वह खेल फुटबॉल हो वॉलीबॉल हो क्रिकेट हो या साईकिल ही क्यों ना हो लेकिन हर शारीरिक गतिविधि करना चाहिए। इससे हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और मन प्रसन्न रहता है। साइकिल चलाने से शरीर का फिटनेस पूरी तरह फिट रहता है। अग्रवाल साइकिल के संचालक कमल अग्रवाल ने लोहरदगा वासियो को साइकिल चलाने के फायदे तथा पर्यावरण को होने वाले प्रदूषण से बचाव में साइकिल के सहायक होने की बात बताई। उन्होंने साईकिल के उपयोग से होने वाले फायदे पर प्रकाश डाला।

कहा साईकिल को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। साईकिल यातायात का सरल, सस्ता, स्वच्छ, एवं पर्यावरण के अनुकूल साधन है। स्वास्थ्य लाभ , तनाव में कमी पर्यावरण संरक्षण, खर्च में कटौती के लिए साईकिल का उपयोग करें। शिक्षक मनीष कुमार ने कहा कि साइकिल का उपयोग हमारे स्वास्थ्य के लिए वरदान साबित होगा। साईकिल चलाने से शारीरिक क्षमता का विकास होता है। उन्होंने बताया कि न्यूयॉर्क व डेनमार्क सहित विश्व के तमाम बड़े व विकसित नगरों में लोगों के द्वारा साईकिल की बहुत ज्यादा उपयोगिता होती है। लेकिन हमारे यहां इसका चलन कम होता जा रहा है। अभी महंगाई को देखते हुए इसका उपयोग सेहत के लिये काफी फायदामंद है। इससे पूर्व साइकिल रैली को आरएसएस के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, रणजी क्रिकेट प्लेयर सह कोच आशीष गुप्ता एवं अग्रवाल साइकिल के मालिक मनीष कुमार अग्रवाल, कमल कुमार अग्रवाल के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

रैली को सफल बनाने में पवन कुमार अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, रूद्र केदार अग्रवाल, शंभू अग्रवाल, कलीम अंसारी, अनिल प्रजापति, संदीप साहू, राजेश साहू, उज्जवल बंसल, आशीष गोयल, नंदन अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, दीपक महतो, मनीष गुप्ता, राकेश सोनी, बसंत महतो, अंश अग्रवाल, पिंटू महतो, युवराज साहू आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शिव परिवार प्रतिमा का कराया गया नगर भ्रमण



**कुडू - लोहरदग़ा।** कुडू के इंदिरा गांधी चौक में नवनिर्मित बिड़ला शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार की दोपहर शिव परिवार प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान गाजे बाजे के साथ प्रतिमाओ को निचे स्टैंड, मेन रोड, बलॉक मोड़, मस्जिद चौक, न्यू बस स्टैंड आदि विभिन्न चौक चौराहों का भ्रमण कराते हुए पुनः बिड़ला शिव मंदिर परिसर लाया गया और देर शाम द्वारा पूजा अर्चना कर वैदिक मंत्रोचारण के बीच मुख्य यजमान राजीव रंजन प्रसाद एवं उनकी पत्नी जया भारती की उपस्थिति में आचार्य पौराणिक जी ने प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कर विधिवत सभी देवी देवताओं को उनके अलग-अलग स्थान पर स्थापित कराया। नगर भ्रमण के दौरान ट्रस्टी सह निर्माण समिति के रामजी प्रसाद, उनकी पत्नी रीता देवी, बीरेंद्र प्रसाद के अलावा नवीन कुमार टींकू, धीरज प्रसाद, गंगा प्रसाद, ज्योति कुमार, ओम प्रकाश साहु, प्रभात कुमार, राजेश कुमार, विवेक आनंद, विनय कुमार, अजय शर्मा, संतोष प्रसाद, संजय चौधरी, विशाल आनंद, सतीश चौधरी, विनय चौधरी, अमित कुमार बंटू आदि उपस्थित रहे।

### इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने रवाना हुए खिलाड़ी



**कुडू/लोहरदगा ।** पीएमश्री रा. उ. उच्च विद्यालय जिंगी, के दो कराटे खिलाड़ी अदनान अंसारी एवं अब्दुल्लाह अंसारी हिमाचल प्रदेश के सोलन में आयोजित इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए रवाना हुए। कराटे फाईट लीग के सौजन्य से 6 से 8 जून 2025 तक आयोजित इस चैंपियनशिप में दोनों खिलाड़ी कराटे की कुमिते विधा में शामिल होंगे।मंगलवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य अलीरजा अंसारी एवं शिक्षक संजय उरांव कराटे खिलाड़ियों को रांची स्टेशन से आशीर्वाद देकर विदा किए।मौके पर उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विद्यालय के कराटे खिलाड़ियों का भाग लेना विद्यालय सहित क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस उम्र में हार-जीत से ज्यादा सीख मायने रखती है।अभी जितना अधिक आप सीखेंगे भविष्य में एक खिलाड़ी और एक व्यक्ति के रूप में आप उतना ही अच्छा अपने आप को विकसित करेंगे। खिलाड़ियों के साथ कोच सन्साई देवंती कुमारी, सन्साई राकेश तिर्की भी हिमाचल प्रदेश गए हैं।मौके पर विनय कुमार, नूनी देवी, बेबी क्रिस्टल विद्यालय के कराटे खिलाड़ी मोहन टाना भगत, कृश कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

### डीसी ने दो दिवसीय एथलेटिक चैंपियनशिप का किया उद्घाटन

## खेल को ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए जिला प्रशासन तत्पर है : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद द्वारा आज ललित नारायण स्टेडियम में लोहरदगा एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित डिस्ट्रिक्ट सब जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 14 एवं 16 आयु वर्ग के बालक व बालिका वर्ग दो दिवसीय एथलेटिक चैंपियनशिप का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर हरी झंडी दिखाकर प्रतिभागियों को 600 मीटर के दौड़ शुरू करायी गयी। साथ ही, उपायुक्त ने लंबी कूद स्पर्धा (बालक वर्ग) की भी शुरुआत करायी। इससे पूर्व उपायुक्त ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और स्टेडियम के स्थिति की जानकारी ली। लंबी कूद में खिलाड़ियों का हौसला भी बढ़ाया। उपायुक्त ने कहा कि लोहरदगा जिला में खेल को ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए जिला प्रशासन तत्पर है। इस जिला के युवक-युवतियों में खेल के क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं। यहाँ के खिलाड़ियों में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने की पूरी क्षमता है। उपायुक्त ने कोच से खिलाड़ियों का डाइट प्लान तैयार करने व प्रतिदिन अभ्यास कराने का निर्देश दिया। जिला खेल पदाधिकारी को खिलाड़ियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था और चलंत टॉयलेट की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। दो दिन की प्रतियोगिता में अंडर-16 वर्ग में 60 मीटर की दौड़, 600 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, भाला फेंक और पेंटाथलॉन की स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। अंडर-14 वर्ग में भाला फेंक, लंबी कूद और ट्राय एथलॉन की प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी उपवन बाड़ा, लोहरदगा जिला एथलेटिक एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, राजेश महतो, ज़ाहिद अहमद,कार्यकारी सचिव अजय प्रसाद, किशोर कुमार वर्मा,मुमताज़ अहमद, दानिस अली, हसीन अख्तर, रश्मि खेस, नम्रता भगत एथलेटिक कोच, आलोक रॉय क्रिकेट एसोसिएशन सचिव, जिला कोच विकास कुमार महतो सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संगठन में होते है कार्यकर्ता सर्वोपरि : हाजी शकील अहमद

- संगठन सृजन से पार्टी को होगी मजबूती: निशीथ जायसवाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** कांग्रेस कमिटी किस्को के द्वारा संघठन सृजन वर्ष के तहत प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी के अध्यक्षता में बैठक प्रखंड कार्यालय किस्को में की गई। जिसमें मुख्य रूप से जिला कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद एवं जिला उपाध्यक्ष सह प्रखंड प्रवेक्षक निशीथ जायसवाल शामिल हुए। कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता सर्वोपरि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार इस वर्ष संगठन सृजन योजना चलाई जा रही है। जिसके तहत प्रखंड कमिटी का भौतिक सत्यापन किया गया। संगठन में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि होते हैं और बूथ के एक-एक कार्यकर्ता के दम पर पार्टी मजबूत होती है। आज हम सभी को सृजन वर्ष के माध्यम से संगठन को मिल कर मज़बुत प्रदान करना है। सभी समुदाय मुख्यतः एसटी,ओबीसी, ऐससी समुदाय के साथ युवा एवं महिलाओं को कमिटी में जगह दिया गया। सभी पदाधिकारी एक साथ सभी पार्टी के कार्यकर्ताओं को लेकर चले और पार्टी को मजबूत करे। मौके पर प्रखंड प्रवेक्षण निशीथ जायसवाल ने कहा की संगठन सृजन से होगी कांग्रेस पार्टी मजबूत। आज प्रखंड पर्यवेक्षक होने के नाते पार्टी को मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रहा हूं। हमारे प्रभार क्षेत्र किस्को प्रखंड में प्रखंड कांग्रेस कमेटी की भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। जिसमें सभी वर्गों के लोग को कमिटी में जगह सुनिश्चित किया जा रहा है। संगठन सृजन वर्ष कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करेगी। मौके पर मुख्य रूप से 20सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी,नुसरतअंसारी,एकरामुल अंसारी,पुनीता उरांव, उलफ़त अंसारी, जयंमत कुजूर,रौनक इकबाल,जफर इमाम, सेराज खान,हनान अंसारी,रेयाज अंसारी,पंचायत अध्यक्ष प्रकाश उरांव,कबीर अंसारी,शेख सादिक,तबरेज अंसारी,राजेंद्र यादव,नसीम अंसारी,राजकुमार उरांव,आदि काफी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पत्नी व बेटी की बरामदगी को लेकर पुलिस से लगायी गुहार



**भंडरा/लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के भंडरा गांव से एक महिला अपने डेढ़ साल के बेटे के साथ आठ दिनों से लापता है। महिला की तलाश में उसका पति दर-दर भटक रहा है। अपनी पत्नी एवं पुत्र की बरामदगी को लेकर पति ने मंगलवार को भंडरा थाना में गुमशुदगी का आवेदन देकर बरामदगी का गुहार लगाया है। आवेदन में मादा गांव निवासी नवल उरांव जो फिलहाल भंडरा नवडीहा मोड़ मे रहता है। नवल ने बताया है कि 27 मई को मेरी 30 वर्षीय पत्नी किरण कुमारी अपने डेढ़ वर्षीय पुत्र को लेकर बिना किसी को बताये घर से निकली। उस दिन शाम तक वह घर नहीं लौटी तो मैं दोनों की काफी खोजबीन की। लेकिन कहीं पता नहीं चला। उसके पास जो मोबाइल है वह भी बंद आ रहा है। नवल ने बताया की उसने पत्नी व बच्चे को अपने सभी सगे सम्बंधी के यहां पता लगाया पर उसके पत्नी व पुत्र का कही भी पता नहीं चल सका। उन्होंने किसी अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए अपनी पत्नी व पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई है।

## चौकीदार पंचायत प्रतिनिधि मंडल ने नव पदस्थापित उपायुक्त से की मुलाकात



**लोहरदगा।** झारखंड राज्य दफादार-चौकीदार पंचायत, जिला शाखा लोहरदगा की ओर से जिला अध्यक्ष समसुल अंसारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने लोहरदगा के नव पदस्थापित उपायुक्त डॉ. ताराचंद से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर उपायुक्त ने चौकीदार पंचायत के प्रतिनिधियों से सौहार्दपूर्ण बातचीत की और कहा कि चौकीदारों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाएगा और समाधान हेतु हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर चौकीदार सीधे उनसे मिल सकते हैं और अपनी बात रख सकते हैं। प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष समसुल अंसारी के साथ-साथ निजावत अंसारी (संयुक्त सचिव, झारखंड प्रदेश चौकीदार पंचायत), शेन्हा थाना प्रखंड सचिव सुजीत उरांव, पंकज उरांव, बरसा उरांव, कुरु थाना प्रखंड सचिव राजू कुमार राम, जिला सचिव मिथिलेश यादव समेत अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त से चौकीदारों की विभिन्न समस्याओं, जैसे मानदेय, वर्दी, कार्य की परिस्थितियाँ आदि विषयों पर चर्चा की और त्वरित समाधान की मांग रखी। जिला अध्यक्ष समसुल अंसारी ने बताया कि उपायुक्त का रुख बहुत सकारात्मक और सहयोगपूर्ण रहा, जिससे चौकीदार पंचायत को भविष्य में काफी उम्मीदें हैं।

## डीसी ने सौंपी ट्राईसाइकिल, खुशी से चमकीं रामजतन की आखें

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद ने सेन्हा निवासी रामजतन साहू को मुख्यमंत्री दिव्यांग कल्याणार्थ योजना के तहत ट्राईसाइकिल प्रदान किया। रामजतन साहू शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं और कुछ दिनों पूर्व उन्होंने जिला समाज कल्याण कार्यालय में ट्राईसाइकिल के आवेदन दिया था। इस अवसर उनकी पत्नी जो आंखों से देख नहीं पाती हैं, उनके भी बेहतर ईलाज के लिए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिये। पत्नी राजकुमारी साहू ने इस अवसर पर बैट्री चालित साइकिल की मांग की।

उपायुक्त ने इस अवसर पर दोनों से आयुष्मान कार्ड की सुविधा, राशन कार्ड, दिव्यांग पेंशन व अन्य सरकारी योजनाओं का मिल रहे लाभ संबंधी जानकारी ली और जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद दिये जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समाज कल्याण पदाधिकारी के रूप में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, समाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक प्रमोद कुमार दास समेत अन्य उपस्थित थे।

### श्रमदान कर ग्रामीण युवकों ने किया सड़क की साफ-सफाई



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बाजार डांडू के युवकों द्वारा श्रमदान कर सड़क का साफ सफाई किया गया. वही गांव के युवकों ने एक साथ मिल कर शनिवार बाजार टांड से लेकर चौकनी हेसवे पथ के समीप स्थित पुराना सरस्वती शिशु मंदिर तक करीब आधा किलोमीटर सड़क के दोनों तरफ का झाड़ी को काट कर और जगह जगह रास्ता में मिटी डाल कर सड़क का गांव के युवकों द्वारा मरम्मत किया गया.वही ग्रामीण युवकों का कहना है.की अरु से हेसवे साके धरधरिया जल प्रपात तक तो पथ निर्माण हुआ.जब कि बाजार डांडू की ओर से धरधरिया जल प्रपात जाने का भी रास्ता है.जो काफी उबड़ खाबड़ है.जिसे राहगीरों को इस रास्ते मे चलने के लिये काफी परेशानी होती है.साथ ही बताया कि लगभग दस वर्ष पूर्व यह रास्ता करीब दो किलोमीटर मिट्टी मोरम से बना था। इसी रास्ते से उरु,चटकपुर,तेतरटोली,डांडू, ढवठाटोली सहित अन्य गांव के ग्रामीण का मुख्य पथ है.जिसे लोग प्रखंड व जिला मुख्यालय,अस्पताल बाजार जाते हैं.जो अब टूट चुका है.जिस पर लोग जान को जोखिम में डाल कर चलते हैं.वही इसे बनवाने के लिये न तो प्रशासन को ध्यान है.और न ही जन प्रतिनिधियों को ही कोई मतलब है।

## पेड़ को कटवाने के लिये ग्रामीणों ने सीओ को दिया आवेदन

### सीओ ने कहा प्रक्रिया के तहत वन विभाग को अवगत करायेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा।** अंचल क्षेत्र अन्तर्गत सेन्हा में कब्रिस्तान के समीप और संतोष ठाकुर का घर के पास लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर विशाल बरगद का पेड़ है.जो दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा.वही बीते दिन बरात से लौट रहा स्कार्पियो सेन्हा कब्रिस्तान के समीप बरगद पेड़ से टकराने पर एक बच्ची की मौत हो गई थी.और स्कॉर्पियो में सवार अन्य लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये थे.जिसे सेन्हा अंचल के ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी मुदस्सर नजर मंसूरी को आवेदन देकर दोनों बरगद पेड़ को कटवाने के लिये अनुरोध किया है.सेन्हा अंचल के ग्रामीणों ने सीओ को आवेदन देते हुए बताया कि लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर सेन्हा में कब्रिस्तान के समीप और संतोष ठाकुर के घर के पास विशाल बरगद का पेड़ है।

जिस में बराबर दुर्घटना होते रहता है.वही ग्रामीणों के आवेदन पर गम्भीरता से विचाद करते हुए सीओ मो मुदस्सर नजर मंसूरी ने कहा कि पेड़ कटवाने के लिए प्रक्रिया के तहत वन विभाग को अवगत करावा कर पेड़ कटवाने का प्रयास करेंगे.आवेदन देने वाले में मुख्य रूप से इम्तियाज अंसारी,शौकत अंसारी,जितेंद्र महतो, मुनेश्वर साहु समेत सेन्हा अंचल क्षेत्र के अन्य ग्रामीण शामिल थे।

### सीओ ने कर्मियों के साथ बैठक कर कार्यों की समीक्षा की

**भंडरा।** जिलाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को सीओ दुर्गा कुमार ने अपने सभी अंचल कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में भू- मापी, आनलाइन दाखिल खारिज, राजस्व वसूली, अवैध जमाबंदी, नीलाम, दखल दहानी, भूमि अतिक्रमण आदि की समीक्षा की गई। साथ ही सीओ द्वारा सभी अंचल कर्मियों को कहा गया कि लंबित भू-मापी वादों का निष्पादन आनलाइन दाखिल खारिज लोग इन में जांचोंपरांत एवं आपत्ति रहित आवेदनों का निष्पादन राजस्व वसूली, अवैध जमाबंदी को चिह्नित करना एवं निरस्तीकरण हेतु प्रस्ताव भेजना नीलाम पत्र वाद का कार्यालय में उपलब्ध अभिलेख का पंजी 10 व 9 से मिलान करना भूमि विवाद, अतिक्रमण, बंदोबस्ती व लोक शिकायत निवारण से प्राप्त परिवाद पत्रों का निष्पादन करना आपरेशन भूमि दखल दहानी के मामलों का निष्पादन करना तथा जो मामले न्यायालय में लंबित है उसका विस्तृत विवरण एवं स्थिति के साथ सूची कार्यालय को उपलब्ध करने का निर्देश दिया गया।

## मेहनत का कोई विकल्प नहीं, मेहनत करेंगे तो अवश्य मिलेगी सफलता : डॉ ताराचंद

- उपायुक्त ने जिला प्रशासन द्वारा संचालित कोचिंग संस्थान का किया निरीक्षण, छात्र-छात्राओं को दिए टिप्स

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने जिला प्रशासन लोहरदगा द्वारा आईआईटी जेईई व नीट की निःशुल्क तैयारी संचालित कोचिंग सेंटर होमी जे भाभा का निरीक्षण किये और वहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से मिले।

इस अवसर पर इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता है।

अगर आप इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहे हैं और आपकी प्रतिस्पर्द्धा देश के उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं से है तो सिर्फ जी तोड़ मेहनत ही आपको सफलता दिला सकती है। इसका कोई विकल्प नहीं है। अगर आप बहुत अधिक मेहनत करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। शिक्षक सिर्फ आपको राह दिखा सकते हैं लेकिन रास्ता आपको तय करना है। देश में आईआईटी के कई बेहतरीन कॉलेज हैं जहां आपको आईआईटी जेईई की परीक्षा पास करने के बाद नामांकन मिल सकता है। आज आपके पास विभिन्न विषयों के कंटेंट आसानी से उपलब्ध हैं, शिक्षक तक आसानी से आप पहुंच सकते हैं।

लेकिन आज से कुछ वर्ष पहले ऐसा नहीं था। उस समय इंटरनेट इतनी सुलभ नहीं थी। स्टूडेंट्स के पास फोन नहीं थे।

सब कुछ ऑफलाइन ही ढूंढना पड़ता था। आज आपके पास ये सभी सुविधाएं हैं जिसका लाभ आपको उठाना चाहिए। आप अपनी तैयारी की रूपरेखा बना लें और तैयारी करें। खुद को प्रेरित करते रहें। कभी असफलता से नहीं घबराये नहीं। एक प्रवेश परीक्षा आपको परिभाषित नहीं कर सकता है। कभी भी मेहनत बेकार नहीं जाती है इसलिए आप मेहनत करते रहें। उपायुक्त ने सभी छात्र-छात्राओं को आगामी प्रवेश परीक्षा के लिए विशेष टिप्स दिये। इस मौके पर अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, नजारत उपसमाहर्ता अभिनीत सूरज, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं समेत अन्य उपस्थित थे।

## राजस्व कार्यों के प्रभावी निष्पादन हेतु एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजित

**गुमला।** मंगलवार को समाहरणालय सभागार, गुमला में अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में राजस्व संबंधी कार्यों के प्रभावी एवं सुगम निष्पादन के उद्देश्य से एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिले के सभी अंचल अधिकारियों एवं राजस्व कर्मियों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान सेवा का अधिकार अधिनियम 2011, विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्रों की प्रक्रिया, कार्यालय पंजी एवं अभिलेखों का संधारण, दाखिल-खारिज, भूमि सीमांकन सहित अन्य महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को राजस्व कार्यों की परिभाषा, उद्देश्य, महत्व और कार्यप्रणाली की गहन जानकारी दी गई, ताकि आमजनों के कार्य समयबद्ध एवं सुगमता से पूरे किए जा सकें। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी गुमला, बसिया व चैनपुर, डीसीएलआर गुमला एवं बसिया, सभी अंचल अधिकारी, राजस्व कर्मी, आईटी मैनेजर राजीव रोशन सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कुपोषित बच्चों को लाभ और कन्यादान योजना का लक्ष्य को पूरा करें : बीडीओ



नवीन मेल संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में आंगनबाड़ी सेविका प्रमुखों एवंम सुपरवाइजर के साथ किया बैठक । बैठक में प्रखंड से संचालित 183 आंगनबाड़ी केंद्रों की साफ-सफाई किया जाए सुविधाओं को चार दिवारी की जानकारी ली। बीडीओ ने सभी आंगनबाड़ी के नियमित संचालन को भी परखा उक्त बैठक में बीडीओ ने सभी सेक्टर प्रमुखों एवम सुपरवाइजर को कई दिशा निर्देश दिए। पोषण ट्रैकर के तहत वजन माप महीने के 1 से 15 तारीख तक पूर्ण करने, गृह भ्रमण कर ऑनलाइन अपडेट करने, तथा मातृ वंदना का लाभ लाभुकों को सत प्रतिशत दिलाने एवं दिए गए लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया । सैम कुपोषित एवम अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर लाभ पहुंचाने की बात कही । सावित्री बाई फुले योजना के तहत बच्चियों को सत प्रतिसत लाभ पहुंचाने के साथ साथ कन्यादान योजना के लक्ष्य को भी प्राप्त करने की बात कही।

### प्राकृतिक खेती की ओर गुमला का कदम

# नौ पंचायतों में एक साथ चला जागरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** गुमला प्रखंड में आज विशेष कृषि जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व और जैविक कृषि तकनीकों से अवगत कराना था। इस अभियान के तहत गुमला प्रखंड की 9 पंचायतों में एक साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए, जो किसानों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक साबित हुए। इस अभियान में तीन विशेषज्ञ टीमों ने भाग लिया, जिनमें कृषि वैज्ञानिक, विषय विशेषज्ञ, कृषि मित्र और विभागीय अधिकारी शामिल थे। प्रत्येक टीम ने तीन-तीन पंचायतों की जिम्मेदारी संभाली और किसानों के साथ संवाद, व्याख्यान और प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कृषि वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार का प्रेरक व्याख्यान रहा। उन्होंने कहा कि रासायनिक खेती के कारण मृदा की उर्वरता घट रही है, जलवायु असंतुलन बढ़ रहा है और किसानों की लागत बढ़ रही है। ऐसे में प्राकृतिक खेती ही एकमात्र समाधान है, जो किसान, उपभोक्ता और प्रकृति – तीनों के हित में है। प्रशिक्षण सत्रों में किसानों को जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, वर्मी कम्पोस्ट, नीमास्त्र और ब्रह्मास्त्र जैसे जैविक उपचारों की विधियाँ बताई गईं। किसानों को इन तकनीकों का प्रायोगिक प्रदर्शन भी दिखाया गया ताकि वे इन्हें अपने खेतों में अपनाने के लिए प्रेरित हो सकें। मधुमक्खी पालन को आयवर्धन का एक प्रभावी साधन बताते हुए, इसकी संरचना, रखरखाव और शुद्ध शहद उत्पादन की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। परागण की भूमिका को भी किसानों के सामने उजागर किया गया। खेती की उत्पादकता और भूमि की उर्वरता बढ़ाने के लिए अंतरवर्तीय फसलों की जानकारी दी गई। मक्का-राजमा, अरहर-उड़द, सरसों-मूंग जैसे फसली संयोजनों के फायदे समझाए गए। इससे जल संरक्षण और कीट नियंत्रण में भी सहायता मिलती है।

दलहन और तिलहन फसलों के उन्नत उत्पादन के लिए स्थानीय जलवायु के अनुरूप किस्मों की जानकारी दी गई। अरहर, मूंग, उड़द, सरसों, तिल और सूरजमुखी जैसी फसलों की बुआई तकनीक, पोषक प्रबंधन और फसल कटाई के बाद की प्रक्रियाओं पर चर्चा हुई।

जल संकट की चुनौती से निपटने के लिए ड्रिप सिंचाई प्रणाली को अपनाने पर विशेष बल दिया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि इससे 60-70% तक पानी की बचत होती है और पौधों को आवश्यकता अनुसार जल मिलता है, जिससे उत्पादन में बढ़ोतरी होती है।

कार्यक्रम में महिला किसानों की भागीदारी अत्यंत उत्साहजनक रही। महिलाओं ने वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, जैविक कीटनाशकों की विधियाँ और मधुमक्खी पालन में विशेष रुचि दिखाई। कई महिलाओं ने अपने समूहों के माध्यम से सामूहिक जैविक खेती की योजना बनाने की इच्छा जताई। तेलगांव पंचायत में किसानों को प्रक्षेत्र भ्रमण कराया गया, जहाँ बैंगन, टमाटर, मिर्च, शिमला मिर्च तथा खेड़ा की खेती ड्रिप सिंचाई तकनीक से दिखाई गई। इससे किसानों को प्रत्यक्ष अनुभव मिला कि कैसे आधुनिक तकनीकों का समावेश पारंपरिक खेती को सशक्त बना सकता है। प्रत्येक पंचायत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किए गए, जहाँ किसानों ने प्राकृतिक खेती के प्रारंभिक निवेश, जैविक उत्पादों की बाजार उपलब्धता, भंडारण और प्रसंस्करण संबंधी प्रश्न पूछे। विशेषज्ञों ने उनके सभी संदेहों का समाधान किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्रों और स्थानीय विद्यालयों का सराहनीय योगदान रहा।

## एक नजर

### तेज रफ्तार ने ली एक युवक की जान



**गुमला।** जिले के पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत नाथपुर के पास मंगलवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पालकोट पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। दोनों युवक की पहचान बसिया प्रखंड के कोलोंगा गांव निवासी के रूप में की गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बाइक की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके चलते यह हादसा हुआ।

### आग में झुलसकर बुजुर्ग की हुई मौत, लाखों की संपत्ति राख



**गुमला।** गुमला शहर के घाटों बगीचा में बीती रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। रामबली मिस्त्री के मकान में अचानक देर रात करीब 2 बजे आग लग गई। हादसे के वक्त घर में सभी लोग मौजूद थे। परिवार के सदस्य किसी तरह जान बचाकर बाहर निकलने में कामयाब रहे, लेकिन घर के ही एक सदस्य 65 वर्षीय सत्यनारायण विश्वकर्मा अपने कमरे में फंस गए और आग की चपेट में आकर मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक सत्यनारायण विश्वकर्मा अपने कमरे में अकेले रहते थे। आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और करीब 4 बजे आग पर काबू पाया गया। हालांकि सुबह 7 बजे तक मृतक का शव कमरे में ही पड़ा रहा। इस अग्निकांड में कच्चे मकान की छत और दीवार भी ढह गई, जिससे लाखों रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई है। परिजन इस हादसे से गहरे सदमे में हैं।

## सिसई थाना परिसर में बक़रीद पर्व को लेकर शांति समिति का बैठक संपन्न

नवीन मेल संवाददाता



**सिसई (गुमला)।** सिसई थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर 3 जून 2025 को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव की अध्यक्षता में शान्ति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने मुस्लिम समाज के सभी लोगों से त्योहारों को सौहार्दपूर्ण व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील किए। तथा झूठे अफवाहों से बचने को कहा। एवं अन्य समाज के लोगों से आपसी सहयोग करने की बात कही। आगे उन्होंने कहा कि आजकल सोशल मीडिया के माध्यम से झूठे अफवाह फैलाए जाते हैं, जिसके वजह से आपसी टकराव व दंगे जैसा माहौल बन जाते हैं। इन सभी से बचना है, यदि इस तरह का कोई अफवाह फैलाता है तो प्रशासन को तुरंत सूचना दें, अफवाह फैलाने वाले के ऊपर दंडात्मक कारवाई किया जाएगा। सभी समाज के लोगों से ये भी अपील किया गया कि लोग नशापान से दूर रहें एवं अपने बच्चों को भी नशे से दूर रखें और तेज गति वाले बाइक अपने बच्चों को ना ही दें तो अच्छा है। खासकर नाबालिक बच्चों को। माता पिता बच्चों के जिद में आकर महंगे बाइक खरीदकर दे देते हैं, नतीजा बच्चे अपने दोस्त यार संग नशापान करते हुए बाइक में तीन चार दोस्तों को बैठाकर तेज गति से बाइक चलाता है जिसके कारण दुर्घटना में मौत या गंभीर रूप से घायल हो जाता है। इसके वजह से जगह जगह पर ब्लैक स्पॉट व डेथ स्पॉट बन गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रशासन की ओर से सड़क सुरक्षा को लेकर प्रखण्ड स्तरीय नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा।

### रोटरी एवं इनर व्हील क्लब ने गुमला की डीसी का किया स्वागत

**गुमला।** गुमला जिले की नवनियुक्त उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित का स्वागत रोटरी क्लब और इनर व्हील क्लब के प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त को पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। रोटरी क्लब से पुरुषोत्तम राम एवं बिनोद कुमार अग्रवाल, वहीं इनर व्हील क्लब से अध्यक्ष निर्मला अग्रवाल, उपाध्यक्ष पूनम देवी, डॉ. आकाशी देवी एवं उषा गुप्ता ने उपायुक्त से मुलाकात कर दोनों क्लबों द्वारा जिले में किए जा रहे सामाजिक कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की। प्रतिनिधियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और समाज सेवा के क्षेत्र में क्लबों द्वारा चलाए जा रहे प्रयासों से उपायुक्त को अवगत कराया और भविष्य में जिला प्रशासन के सहयोग से जनहित में और भी प्रभावी कार्य करने की इच्छा जताई।

### सेरका गांव में गूंजा पर्यावरण का संदेश

## बच्चों ने गीत, नाटक और नृत्य से जगाई हरियाली की चेतना

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** पर्यावरण जागरण अभियान के अंतर्गत ग्राम सेरका में आज एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें विकास भारती बिशनपुर द्वारा संचालित ज्ञान निकेतन के बालक-बालिकाओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए गीत, नृत्य और नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। बच्चों ने "जंगल बचेगा तब जीवन बचेगा" जैसे प्रभावशाली नारों के साथ ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने गांववासियों को यह संदेश दिया कि प्रकृति और मानव जीवन एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं। उन्होंने अपने रचनात्मक प्रस्तुतियों से यह स्पष्ट किया कि पेड़-पौधे, जंगल, जल स्त्रोत जैसे चूआ और डांरि हमारे जीवन का आधार हैं, और इन्हें बचाना हमारी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर विकास भारती बिशनपुर के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने कहा कि पहले के समय में गांवों में सामूहिक रूप से जंगलों और जल स्त्रोतों को बचाने का प्रयास किया जाता था। रथ यात्रा के दिन पुरुष मिलकर आम, कटहल, करंज, मूंगा, फुटकल और कोएनार जैसे उपयोगी पेड़ों का रोपण करते थे। उन्होंने कहा कि इस परंपरा को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है, जिससे पर्यावरण संरक्षण एक सामूहिक संस्कार बन सके। कार्यक्रम में कुमकुम मैत्री, शिप्रा सिंह, कौशल किशोर, ज्ञान निकेतन के प्राचार्य नितेश खेरवार, आश्रम प्रभारी अभय कुमार, पुनीता कुमारी और विमला देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा अब केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुकी है। यह कार्यक्रम न सिर्फ बच्चों की प्रतिभा का प्रदर्शन था, बल्कि समाज को जागरूक करने का एक प्रभावी माध्यम भी बना। ग्रामीणों ने भी बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा और इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

### कागजात दुरुस्त कर गाड़ी चलाएं नहीं तो लगेगा जुर्माना : रॉबिन



**घाघरा।** घाघरा बिशुनपुर पथ पर देवाकी बाबाधाम मंदिर पुल के समीप मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह के द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस क्रम में बॉक्साइट ट्रक सबंधित कागजातों की जांच की गई। जिनके कागजातों में त्रुटि पाई गई उनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए फाइन काटा गया। बता दें कि वाहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज् जैसे इंसुरेंस, ड्राइविंग लाइसेंस, परमिट, फिटनेस, पोलूशन, रोड टैक्स आदि सभी कागजात नही थे वैसे वाहन से फाइन वसूला गया। जिसमे 99400 हजार रूपये चार सौ का दंड वसूला गया। बता दें कि बॉक्साइट ट्रकों द्वारा तय मापदंडो का अक्षरशः अनुपालन नही किया जाता। दर्जनों बॉक्साइट ट्रकों का कागजात तो होता है लेकिन वे ओवरलोड लेकर चलते है। नियम के विरुद्ध अत्यधिक बॉक्साइट लोड कर बेधड़क चलते है। ऐसी शिकायत निजी बॉक्साइट खदानों में चलने वाले ट्रक में देखने को मिलती है। जो परिवहन नियमों के खिलाफ है। ऐसे ट्रकों के खिलाफ भी दंडनात्मक करवाई होनी चाहिए। ताकि मनमानी पूर्ण परिवहन करने वाले वाहनों पर लगाम लग सके। इनकी रही उपस्थित सड़क सुरक्षा का मैनेजर कुमार प्रभास कंप्यूटर ऑपरेटर अश्वनी कुमार उपस्थित रहे।

## बंगाल के ईंट भट्ठा में गुमला के मजदूर की हुई मौत

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के पतिया गांव निवासी मजदूर करमदयाल लोहरा (45 वर्ष) की बंगाल के पुकुरिया मास्टर ईंट भट्ठा में काम के दौरान संदेहास्पद परिस्थिति में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजन समाजसेवी प्रेम जायसवाल के साथ गुमला थाना पहुंचे और मामले की जानकारी थानेदार को दी। थानेदार ने तत्परता दिखाते हुए बंगाल के संबंधित थाना क्षेत्र से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन भाषा व स्थान संबंधी जटिलताओं के कारण स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद थानेदार ने परिजनों को संबंधित पते पर जाकर स्थिति का पता लगाने की सलाह दी और संपर्क में बने रहने के लिए अपना मोबाइल नंबर भी साझा किया। साथ ही मृतक की पत्नी कशीला देवी को दो हजार रुपये की तत्काल सहायता राशि प्रदान की। परिजनों के अनुसार करमदयाल लोहरा पिछले 15 वर्षों से ईंट भट्ठा में मजदूरी कर रहे थे। पहले वह रामगढ़ में काम करते थे, लेकिन पांच माह पूर्व बंगाल के पुकुरिया मास्टर ईंट भट्ठा में काम करने लगे थे। वह कुछ दिनों पूर्व ही अपने गांव भी लौटे थे और 1 मई को दोबारा कमाने के लिए भट्ठा लौटे थे। मृतक की पत्नी कशीला देवी ने बताया कि सोमवार की सुबह उनकी करमदयाल लोहरा से बातचीत हुई थी और वे पूरी तरह स्वस्थ थे। उसी दिन दोपहर में उन्होंने फिर फोन किया, लेकिन बात नहीं हो सकी। मंगलवार सुबह अचानक मौत की सूचना मिलने से परिवार स्तब्ध है और मौत पर संदेह जता रहा है। परिजनों ने प्रशासन से मामले की गहराई से जांच कराने और दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई की मांग की है।

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 18 यूनिट बकरी का हुआ किया वितरण




नवीन मेल संवाददाता

**घाघरा ।** मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत मंगलवार को घाघरा प्रखंड परिसर में 18 लाखों के बीच बकरी का वितरण किया गया । जिसमें प्रत्येक लाभुक को चार बकरी एवं एक बकरा दिया गया । बकरी का वितरण प्रखंड प्रमुख सविता देवी व प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर सीमा एक्का ने किया । इस दौरान प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ सीमा एक्का ने बताई कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 75 प्रतिशत अनुदान सरकार की ओर से मिलती है जबकि लाभूक का अंशदान 25 प्रतिशत है । वहीं एससी,एसटी व विधवा महिला को सरकार की ओर से 90 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है । बकरी वितरण के दौरान प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि सरकार कि यह योजना लोगों को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने की है । लोग बकरी पालन कर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं । लाभुकों को चार बकरी एक बकरा के अलावा दवा और खाद्य सामग्री भी दी गई । बकरी पाकर लाभ काफी खुश दिखे । मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ सीमा एक्का, प्रखंड प्रमुख सविता देवी, सहित सभी लाभुक उपस्थित थे ।

## सौंदर्य देखभाल सहायक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला ।** जन शिक्षण संस्थान, गुमला (झारखंड) द्वारा आज "सौंदर्य देखभाल सहायक" प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम संस्थान के प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया गया, जिसमें निदेशक अमित कुमार मिश्रा, कार्यक्रम अधिकारी रोहिना महतो, प्रोत्साहक कुसमंती एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके पश्चात अतिथियों ने प्रशिक्षण में भाग लेने वाली प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एक प्रस्तुति के माध्यम से प्रतिभागियों को कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, जन शिक्षण संस्थान निदेशालय तथा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम की योजनाओं और कार्य प्रणाली की जानकारी दी गई। निदेशक अमित कुमार मिश्रा ने कहा कि जन शिक्षण संस्थान का यह प्रयास युवतियों को व्यावसायिक कौशल देकर उन्हें स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ाने का एक अहम कदम है।

उन्होंने कहा कि सौंदर्य देखभाल क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं अपने लिए न केवल रोजगार के अवसर उत्पन्न कर सकती हैं, बल्कि स्वयं का व्यवसाय भी स्थापित कर सकती हैं। कार्यक्रम अधिकारी रोहिना महतो ने प्रशिक्षण की रूपरेखा, पाठ्यक्रम की अवधि, प्रमाण पत्र तथा रोजगार की संभावनाओं की जानकारी दी।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत समेकित कृषि प्रणाली पर संगोष्ठी



**गुमला।** मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र, गुमला एवं आत्मा गुमला के संयुक्त तत्वावधान में गुमला प्रखंड के नव पंचायतों में "विकसित कृषि संकल्प अभियान" के अंतर्गत समेकित कृषि प्रणाली विषय पर कृषक संगोष्ठी सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को खरीफ मौसम से पूर्व उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई। विषयों में बीज उपचार, बीज चयन, खेत की जुताई, सिंचाई प्रबंधन, जल संरक्षण, सिलाई-कढ़ाई, मशरूम उत्पादन, पशुपालन एवं बागवानी प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। उद्देश्य था—किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और जिले में कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाना। कृषि विज्ञान केंद्र, गुमला द्वारा तीन विशेषज्ञ टीमों का गठन किया गया, जिनमें प्रत्येक टीम में दो वैज्ञानिक, आत्मा गुमला के प्रतिनिधि, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और राज्य कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ शामिल थे। इन टीमों ने विभिन्न पंचायतों में जाकर किसानों से संवाद किया और तकनीकी जानकारी साझा की। कार्यक्रम के तहत किसानों के खेतों पर विभागीय प्रभेदों का प्रत्यक्षण भी किया जाएगा, जिससे बीज बदलाव दर में सुधार की उम्मीद है। इस पहल को किसानों की ओर से सराहनीय प्रतिक्रिया मिली है। आज के जागरूकता अभियान में गुमला प्रखंड के भूरसो, छरदा, सिसई, लारंगो, घाघरा, शिवनाथपुर, बड़गांव, मुरगु एवं बोंदो पंचायतों से लगभग 1220 किसान एवं पंचायती राज प्रतिनिधि शामिल हुए।

### देश सेवा से लौटे बीएसएफ जवान शंकरराम भगत का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

**डुमरी (गुमला)।** डुमरी प्रखंड के बेलटोली गांव में देश सेवा से सेवानिवृत्त होकर लौटे बीएसएफ जवान शंकरराम भगत का ग्रामीणों ने पारंपरिक आदिवासी रीति-रिवाज के साथ जोरदार स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों, नाच-गान और फूल-मालाओं के बीच पूरे गांव ने गौरव के इस क्षण को उत्सव में बदल दिया। शंकरराम भगत ने 39 वर्ष, 3 माह और 27 दिन तक देश के विभिन्न सीमावर्ती क्षेत्रों—जम्मू-कश्मीर, बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़—में सेवाएं दीं। घर लौटने पर ग्रामीणों ने उन्हें घर के बाहर से ही स्वागत कर गाजे-बाजे के साथ जुलूस की तरह घर तक पहुंचाया। शंकरराम भावविभोर होकर बोले कि इतने भव्य स्वागत की उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। उन्होंने कहा कि देश सेवा उनके लिए गौरव की बात रही और यह सम्मान उनके जीवन का अमूल्य पल है। इस मौके पर गांव के बुजुर्ग जगर्नाथ भगत ने बताया कि शंकरराम की देश सेवा पर गांव को गर्व है और उनके सकुशल लौटने की खुशी में पूरा गांव एकजुट होकर उनका सम्मान कर रहा है। गांव की महिलाओं ने पारंपरिक गीतों के साथ नृत्य किया और ग्रामीणों ने सामूहिक भोज व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया। इस अवसर पर प्रभा देवी, इतवारी देवी, अकलू भगत, कुंजलाल भगत, विजय भगत, सूरज उरांव, दुखनी देवी समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे और शंकरराम के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## खरवार लोक सेवक संघ का मनाया गया स्थापना दिवस

### मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** बेलगांव स्थित आम बगीचा में मंगलवार को खरवार लोक सेवक संघ और खरवार आदिवासी एकता संघ के संयुक्त तत्वावधान में संघ का स्थापना दिवस सह प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के उन 45 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा में सफलता प्राप्त की थी। इन विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए महावीर सिंह खरवार, अध्यक्ष, खरवार लोक सेवक संघ, झारखंड ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की आज शिक्षा को हमें अपना हथियार बनाना होगा। शिक्षा के बिना न व्यक्ति, न परिवार और न ही समाज का विकास संभव है। साथ ही नशा समाज की सबसे बड़ी बाधा है, इससे दूर रहना आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि अरविन्द कुमार सिंह, अध्यक्ष, खरवार आदिवासी एकता संघ, झारखंड ने कहा की समाज को एकजुट और संगठित होकर ही अपने अधिकारों की प्राप्ति तथा विकास का मार्ग तकरना होगा। कार्यक्रम को जयकरण सिंह, जितेन्द्र खेरवार, ज्ञान सिंह, मनमोहन खेरवार, बाबूलाल खेरवार और अलका सिंह ने भी संबोधित किया। इस दौरान नागपुरी कलाकारों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में आए लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। मंच संचालन प्रदीप कुमार सिंह ने किया, वहीं रामचन्द्र खेरवार ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में खरवार लोक सेवक संघ के केन्द्रीय सचिव रण विजय सिंह, जितेन्द्र खेरवार और सभी प्रखंड कमिटियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### गुमला में जन शिकायत निवारण दिवस आयोजित



**गुमला।** मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस जन सुनवाई कार्यक्रम में जिले भर से लगभग 40 आवेदक अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। प्रस्तुत शिकायतों में सड़क, बिजली, पानी, भूमि विवाद, रोजगार, सरकारी सहायता, चिकित्सा, शिक्षा तथा जमीन ऑनलाइन कराने जैसी विभिन्न समस्याएं प्रमुख रहीं। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

उद्देश्यहीन जीवन द्वारा नहीं, बल्कि एक नियमित एवं संतुलित जीवन द्वारा तुम महापुरूषों के आशीर्वाद प्राप्त कर सकोगे। तब माया कभी भी अपने माध्यम के रूप में तुम्हारा उपयोग नहीं कर पाएगी। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# नया पाक बनता बांग्लादेश

कपड़े का सबसे बड़ा निर्यातक बांग्लादेश जिसे पूरब का मैनचेस्टर कहा जाता था में तख्तापलट के दस महीने बीत चुके हैं और उसका भविष्य गर्त में जा चुका है। मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। 2006 में अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में योगदान की वजह से यूनुस को नोबेल शांति पुरस्कार मिला था, लेकिन वह जब से सत्ता पर काबिज हुए हैं, तब से उनका कट्टरपंथी एवं लोकतंत्र विरोधी चेहरा सबके सामने आ चुका है। यूनुस जल्द चुनाव के पक्ष में नहीं हैं। वह अमेरिका, पाकिस्तान और चीन के हाथों की कठपुतली बन चुके हैं। पिछले कुछ महीनों में बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था भी पटरी से उतर चुकी है। बांग्लादेश का लक्ष्य था कि 2031 तक उच्च-मध्यम आय वाला देश बनना, लेकिन मौजूदा राजनीतिक अस्थिरता और अशांति अर्थव्यवस्था को नीचे की ओर ले जा रही है। बांग्लादेश ने ऐतिहासिक रूप से आर्थिक लचीलापन दिखाया है, लेकिन मौजूदा संकट वित्तीय जोखिमों को बढ़ा रहा है, जिसमें विदेशी भंडार पर दबाव, क्रेडिट रेटिंग में गिरावट और परिधान निर्यात जैसे प्रमुख उद्योगों में व्यवधान शामिल हैं। मुद्रास्फीति 10 फीसदी के करीब पहुंच रही है, निर्यात कमजोर हो रहा है, ऊर्जा संकट और बेरोजगारी बढ़ रही है, तेजी से घटती टाका की कीमत के कारण आयात लागत बढ़ रही है, जिससे अर्थव्यवस्था में विश्वास बहाल करने के लिए संघर्ष कर रही अंतरिम सरकार पर दबाव बढ़ रहा है। यूनुस अर्थव्यवस्था को 'सुधारने' के लिए चीन से लगातार कर्ज ले रहे हैं, लेकिन इससे बांग्लादेश को मदद नहीं मिलने वाली, बल्कि पाकिस्तान की तर्ज पर उसके चीन का गुलाम बनने की आशंकाएं बढ़ेंगी, जो भारत की चिंता का कारण बन सकती हैं। हाल ही में बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने जमात-ए-इस्लामी, जोकि एक कट्टरपंथी, पाकिस्तान-परस्त एवं भारत विरोधी संगठन है, का रजिस्ट्रेशन बहाल कर दिया है, जबकि 2013 में इसी अदालत ने जमात-ए-इस्लामी पार्टी को राष्ट्रीय चुनाव में भाग लेने के लिए अयोग्य माना था और उसका पंजीकरण रद्द कर दिया था। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के कार्यकाल में इसकी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के चलते प्रतिबंध लगाया गया था। बीते साल शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद जमात ने अदालत के फैसले की समीक्षा की मांग की थी। इस पर मोहम्मद यूनुस ने पार्टी से प्रतिबंध हटाया, तो अब सुप्रीम कोर्ट ने पंजीकरण बहाल कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ ही दिन पहले जमात के एक शीर्ष नेता और मृत्युदंड प्राप्त दोषी अजहरुल इस्लाम को भी बरी कर दिया था।



*मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है।*

अजहरुल इस्लाम पर मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेना का साथ देकर मानवता के खिलाफ अपराध करने का आरोप था। अंतरिम सरकार के कानूनी सलाहकार आसिफ नजरुल ने इस्लाम की रिहाई का स्वागत भी किया। जमात ने 1971 में बांग्लादेश की पाकिस्तान से स्वतंत्रता का विरोध किया था। ऐसे में उसका चुनाव लड़ना बांग्लादेश के भविष्य के लिए एवं सुरक्षा के मद्देनजर भारत के लिए भी ठीक नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें अब और भी बढ़ गई हैं, क्योंकि बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी-बीडी) ने हसीना और दो अन्य व्यक्तियों पर पिछले वर्ष हुई हिंसा के लिए मुकदमा चलाने की अनुमति दी है। वहीं, यूनुस ने शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को भंग कर दिया है। अवामी लीग की अनुपस्थिति में उसकी प्रमुख प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी), जिसकी अगुवाई पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया कर रही हैं, देश की राजनीति में प्रमुख भूमिका में उभर आई है।

# युद्ध की बर्बरता व सीज फायर का औचित्य

मानव जाति के लंबे इतिहास में रक्ताक्त युद्धों की अनगिनत रोमांचक कहानियां अंकित हैं।इधर ही नार्वे के एक प्राध्यापक ने गणना यंत्र की सहायता से यह बताया है कि 5560 वर्षों के लिखित इतिहास में कुल 14,531 युद्ध हुए हैं, अर्थात् प्रत्येक वर्ष ढाई सौ से भी अधिक। चाहे देवासुर संग्राम हो या पाषाण युग के बर्बर मनुष्यों का संघर्ष या आधुनिक साधनों से संपृक्त भीषण रण-मेरी दृष्टि में सभी युद्ध हैं।चाहे उसे धर्मयुद्ध या क्रूसेड जैसा पवित्र नाम दें या किसी अन्य विशेषण से शून्य या युक्त युद्ध कहें -कुछ बहुत अंतर नहीं आता।मानव के भीतर का खूनी पिशाच ही उसे युद्ध के लिए प्रेरित करता है।

प्राचीन काल में जो युद्ध होते थे , उनमें इतना भीषण नरसंहार नहीं होता था, क्योंकि पहले मनुष्य एक दूसरे से पत्थर, गदा,भाले और धनुष वाण से लड़ता था। प्राचीन काल और आधुनिक काल के युद्ध में एक भारी अंतर यह है कि पहले युद्ध में भाग लेने वाले ही हताहत होते थे,अन्य नहीं। प्राचीन काल में भीषण युद्ध होता रहता था और उससे कुछ ही दूर पर सामान्य नागरिक अपने कामों में जुटे रहते थे,किंतु आज तो स्थिति सर्वथा भिन्न है।आज तो वस्तुतः युद्ध छेड़ने वाले दूर ही बैठे रहते हैं और एक बटन दबाते ही हजारों मील पर रहने वाले असंख्य नागरिक भयानक बम विस्फोट के ग्रास बन जाते हैं। प्राचीन काल में युद्धों के निश्चित नियम थे, युद्ध का समय निश्चित होता था। सूर्योदय से सूर्यास्त तक, सूर्यास्त होते ही युद्ध बंद हो जाता था। दिन-भर कुरुक्षेत्र में रथ संचालन के पश्चात् सायंकाल में भगवान श्रीकृष्ण अपनी पीताम्बरी में दाने लिए अपने घोड़ों के बीच निकल पड़ते थे। शत्रु -मित्र सब एक दूसरे की चिकित्सा -संवेदना में तत्पर रहते थे,किंतु आज युद्ध अखंड रूप से रात -दिन चलता रहता है और चिकित्सालयों तक पर बम गिराये जाते हैं। अस्तु युद्ध कभी मानव और मानवता के लिए वरेण्य नहीं हो सकता।


आज की बात



**डा जंग बहादुर पाण्डेय**
पूर्व अध्यक्ष हिंदी विभाग
रांची विश्वविद्यालय, रांची

अभी हाल ही में पाकिस्तान के द्वारा की गई निर्मम हत्या की पूरी दुनिया में भर्त्सना हुई।इसके जबाव में भारत के द्वारा किया गया आपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान की नींद उड़ाई दी और पाकिस्तान का मन ठंडा कर दिया। दुनिया ने भारत के इस कदम की भरपूर सराहना की। लेकिन अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा बीच बचाव कर सीज फायर कराया गया।यह कदम बहुत हद तक मानव और मानवता के पक्ष में कहा जा सकता है। महाभारत के एक प्रसंग के माध्यम से मैं सीज फायर के औचित्य पर अपनी बात रखना चाहता हूं।जब द्रौपदी के पांचों पुत्र महाभारत के युद्ध में मार दिए गए, तब उनको समझ में आया कि युद्ध क्या होता है? उसके पहले वे युद्ध के लिए सबसे अधिक लालायित थीं, सबसे अधिक युद्ध के लिए पांडवों को ललकारती थीं- कृष्ण के युद्ध रोकने के हर प्रयास का सबसे अधिक विरोध द्रौपदी करती थीं।

महाभारत युद्ध को हर कीमत पर रोकने के लिए कृष्ण सभी तरह का प्रयास कर रहे थे, जो लोग कृष्ण के युद्ध रोकने के प्रयासों का सबसे अधिक विरोध कर रहे थे, उसमें द्रौपदी पहले नंबर थीं। जब युद्ध रोकने या समझौते की कोई बात शुरू होती, वे कहतीं कि मेरे इन खुले बालों



> ***बजे रहा बिगुल निनादित घोष,***
> ***फूंक दो फिर बंसी के श्वास।***
> ***युद्ध और शांति यही दो गीत,***
> ***आजतक मानव का इतिहास।***
> -रांगेय राघव

का क्या होगा? जो दुशासन के रक्त के प्यासे हैं, वे कहतीं भीम की उस प्रतिज्ञा का क्या होगा, जो उन्होंने दुर्योधन की जंघा तोड़ने के लिए लिया है। उस कर्ण को मैं जीवित कैसे देख सकती हूं, जिसने मुझे भरी सभा में वेश्या कहा। कृष्ण हर बार उन्हें डांटते हुए कहते कि तुम्हारे खुले बालों , तुम्हारे बदले की भावना , दुशासन के रक्त, तुम्हारे मन की शांति के लिए दुर्योधन की टूटी जंघा और कर्ण की हत्या तक युद्ध सीमित नहीं है। तुम्हारी प्रतिज्ञा टूट भी जाए और महाभारत का युद्ध रूक जाए,तो इसे सस्ता ही समझना, क्योंकि तुम्हारी प्रतिज्ञा की तुलना में मानव और मानवता का कल्याण श्रेयस्कर है। अगर यह युद्ध हुआ, तो लाखों निर्दोष लोग मारे जाएंगे, लाखों बच्चे अनाथ होंगे, लाखों महिलाएं विधवा और लाखों मांओं की गोद सूनी हो जाएगी। युद्ध में मारे जाने वाले और अपने को खोने वाले वे लोग होंगे, जिनका कुछ भी इस युद्ध में दांव नहीं लगा है। चाहे वे पांडव की सेना में हों या कौरव की सेना में उनका कोई हित-अहित या लाभ-हानि इस युद्ध से नहीं जुड़ा हुआ है। वे सिर्फ सैनिक के तौर पर अपनी रोजी-रोटी या वफादारी साबित करने के लिए इस या उस पक्ष में युद्ध में शामिल होंगे। मुझे तुम्हारे निजी बदले की भावना की नहीं, उन लोगों की चिंता है, जो बिना किसी वजह के इसमें मारे जाएंगे। द्रौपदी तुम इसे याद रखना।कृष्ण के सारे प्रयास असफल हुए और महाभारत का युद्ध हुआ। लाखों लोग मारे गए। युद्ध के अंतिम दौर में द्रौपदी के पांचों पुत्र एक साथ मारे गए। सुभद्रा का लड़का अभिमन्यु पहले ही मारा जा चुका था।

जब अपने पांचों बच्चों के मारे जाने पर द्रौपदी विलखने लगीं, हाय-तौबा मचान लगीं तो, कृष्ण ने दो टूक कहा, तुम तो हर हालात में युद्ध चाहती थी, युद्ध रोकने के हर प्रयास का सबसे अधिक विरोध कर रही थी, हर तरह से शांति की किसी भी कोशिश के खिलाफ थी।

अब क्यों विलख रही हो, क्यों हाय तौबा मचा रही हो, तुम क्या सोचती थी कि युद्ध में दूसरों के बेटे मारे जाएंगे और तुम युद्ध का तमाशा देखोगी, तुम्हें नहीं कुछ खोना पड़ेगा। तुम्हारे बच्चे,तुम्हारे बदले की मानसिकता की बलि चढ़े, इसके बाद भी तुम्हे राज मिलेगा, शासन मिलेगा। तुम पटरानी बनोगी। उनके बारे में भी तनिक विचार करो, जिन्होंने अपने बेटों, पतियों, भाइयों और पिता को अकारण खो दिया, जिन्हें इस युद्ध से कुछ नहीं मिला। जिनका इस युद्ध से कोई लेना-देना नहीं था। युद्ध के लिए ललकारने वालों को तब तक युद्ध की कीमत नहीं पता चलती, जबतक कि इस युद्ध की बलिवेदी पर उनके अपने नहीं चढ़ते हैं, द्रौपदी की तरह।

राष्ट्रवादी युद्ध अंतिम विकल्प होना चाहिए और एक सीमित उद्देश्य के लिए होना चाहिए और जब उद्देश्य की प्राप्ति हो जाये तो सम्मानजनक समझौता करके युद्ध से बाहर निकल आना ही श्रेयस्कर होगा। इसलिए सीज फायर एक सुलझा हुआ निर्णय था। जो लोग सीज फायर का विरोध कर रहें हैं,उनका कोई बच्चा फौज में लड़ाई में नहीं है। एतदर्थ भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र दामोदरदास मोदी बधाई के पात्र हैं।भारत सत्य और अहिंसा का पुजारी रहा है। मोदी जी का कहना है कि परमाणु शक्ति का उपयोग मानव कल्याण में हो,किसी दूसरे राष्ट्र के आंतरिक कार्यों में हस्तक्षेप न किया जाए, आतंकवाद को विश्व पटल से निर्मूल किया जाए तथा अहिंसा और शांति का ऐसा मंत्र फूंका जाए कि मनुष्य के भीतर बैठा हिंस्त्र सिंह भी खुशी की चौकड़ी भरने लगे और आज के युद्ध की काल रात्रि का तूफान कल के प्रभात को स्वर्णिम शांति का ताज पहना जाए।

### राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के शब्दों में हम कहना चाहेंगे कि

सबकी नसों में पूर्वजों का पुण्य रक्त प्रवाह हो,
गुण शील साहस बल तथा सबमें भरा उत्साह हो।
सबकी नसों में सर्वदा संवेदना की दाह हो,
हमको तुम्हारी चाह हो,तुमको हमारी चाह हो।

# प्रकृति जीवन रेखा है इसकी रक्षा करना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए

झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रांतीय प्रवक्ता सह हिंदी साहित्य भारती के उपाध्यक्ष संजय सर्राफ ने कहा है कि हर वर्ष 5 जून को पूरी दुनिया में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। यह दिन न केवल हमें पर्यावरण के महत्व का स्मरण कराता है, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को भी जागरूकता के रूप में प्रस्तुत करता है। इसकी शुरुआत 1972 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी, जब स्टॉकहोम (स्वीडन) में आयोजित "मानव पर्यावरण पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन" में इस दिन को विशेष रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके बाद 1974 से इसकी विधिवत शुरुआत हुई और तब से हर साल यह दिन किसी एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस का उद्देश्य लोगों को पर्यावरणीय संकटों के प्रति जागरूक करना और उन्हें पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रेरित करना है। आज वैश्विक स्तर पर वनों की कटाई, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता का क्षरण, प्लास्टिक प्रदूषण, वायु और जल प्रदूषण जैसी समस्याएं गंभीर रूप धारण कर चुकी हैं। ऐसे में पर्यावरण दिवस हमें यह याद दिलाता है कि प्रकृति हमारी जीवनरेखा है और इसकी रक्षा करना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। हर साल किसी एक देश को मेजबान बनाकर एक विशेष थीम के साथ यह दिवस मनाया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम "विश्व स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण का अंत" है। यह थीम प्लास्टिक कचरे की गंभीर समस्या से निपटने का एक वैश्विक संकल्प है। हर साल सैंकड़ों मिलियन टन से अधिक प्लास्टिक का उत्पादन होता है, जिसमें से लगभग दो-तिहाई केवल एक बार उपयोग के लिए होता है और जल्दी ही फेंक दिया जाता है. यह प्लास्टिक नदियों और महासागरों को प्रदूषित करता है, हमारी फूड चेन में प्रवेश कर जाता है, और माइक्रोप्लास्टिक के रूप में हमारे शरीर में भी जमा हो जाता है। प्लास्टिक से हो रहे पर्यावरणीय नुकसान की ओर ध्यान आकर्षित करता है। इसी तरह, हर वर्ष एक नई चुनौती और समाधान को लेकर कार्यक्रमों, रैलियों, वृक्षारोपण अभियानों, शिक्षण कार्यशालाओं और सफाई अभियानों का आयोजन होता है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए यह दिन विशेष महत्व रखता है।

आपकी बात



**संजय सर्राफ**



**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# दुनिया को सब दिखाया, पर खुद से क्या छिपाया?

यदि सब कुछ उजागर कर दिया जाए, तो बचेगा क्या? यह सवाल एक धारदार खंजर है, जो हमारे समय के दिल को चीरता है और हमें उस खोए हुए 'मैं' की तलाश में भटकने को मजबूर करता है, जो कभी हमारी आत्मा की आवाज था। सोशल मीडिया का यह युग हमें एक ऐसी भूलभुलैया में ले आया है, जहाँ हर कदम पर हम अपनी निजता, अपनी संवेदनाओं और अपने वजूद को बेचकर बस एक चमकती छवि बनकर रह गए हैं। यह चकाचौंध हमें लुभाती है, लेकिन हर बार जब हम अपनी जिंदगी का एक टकडा दनिया के सामने परोसते हैं, हम अपने भीतर की उस अनमोल शांति को, उस 'मैं' को, थोड़ा और गँवा देते हैं। हर सुबह अब सूरज की किरणों से नहीं, स्मार्टफोन की नीली रोशनी से शुरू होती है। आँखें खुलते ही हम इंस्टाग्राम की रील्स, ट्विटर के ट्रेंड्स और व्हाट्सएप के स्टेटस में डूब जाते हैं। स्टेटिस्टा (2023) के अनुसार, भारत में 50 करोड़ से अधिक लोग सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं, और औसतन हर व्यक्ति दिन के 2.5 घंटे से ज्यादा इस आभासी दुनिया में बिताता है। हमारी जिंदगी अब एक परफेक्ट पोस्ट, एक वायरल रील या एक ट्रेंडिंग हैशटैग बनकर रह गई है। हम क्या खाते हैं, क्या पहनते हैं, कहाँ घूमते हैं-यह सब दुनिया को दिखाना जरूरी हो गया है, लेकिन हमारी आत्मा की चुप्पी, हमारे भीतर का खालीपन, वह कहीं गुम हो गया है। हमारी भावनाएँ अब कैमरे के लेंस से छनकर ही सामने आती हैं, और हमारा सच एक फिल्टर के पीछे छिप जाता है। सोशल मीडिया ने हमें यह सिखाया है कि हमारी कीमत हमारी छवि में है, न कि हमारे वास्तविक होने में। एक परफेक्ट सेल्फी, सही कैप्शन और सैकड़ों लाइक्स—यही अब हमारी पहचान बन गई है। प्यू रिसर्च सेंटर (2022) की एक स्टडी बताती है कि 64% किशोरों का आत्मसम्मान सोशल मीडिया पर उनकी छवि से प्रभावित होता है। हमारी खुशियाँ अब लाइक्स की गिनती पर टिकी हैं, और हमारा दुख तब तक अधूरा है, जब तक वह दुनिया की सहानुभूति न बटोर ले। रिश्ते, जो कभी दो दिलों की फुसफुसाहट में बसते थे, अब स्टोरीज और प्रोफाइल पिक्चर्स की कैद में हैं। प्यार, दोस्ती, दुख-सब कुछ अब एक 'पोस्ट' बनकर रह गया है। यह सिर्फ युवाओं की कहानी नहीं। बच्चे, जो अभी दुनिया को समझने की उम्र में हैं, टिकटॉक और यूट्यूब शॉर्ट्स के ट्रेंड्स में खोए हैं। बुजुर्ग, जो पहले परिवार की चौपाल पर कहानियाँ सुनाते थे, अब व्हाट्सएप ग्रुप्स में फॉरवर्ड्स भेजने में उलझे हैं। जर्नल ऑफ सोशल एंड क्लिनिकल साइकोलॉजी (2021) में प्रकाशित एक शोध बताता है कि सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग चिंता, अवसाद और आत्मसम्मान में कमी का कारण बनता है। फिर भी, हम इस मायाजाल से बाहर निकलने को तैयार नहीं। हम सब इस आभासी दुनिया के कैदी बन चुके हैं, जहाँ हर कोई 'ट्रेंड' करना चाहता है, लेकिन कोई यह नहीं पूछता कि इस दौड़ में हम अपनी आत्मा को कहाँ छोड़ आए हैं। हमारी संस्कृति में एकांत को सदा से एक मूल्य माना गया है। गीता में कहा गया है, "आत्मा का साक्षात्कार एकांत में ही संभव है।" लेकिन आज एकांत को कमजोरी समझा जाता है। अगर कोई अपनी भावनाओं को निजी रखे, तो उसे 'एंटी-सोशल' का तमगा दे दिया जाता है। हर दुख को स्टोरी बनाना, हर खुशी को रील में ढालना, हर पल को दुनिया के सामने परोसना—यह अब जरूरी हो गया है। लेकिन क्या हर आंसू को कैमरे में कैद करना जरूरी है? क्या हर हँसी तभी पूरी है, जब उसे हजारों लोग देख लें? निजता वह अनमोल खजाना है, जो हमें हमारी आत्मा से जोड़ता है। जब हम अपनी हर बात को सार्वजनिक कर देते हैं, तो वह खजाना धीरे-धीरे खाली होता जाता है। सोशल मीडिया ने हमें एक स्क्रिप्टेड जिंदगी जीना सिखाया है। दुख को 'एस्थेटिक' होना चाहिए, खुशी को 'इंस्टाग्रामेबल'। हम जैसे हैं, वैसे दिखना अब कमजोरी माना जाता है। हम अपने असली चेहरे को छिपाकर एक ऐसा 'वर्जन' जीने लगे हैं, जो ज्यादा लाइक्स बटोरे, ज्यादा शेयर हो। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी (2024) का एक अध्ययन कहता है कि सोशल मीडिया पर अत्यधिक समय बिताने वाले लोग अपनी वास्तविक पहचान से कट रहे हैं, जिससे 'आइडेंटिटी क्राइसिस' की समस्या बढ़ रही है। हम अपनी मौलिकता, अपनी संवेदनाएँ, और अपनी आत्मा को इस चकाचौंध में गिरवी रख चुके हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

तस्वीरें मुस्कराती हैं, पर भीतर कोई रोता है

देश की बात



**प्रो. आरके जैन**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

हमको फलता देखकर, बाहर कई विभोर।
हम अपने ही सामने, सिद्ध हुए कमजोर।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# पाकिस्तान भारत के दम को आजमाने की भूल न करें

भारत ने पहलगाम के नृशंस एवं बर्बर आतंकी हमले का जिस पराक्रम एवं शौर्य से बदला लिया, लेकिन विडम्बना है कि उस एकदम स्पष्ट सन्देश से पाकिस्तान ने कोई सबक नहीं लिया, पाकिस्तान की ऐसे सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक से भी अक्ल नहीं आयी। पाकिस्तान ऐसे कुत्ते की दूम है, जिसे चाहे कितना ही तरोड़ों-मरोडो वह टेढ़ी की टेढ़ी ही रहने वाली है। लेकिन इस बार भारत ने एक बड़ा सबक लिया है कि पाक के किसी भी झांसे एवं घड़ियाली आंसुओं में वह नहीं आयेगा। इसीलिये भारत हर मोर्चे पर सतर्क एवं सावधान है। भारत ने गैर-सामरिक एवं सामरिक मोर्चे पर सर्तकता दिखाते हुए तमाम समीकरण ही नहीं बदले हैं बल्कि भारत की सुरक्षा एवं आतंकवाद के खिलाफ सख्ती को तीक्ष्ण धार दी है। अब कोई भी आतंकी हमला युद्ध की चुनौती के रूप में लिया जाएगा और उसकी कड़ी एवं विध्वंसक प्रतिक्रिया ही होगी। भारत किसी परमाणु ब्लैकमेलिंग का शिकार नहीं होगा। आतंकियों और उनके समर्थकों में कोई भेद नहीं किया जाएगा। भारत आतंकवाद एवं कश्मीर के मामले में किसी भी महाशक्ति की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। भारत ने हाल की स्थितियों में जो भी निर्णय लिये स्व-विवेक से लिये, अमेरिका की इसमें कोई भूमिका नहीं रही। पाक भारत के दम को कमतर न आंके और उसे आजमाने की भूल न करें। भारत के कतिपय राजनीतिक दल एवं कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब भारत विजयी स्थिति में आगे बढ़ रहा था तब उसने शांति की पहल क्यों स्वीकार की? भारत ने बड़ी जीत हासिल कर ली थी और उससे भी बड़ी जीत के लिये उसकी तैयारी थी तो संघर्ष विराम क्यों किया? इसका जवाब भारत के शीर्ष नेतृत्व ने एकदम सरल तरीके से दिया है कि भारत ने अपने सभी लक्ष्य हासिल किए। भारतीय सेना को छह-सात मई की रात पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को नष्ट करने के बाद उसके प्रमुख एयरबेस इसलिए नष्ट करने पड़े, क्योंकि उसने अपने यहां के आतंकी अड्डों को निशाना बनाए जाने से चिढ़कर भारत पर मिसाइल और ड्रोन दागने शुरू कर दिए थे। लाहौर और सियालकोट के एयर डिफेंस ध्वस्त कर दिए गए। 11 पाकिस्तानी एयरफील्ड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए। इनमें रावलपिंडी स्थित सामरिक महत्व वाला नूर खान बेस, सरगोधा में मुशाफ बेस और जैकबाबाद में शाहबाज बेस प्रमुख हैं। चूंकि भारतीय सेना की अभूतपूर्व जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान बुरी तरह पस्त पड़ गया, इसलिए उसने सैन्य कार्रवाई रोकने की गुहार लगाई-भारत से भी और अमेरिका से भी। लेकिन यह स्पष्ट है कि अमेरिका की सैन्य कार्रवाई रोकने में कोई भूमिका नहीं थी। भारत आपरेशन सिंदूर इस शर्त पर स्थगित करने को तैयार हुआ कि इसके आगे की कार्रवाई में पाक की जनता को ही अधिक नुकसान एवं परेशानी झेलनी थी। भारत ऐसा नहीं चाहता था कि पाक आकाओं की नासमझी का शिकार आम-जनता हो। भारत ने आतंकी ढांचे को ध्वस्त कर दिया और जब पाकिस्तान ने भारतीय नागरिकों को निशाना बनाया तब भी भारतीय प्रतिक्रिया संयमित एवं उचित दायरे में रही। पाक दुष्प्रचार की पोल खोलने के लिए खुद प्रधानमंत्री आदमपुर एयरबेस गए। वह जिस सी-130जे सुपर हरक्युलिस से उतरे वही पाक के दावों को झुठलाने के लिए बहुत था। पाक के झूठे दावे अनेक बार तार-तार हुए है। अब भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प व्यक्त किया है कि आतंकियों और उनके आकाओं की कोई भी हरकत के परिणाम उनकी कल्पनाओं से भी परे होंगे। भारत कभी झूकेगा नहीं, युद्ध जैसी स्थितियां अस्तित्व बचाने के लिये ही है, किसी पर आधिपत्य करने के लिये नहीं। भारत-पाक के बीच सैन्य टकराव रुक जाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह श्रेय लेने में देर नहीं लगाई कि उनके हस्तक्षेप के कारण दोनों देश हमले रोकने को राजी हुए। यह दावा झूठा ही नहीं, बल्कि बेबुनियाद था। ट्रंप ने इसे संघर्ष विराम की संज्ञा देते हुए कहा कि मैंने व्यापार का हवाला देकर दोनों देशों की लड़ाई रोकी। इस पर भारत ने साफ कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति से व्यापार को लेकर कोई बात नहीं हुई। ट्रंप का दावा उस समय थोथा भी साबित हो गया, जब अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय व्यापार न्यायालय ने उनकी इस दलील को ठुकरा दिया कि उन्होंने ट्रेड की बात करके ही भारत और पाक के बीच सैन्य टकराव थामा। न्यूयार्क स्थित इस संघीय अदालत ने उनकी टैरिफ नीति को भी अवैध बता दिया। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**ललित गर्ग**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



## आयोजन का स्थान और अवसर

- स्थान: बंधवा (प्रयागराज) स्थित लेटे हुए हनुमान जी का मंदिर।
- अवसर: ज्येष्ठ माह का चौथा मंगलवार (बुढ़वा मंगल), जो विशेष रूप से हनुमान जी की पूजा के लिए जाना जाता है।
- बड़े मंगल की शुरुआत 13 मई से हुई थी, और 10 जून को समाप्त होगी।

## धार्मिक गतिविधियाँ और श्रद्धालु

- ब्रह्म मुहूर्त से ही भक्तों की लंबी कतारें लग गई थीं।
- मंदिर परिसर "जय श्रीराम" और "जय-जय हनुमान" के जयकारों से गूंजता रहा।
- श्रद्धालु तुलसी की माला, लड्डू, और अन्य प्रसाद चढ़ाने के लिए उमड़े।
- मंदिर में बैठकर हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ किया गया।

### ज्येष्ठ माह का चौथा मंगलवार

# प्रयागराज में लेटे हनुमान जी की पूजा कर श्रद्धालुओं ने की सुख-शांति की कामना

**प्रयागराज (आईएएनएस)**

ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार के दिन प्रयागराज के बंधवा स्थित लेटे हुए हनुमान जी के मंदिर में ब्रह्म मुहूर्त से ही भक्तों की कतार लगी रही। हनुमान जी का दर्शन-पूजन करने के दौरान मंदिरों का परिसर जय श्रीराम, जय-जय हनुमान के जयकारों से गूंज उठा। बड़े मंगल की शुरुआत 13 मई से हुई है और 10 जून को समाप्त हो जाएगी।

इस दौरान तुलसी की माला, लड्डू चढ़ाने के लिए होड़ लगी रही, मंदिर परिसर में बैठकर भक्त हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करते रहे। इस दौरान सुरक्षा के भी विशेष इंतजाम किए गए थे, जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार से दिक्कत ना हो सके और दर्शन पूजन करके सुरक्षित अपने गंतव्य को जा सके। ज्येष्ठ माह के सभी मंगलवार को बड़ा या बुढ़वा मंगल कहते हैं। इस दिन विशेष रूप से भगवान हनुमान जी की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस दिन बजरंगबली की उपासना व उपवास रखने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। दर्शन के लिए आईं श्रद्धालु रीता ने बताया कि आज ज्येष्ठ माह का चौथा मंगल है, इसलिए यहां दर्शन करने के लिए हम आए हैं, इसका बड़ा ही महत्व है। बजरंगबली के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। श्रद्धालु अंकित पांडे ने बताया कि हमने दर्शन कर अपने अच्छे भविष्य की कामना के लिए बजरंगबली से प्रार्थना की है। मैं अभी पढ़ाई कर रहा हूं और सरकारी नौकरी की तैयारी भी कर रहा हूं। भगवान से जल्द नौकरी की याचना की है।

सुधाकर मिश्रा ने बताया कि यहां दर्शन करने के लिए लोग दूर दराज से आते हैं। उन्होंने पूजा कर परिवार में सुख शांति की कामना की है। संजय ने बताया कि आज ज्येष्ठ माह का चौथा मंगल है जिसको बुढ़वा मंगल भी कहा जाता है। संगम पर लेटे हनुमान जी का बहुत ही महत्व है। यहां पर पूजा अर्चना करने के बाद की गई कामना सफल होती है। हम हर मंगलवार को यहां दर्शन के लिए आते हैं, लेकिन आज के दिन का महत्व ज्यादा है। एक अन्य श्रद्धालु ने बताया कि संगम नगरी बड़े हनुमान महाराज के दरबार में आए हैं, दर्शन कर परिवार के स्वास्थ्यऔर सुख-शांति की कामना की है।

## तरनतारन से आईएसआई के लिए जासूसी करने वाला गिरफ्तार

**तरनतारन (आईएएनएस)**

पंजाब पुलिस ने काउंटर-इंटेलिजेंस के साथ मिलकर एक बड़ी कार्रवाई में तरनतारन से गगनदीप सिंह उर्फ गगन को गिरफ्तार किया है। गगनदीप पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के लिए जासूसी करने का आरोप है। वह ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना की गतिविधियों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी साझा कर रहा था। पंजाब पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि गगनदीप तरनतारन के मोहल्ला रोड़ूपुर, गली नज़र सिंह वाली का निवासी है। वह पिछले पांच साल से पाकिस्तान स्थित खालिस्तानी समर्थक गोपाल सिंह चावला के संपर्क में था। चावला के जरिए उसका संपर्क आईएसआई के संचालकों से हुआ। गगनदीप ने सेना की तैनाती और रणनीतिक स्थानों की गोपनीय जानकारी साझा की, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा थी।पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया, जिसमें आईएसआई के 20 से अधिक संपर्कों का विवरण और साझा की गई खुफिया जानकारी मौजूद थी। डीजीपी ने बताया कि गगनदीप को आईएसआई से पैसे भी मिले थे।

## मुंबई एयरपोर्ट पर 51.1 करोड़ की कोकीन बरामद, विदेशी नागरिक हुआ गिरफ्तार

**मुंबई (हि.स.)**

मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग की एयर इंटेलिजेंस यूनिट की टीम ने मंगलवार को एक विदेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 52 करोड़ रुपये कीमत की कोकीन बरामद हुई है। उसने यह कोकीन अपने शरीर के अलग-अलग हिस्से में छिपा रखी थी। इस मामले की गहन छानबीन कस्टम टीम कर रही है।

कस्टम सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि उनकी एयर इंटेलीजेंस यूनिट को विदेश से ड्रग सहित तस्कर के आने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इस पर कस्टम टीम मुंबई एयरपोर्ट पर निगरानी कर रही थी। जैसे ही संदिग्ध विदेशी एयरपोर्ट पर पहुंचा, तो उसे पकड़ लिया गया। अधिकारियों ने उसकी तलाशी ली। उस शख्स ने कमरबंद (ऑर्थो वेस्ट बेल्ट) और पैर के सहारे (काफ सपोर्टर) में कुल 5194 ग्राम कोकीन छिपा रखी थी। सफेद पाउडर जैसे दिखने वाले इस पदार्थ की फील्ड टेस्टिंग की गई, जिसमें यह कोकीन साबित हुई। इस कोकीन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 51.94 करोड़ रुपये आंकी गई है। इसके बाद कस्टम टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है और उससे गहन पूछताछ की जा रही है।

### 'नुकसान नहीं, नतीजे मायने रखते हैं'

# सीडीएस अनिल चौहान बोले, 8 घंटे में पाकिस्तान को घुटने पर लाया

**ऑपरेशन सिंदूर पर स्थिति**

- ऑपरेशन सिंदूर अभी समाप्त नहीं हुआ है, यह जारी है
- वर्तमान में स्थिति को केवल "शत्रुता का अस्थायी विराम" बताया गया है



**नई दिल्ली । एजेंसी**

भारतीय सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि भारत असफलताओं पर ध्यान नहीं दे सकता है और उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ देश के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना की। महाराष्ट्र के पुणे में 'भविष्य के युद्ध और युद्ध' पर एक विशेष व्याख्यान देते हुए सीडीएस चौहान ने कहा कि किसी भी कार्रवाई का परिणाम महत्वपूर्ण होता है। जनरल अनिल चौहान ने कहा कि जब मुझसे हमारे पक्ष में हुए नुकसान के बारे में पूछा गया, तो मैंने कहा कि ये महत्वपूर्ण नहीं हैं। परिणाम और आप कैसे कार्य करते हैं, ये महत्वपूर्ण है। नुकसान के बारे में बात करना बहुत सही नहीं होगा। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने आगे कहा कि मान लीजिए कि आप एक क्रिकेट टेस्ट मैच में जाते हैं, और आप एक पारी से हार जाते हैं, तो कितने विकेट, कितनी गेंदें और कितने खिलाड़ी हैं, इसका कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने कहा कि तकनीकी मापदंडों के आधार पर, हम यह विशेष डेटा निकालेंगे और आपके साथ साझा करेंगे। हम आपको बताएंगे कि हमने कितने विमान नष्ट किए और हमने कितने रडार नष्ट किए। हम इसका एक मोटा आकलन करेंगे और जल्द ही इसके बारे में बताएंगे।

अनिल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। यह जारी है। यह शत्रुता का अस्थायी विराम है। हमें अपनी चौकसी बनाए रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारी तरफ से, हम लंबे समय तक संघर्ष में नहीं पड़ना चाहते थे। हमने ऑपरेशन प्रकरम में अपना अनुभव देखा है। हम लगभग नौ महीने तक वहां रहे। इसमें बहुत अधिक खर्च होता है, सब कुछ बाधित होता है। हमने बालाकोट के बाद कुछ हद तक यह देखा था, वहां एक तैनाती थी जिसे हमने जुटाया था। इस विशेष मामले में, जो हुआ वह यह था कि इस जुटाव को पूरा करने से पहले, ऑपरेशन रोक दिया गया था। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। यह जारी है। यह शत्रुता का अस्थायी विराम है। हमें अपनी चौकसी बनाए रखने की जरूरत है। जहां तक पाकिस्तानी पक्ष का सवाल है, मैं दो अनुमान लगा सकता हूं। एक, वे बहुत लंबी दूरी पर तेजी से चीजें खो रहे थे, और उन्होंने सोचा कि अगर यह कुछ और समय तक जारी रहा, तो वे और अधिक खोने की संभावना है, और इसलिए उन्होंने फोन उठाया।

अनिल चौहान ने कहा कि 10 मई को लगभग 1 बजे, उनका (पाकिस्तान का) उद्देश्य 48 घंटों में भारत को अपने घुटनों पर लाना था। कई हमले किए गए और किसी तरह से, उन्होंने इस संघर्ष को बढ़ा दिया, जिसमें हमने वास्तव में केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन जिसके बारे में उन्होंने सोचा था कि यह 48 घंटों तक चलेगा, लगभग 8 घंटों में बंद हो गया और फिर उन्होंने टेलीफोन उठाया और कहा कि वे बात करना चाहते हैं।

### पर्यटकों की गिरती संख्या पर बोले फारूक अब्दुल्ला

## हमें माता वैष्णो देवी जाना पड़ेगा, लोगों को बुलाना पड़ेगा

**जम्मू-कश्मीर । एजेंसी**



नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को खीर भवानी मेला और हजरत मीर सैयद अली हमदानी के उर्स दोनों के जश्न का स्वागत किया और इसे कश्मीर में सांप्रदायिक सद्भाव का प्रतीक बताया। उन्होंने राष्ट्रीय प्रगति के लिए एकता के महत्व पर जोर दिया। एएनआई से बात करते हुए फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि यह खुशी की बात है कि खीर भवानी का मेला और हजरत मीर सैयद अली हमदानी का उर्स आज मनाया जा रहा है। घाटी में हमेशा भाईचारा रहा है। हम इस भाईचारे को पूरे देश में देखना चाहते हैं। अगर हम एकजुट रहेंगे, तो हम तरक्की करेंगे।

खीर भवानी मेला कश्मीरी पंडित समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण वार्षिक धार्मिक उत्सव है। यह गंदेरबल जिले के तुल्ला मुल्ला गांव में खीर भवानी मंदिर में आयोजित किया जाता है। यह मंदिर देवी दुर्गा के एक रूप देवी रागन्या देवी को समर्पित है और इसे कश्मीरी हिंदुओं के लिए सबसे पवित्र स्थलों में से एक माना जाता है। अब्दुल्ला ने पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद तीर्थयात्रियों की संख्या में आई गिरावट पर चिंता जताते हुए श्रद्धालुओं से कटरा में माता वैष्णो देवी मंदिर जाने की अपील की।

अब्दुल्ला ने एएनआई से कहा कि हमें कटरा में माता वैष्णो देवी के दर्शन करने जाना चाहिए और लोगों से वहां जाने की अपील करनी चाहिए। माता वैष्णो देवी के दर्शन करने वालों की संख्या में कमी आई है। हाल ही में हुए युद्ध की त्रासदी के बाद लोग डरे हुए हैं। पहलगाम की घटना का असर पूरे देश में देखने को मिला। इससे पहले अब्दुल्ला ने पर्यटकों से जम्मू-कश्मीर लौटने का आग्रह किया था और इस बात पर जोर दिया था कि यह क्षेत्र हिंसा नहीं बल्कि शांति चाहता है। उन्होंने पहलगाम जैसे स्थानों पर पर्यटन और लोगों की आजीविका पर आतंकवादी हमलों के नकारात्मक प्रभाव पर चिंता व्यक्त की, खासकर वार्षिक अमरनाथ यात्रा से पहले।

## आतंकियों के मददगार 3 सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

**नई दिल्ली** । जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिज्ब-उल-मुजाहिदीन (एचएम) के साथ कथित संलिप्तता के लिए तीन सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त करने का आदेश दिया। संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत की गई यह कार्रवाई राज्य के संस्थानों में आतंकवाद और उसके समर्थन नेटवर्क पर प्रशासन की चल रही कार्रवाई का हिस्सा है। बर्खास्त किए गए तीन कर्मचारी - मलिक इश्फाक नसीर, जम्मू-कश्मीर पुलिस में कांस्टेबल; एजाज अहमद, स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षक; और वसीम अहमद खान, सरकारी मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर में जूनियर असिस्टेंट है।

## देश में 4,000 से ज्यादा लोग कोरोना संक्रमित, 24 घंटे में पांच की मौत

**नई दिल्ली (हि.स.)**। भारत में कोरोना की रफ्तार तेजी से बढ़ रही है। देश में मंगलवार तक कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या 4,000 को पार कर गई। पिछले 24 घंटों में पांच लोगों की मौत हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने केरल में एक, महाराष्ट्र में दो, तमिलनाडु में एक और पश्चिम बंगाल में एक व्यक्ति की कोरोना की वजह से मौत की पुष्टि की है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना संक्रिमत लोगों की संख्या 4026 है। सबसे ज्यादा संक्रमित लोग केरल में मिले हैं। इनकी संख्या 1416 है। महाराष्ट्र में संक्रमित लोगों की संख्या 494, गुजरात में 397 और दिल्ली में 393 है। हालांकि पिछले 24 घंटे में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में संक्रमित लोगों की संख्या में 90 की कमी आई है।

# हरिद्वार जमीन घोटाले को लेकर धामी सरकार की बड़ी कार्रवाई

### डीएम-एसडीएम समेत दर्जन भर अधिकारी सस्पेंड

**नई दिल्ली । एजेंसी**

भ्रष्टाचार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पुष्कर सिंह धामी सरकार ने मंगलवार को भूमि घोटाले के सिलसिले में हरिद्वार के जिला मजिस्ट्रेट (डीएम), उप-विभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) और नगर आयुक्त को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। यह मामला कथित तौर पर 14 करोड़ रुपये की कीमत वाली जमीन के एक टुकड़े को 54 करोड़ रुपये में खरीदने से जुड़ा है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी द्वारा जांच के आदेश के बाद पहली बार सभी वरिष्ठ अधिकारियों को एक साथ निलंबित किया गया। उत्तराखंड प्रशासन के सचिन रणवीर के नेतृत्व में एक जांच के बाद सरकार को एक व्यापक 100-पृष्ठ की रिपोर्ट सौंपी गई, जिसमें दो आईएएस अधिकारियों और एक राज्य सिविल सेवा अधिकारी सहित 12 अधिकारियों को दोषी ठहराया गया था, जिसके बाद यह अभूतपूर्व प्रशासनिक फेरबदल हुआ। मामले को राज्य सतर्कता विभाग को सौंप दिया गया है, जिसे सरकारी अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के मामलों की जांच करने का काम सौंपा गया है।



# ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ करना शर्मिष्ठा पनोली को बहुत भारी पड़ गया?

### कंटेंट क्रिएटर के मुंह से निकला एक शब्द जिंदगी बर्बाद कर रहा

**कोलकाता । एजेंसी**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को इंस्टाग्राम कंटेंट क्रिएटर शर्मिष्ठा पनोली को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया और कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता किसी व्यक्ति को 'दूसरों को चोट पहुँचाने की इच्छा' नहीं देती है। इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर और कानून की छात्रा शर्मिष्ठा पनोली ने ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर एक समुदाय के खिलाफ कथित तौर पर विवादास्पद बयान देने के लिए खुद को विवादों के केंद्र में पाया। पिछले हफ्ते उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद कोलकाता पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। मामले की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति पार्थ सारथी चटर्जी ने अंतरिम जमानत देने से इनकार करते हुए कहा, "देखिए, हमारे पास अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप दूसरों को चोट पहुँचाते रहेंगे। ये जानकारी लाइव लॉ ने रिपोर्ट की है।

**शर्मिष्ठा पनोली विवाद :** शर्मिष्ठा पनोली ने "ऑपरेशन सिंदूर" की पृष्ठभूमि में इंस्टाग्राम और एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर अपनी अपमानजनक टिप्पणी के साथ पैगंबर मोहम्मद का अपमान किया था। विरोध के बाद उन्होंने सामग्री को हटा दिया और एक्स पर सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगी। हालाँकि 15 मई, 2025 को उनके खिलाफ़ एक प्राथमिकी दर्ज होने के बाद उन्हें गुरुग्राम में गिरफ़्तार कर लिया गया था। दो दिन बाद 17 मई को कोलकाता पुलिस ने गिरफ़्तारी वारंट जारी किए। वीडियो वायरल होने के बाद,भी X पर ट्रेंड करने लगा। सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने शर्मिष्ठा के इंस्टाग्राम पोस्ट के कमेंट सेक्शन में बाढ़ ला दी, जिसके बाद उन्हें वीडियो हटाने और सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगने के लिए मजबूर होना पड़ा। गिरफ्तारी के बाद पनोली को शनिवार को कोलकाता के अलीपुर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**शर्मिष्ठा पनोली के खिलाफ आरोप :** पुलिस सूत्रों के अनुसार, पनोली के खिलाफ धारा 196 (1)(ए) धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा, जाति या समुदाय के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना, 299 (नागरिकों के किसी भी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जानबूझकर किया।



**शर्मिष्ठा पनोली के वकील ने क्या तर्क दिया?**

मामले की सुनवाई के दौरान, शर्मिष्ठा पनोली के वकील ने तर्क दिया कि उनकी गिरफ्तारी गैरकानूनी थी क्योंकि एफआईआर में उल्लिखित आरोप गैर-संज्ञेय थे, और उन्हें कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई थी - जो कि नए बीएनएसएस कानूनों के तहत अनिवार्य होता।

## आज का राशिफल

**मेष :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**वृष :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी व अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**कर्क :** किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी।

**सिंह :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**कन्या :** शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**तुला :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपये पैसों की सुविधा मिल जाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**धनु :** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग बना है। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**मकर :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। खान-पान में सावधानी रखें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है।

**कुंभ :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मीन :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान बढ़ेगा।

### यूपी सरकार का बड़ा फैसला

# पुलिस और पीएसी की भर्ती में अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण

**लखनऊ (आईएएनएस)**



उत्तर प्रदेश सरकार ने अग्निवीरों के लिए बड़ा फैसला लिया है। यूपी पुलिस और पीएसी की भर्ती में 20 प्रतिशत का आरक्षण की व्यवस्था की गई है। मंगलवार को सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया है। कैबिनेट की बैठक के बाद वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि भारत सरकार द्वारा अग्निपथ योजना शुरू की गई है, जो देशभक्त और प्रेरित युवाओं को सशस्त्र बलों (भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना) में सेवा करने का अवसर देती है। इसके तहत अग्निवीरों का पहला बैच 2026 में सेवा से बाहर आएगा, जिसमें 25 प्रतिशत अग्निवीरों को सशस्त्र बलों में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा और 75 प्रतिशत अग्निवीर सशक्त और कार्यकुशल होकर समाज की मुख्यधारा में पुनः शामिल होंगे। पूर्व अग्निवीरों की भर्ती के लिए रिक्तियों के आरक्षण के संबंध में उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी, पीएसी, आरक्षी घुड़सवार एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को (4 साल की सेवा के पश्चात) 20 प्रतिशत पद को आरक्षित रखते हुए क्षैतिज आरक्षण प्रदान किए जाने का प्रस्ताव है। भूतपूर्व सैनिक की तरह अग्निवीर के रूप में की गई सेवा अवधि को घटाते हुए अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

इसके अलावा उत्तर प्रदेश में अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण के प्रस्ताव पर मुहर लगी। इसके तहत जो राशन की दुकानें गली या संकरी सड़कों पर हैं, उनके लिए ऐसी जगह भवन बनेगा, जहां आसानी से ट्रक जा सके। नए भवन में गोदाम और वितरण स्थल दोनों होंगे। इसके लिए 200 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इन्हें मनरेगा से बनाया जाएगा। जिलों में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण होगा। इसके साथ ही, इन भवनों के अनुरक्षण की व्यवस्था का भी प्रावधान किया गया है।

## उत्तर प्रदेश होम स्टे नीति

- कैबिनेट बैठक में नई नीति को मंजूरी मिली है।
- धार्मिक स्थलों के आसपास होम स्टे की सुविधा विकसित की जाएगी।
- 1 से 6 कमरों तक की व्यवस्था की जा सकेगी (अधिकतम 12 बेड तक)।
- श्रद्धालु 7 दिन तक एक साथ रुक सकेंगे।

# वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ सुस्त होगी : जापानी फर्म नोमुरा

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जापानी ब्रोकरेज फर्म नोमुरा का अनुमान है कि भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 2025-26 में घटकर 6.2% रह जाएगी। जो पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में 6.5% रही थी। नोमुरा की इस नई रिपोर्ट में कहा गया है कि जीएसटी कलेक्शन, वाहन बिक्री व बैंक क्रेडिट ग्रोथ जैसे हाई-फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर्स में अंतर नजर आ रहा है। यही 'डाइवरजेंस' आने वाले समय में आर्थिक ग्रोथ को थोड़ा धीमा कर सकता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2023-24 में जीडीपी ग्रोथ 9.2% थी जो 2024-25 में घटकर 6.5% रह गई। आरबीआई का भी मानना है कि ग्रोथ फिलहाल 6.5% के आसपास बनी रह सकती है। नोमुरा ने हालांकि मार्च 2026 के लिए निफ्टी का टारगेट बढ़ाकर 26,140 कर दिया है, जो पहले 24,970 तय किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह संशोधन मैक्रोइकोनॉमिक ट्रेंड्स के आधार पर किया गया है। इस बीच, अमेरिकी ब्रोकरेज हाउस बोफा सिक्योरिटीज ने शेयर बाजार के मौजूदा वैल्यूएशन को लेकर थोड़ी सावधानी बरतने की सलाह दी है। कंपनी के मुताबिक, निकट भविष्य में बाजार अपनी ऊपरी सीमा के करीब है।



● जीडीपी की वृद्धि दर घटकर 6.2% रह जाएगी

## पाकिस्तान को मिटा देंगे तुर्की बीच में आया तो उसे भी

### भारत पर यूरोपीय देश का बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली ।** यूरोप के एक ताकतवर देश ने भारत का नाम लेकर पाकिस्तान और तुर्की की धज्जियां उड़ा दी हैं। यूरोप का ये देश भारत के दुश्मन तुर्की और पाकिस्तान से बहुत परेशान है। पाकिस्तान के लोगों ने तो इस यूरोपीय देश को बर्बाद कर रखा है। इसलिए यूरोप के इस देश ने भारत को एक जबरदस्त आइडिया दिया है। दरअसल, बात यहां पर ग्रीस की हो रही है। ग्रीस का कहना है कि हमारे लिए भी पाकिस्तान और तुर्की बड़ा खतरा है। ये दोनों वो देश हैं जिन्होंने मिलकर भारत पर हमला किया था। ग्रीस का मानना है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्की ने खुलकर पाकिस्तान की मदद की।

## वसुधैव कुटुम्बकम पर जोर टेरर से ट्रेड होगा इग्नोर

**नई दिल्ली ।** भारत द्वारा आतंकवाद के विरुद्ध अपने वैश्विक अभियान को तीव्र करने के बीच, भाजपा नेता और सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के ग्रुप 4 की सदस्य बांसुरी स्वराज ने संयुक्त अरब अमीरात, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, सिएरा लियोन और लाइबेरिया की अपनी राजनयिक यात्रा के समापन के दौरान शांति और साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए देश की अटूट प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। स्वराज ने कहा कि व्यापार और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते। खून और व्यापार एक साथ नहीं बह सकते। उन्होंने वसुधैव कुटुम्बकम (पूरी दुनिया एक परिवार है) में भारत के विश्वास और वैश्विक मित्र के रूप में कार्य करने के इसके निरंतर प्रयासों पर जोर दिया।

## पाकिस्तान ने माना

# ऑपरेशन 'सिंदूर' से हुआ हमारा भारी नुकसान

नई दिल्ली (हि.स.)

ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने उन पाकिस्तानी ठिकानों को भी निशाना बनाया था, जिनके बारे में हवाई हमलों के बाद भारतीय वायु सेना या डीजीएमओ ने नहीं बताया था। पाकिस्तान ने 18 मई को कई देशों को सौंपे गए अपने डोजियर में माना है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय मिसाइलों और ड्रोनों से पाकिस्तान में कहीं ज्यादा नुकसान हुआ है।डोजियर में साफ तौर पर दिखाया गया है कि भारत ने पेशावर, झंग, सिंध में हैदराबाद, पंजाब में गुजरांवाला, बहावलनगर, अटॉक और चोर पर हमला किया।पाकिस्तान के एक आधिकारिक डोजियर से पता चला है कि भारत ने अपने बताए गए लक्ष्यों की तुलना में कम से कम सात अधिक लक्ष्यों पर हमला किया। डोजियर के नक्शों में पेशावर, झंग, सिंध में हैदराबाद, पंजाब में गुजरात, बहावलनगर, अटॉक और चोर पर हमले दिखाए गए हैं। पिछले महीने हवाई हमलों के बाद प्रेस वार्ता में भारतीय वायु सेना या सैन्य संचालन महानिदेशक ने इन स्थानों का नाम नहीं लिया था।



### सीमापार किए बिना सटीक हमले

- भारत ने सीमा पार किए बिना हैमर, स्कल्प और अन्य मिसाइलों का प्रयोग कर
- पीओके व पाकिस्तान में 9 आतंकी शिविरों को निशाना बनाया
- निशाने पर थे: जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा, हिजबुल मुजाहिद्दीन के ठिकाने

नए रहस्योद्घाटन से पता चलता है कि भारत ने जितना स्वीकार किया था, उससे कहीं अधिक अंदर तक हमला किया था। इसीलिए ऑपरेशन सिंदूर को रोकने के लिए पाकिस्तान ने भारत से संपर्क करके युद्ध विराम का अनुरोध किया।

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए 26 सैलानियों में विधवा हुई महिलाओं के उजड़े सुहाग को ध्यान में रखते हुए 6/7 मई की आधी रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया। भारत ने बिना सीमा पार किए हैमर, स्कल्प और मिसाइलों से पाकिस्तान और पीओके के नौ आतंकी शिविरों पर हमला करके जैश-ए -मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिद्दीन के ठिकानों को तबाह कर दिया। भारत ने हवाई हमलों के बाद इसकी अधिकृत जानकारी भी दी थी। मैक्सार टेक्नोलॉजीज ने भी उपग्रह इमेज जारी करके ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान सटीक हमलों से हुए नुकसान का खुलासा किया था।

## न्यूजीलैंड की सांसद लारा मैक्लर ने डीपफेक रोकने के लिए कानून बनाने की मांग की


● एआई से 5 मिनट में बनी अपनी न्यूड फोटो संसद में दिखाया और कहा, ये कितना खतरनाक है

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड की महिला सांसद लॉरा मैक्लर ने संसद में अपनी एक एआई जेनरेटेड न्यूड चित्र दिखा कर कहा कि ऐसी फर्जी तस्वीर बनाना कितना आसान है और ये कितना खतरनाक हो सकता है।उन्होंने संसद में कहा कि उन्होंने एक गूगल सर्च के मार्फ़त मिली वेबसाइट का इस्तेमाल करके कुछ ही मिनटों में अपनी डीपफेक तस्वीर बना ली। उन्होंने डीपफेक व एआई को नियंत्रित करने के लिए कानून की मांग की है।उन्होंने कहा- "यह मेरी न्यूड तस्वीर है, लेकिन यह असली नहीं है। मुझे ऐसी डीपफेक तस्वीरें बनाने में पांच मिनट से भी कम समय लगा।" 14 मई को लॉरा ने यह बातें कहीं थी, जो अब वायरल हो रही हैं। लारा ने कहा, "समस्या तकनीक में नहीं है, बल्कि इसका गलत इस्तेमाल करके लोगों को परेशान करने में है। हमें इसका हल निकालना होगा।" उन्होंने कहा कि डीपफेक की ज्यादातर शिकार महिलाएं हो रही हैं। न्यूजीलैंड में अभी डीपफेक को सीधे तौर पर नियंत्रित करने वाला कोई कड़ा कानून नहीं है। लारा डीपफेक डिजिटल हार्म एंड एक्सप्लॉइटेशन बिल का समर्थन कर रही हैं, जो रिवेंज पोर्न व निजी रिकॉर्डिंग से संबंधित मौजूदा कानूनों को अपडेट करेगा। इसके तहत बिना मर्जी के डीपफेक बनाना या साझा करना अपराध होगा। न्यूजीलैंड के विशेषज्ञों का कहना है कि ज्यादातर डीपफेक पोर्न बिना सहमति के बनाए जाते हैं और इनका निशाना ज्यादातर महिलाएं होती हैं।लॉरा ने कहा, "किसी को भी बिना सहमति के डीपफेक पोर्न का निशाना नहीं बनना चाहिए। यह साफ तौर पर उत्पीड़न है। हमारे कानूनों को जल्दी अपडेट करने की जरूरत है।

## पाकिस्तान में कराची की जेल से 216 कैदी भागे

**करांची ।** पाकिस्तान के कराची की मलिर जेल से सोमवार रात 216 कैदी फरार हो गए। जेल प्रशासन के मुताबिक कराची में आए भूकंप के झटकों के बाद ऐहतियातन कैदियों को बैरकों से बाहर निकाला गया था। जियो न्यूज के मुताबिक इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर कैदी मेन गेट से फरार हो गए। इनमें से करीब 80 कैदियों को दोबारा पकड़ लिया गया है, जबकि 135 कैदी अभी भी फरार हैं। जेल सुपरिंटेंडेंट अरशद शाह ने मंगलवार तड़के इसकी पुष्टि की। इससे पहले कई मीडिया रिपोर्ट्स में कैदियों के दीवार तोड़कर भागने की बात कही जा रही थी। गृह मंत्री लांजार ने बताया कि भूकंप के बाद 700 से 1000 कैदियों को बैरकों से बाहर लाया गया था। इसी अफरा-तफरी में 100 से ज्यादा कैदियों ने मेन गेट की तरफ धक्का-मुक्की शुरू की और भाग निकले।

# अदाणी की कंपनी पर ईरान से पेट्रोकेमिकल, एलपीजी आयात का आरोप, अमेरिका ने शुरू की जांच

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिका के न्याय विभाग ने अदाणी समूह की उस भूमिका की जांच शुरू की है जिसमें उस पर ईरान से एलपीजी आयात करने का संदेह है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार कुछ टैंकरों की गतिविधियों व दस्तावेजों में गड़बड़ियों की जांच की जा रही है। अमेरिका के न्याय विभाग ने अदाणी समूह की उस भूमिका की जांच शुरू की है जिसमें उस पर ईरान से पेट्रोकेमिकल उत्पाद (विशेष रूप से एलपीजी) आयात करने का अंदेशा है। यह जानकारी वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट में दी गई है। यह जांच उस वक्त हो रही है जब अदाणी समूह भ्रष्टाचार के एक अलग मामले में समझौते की कोशिश कर रहा है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने इससे पहले 13 अप्रैल को रिपोर्ट किया था कि गौतम अदाणी के वकीलों ने अमेरिका के न्याय विभाग से उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमे को खत्म करने की अपील की थी। इन मुकदमों में अदाणी पर भारत में सौर ऊर्जा अनुबंध हासिल करने के लिए 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर की रिश्वत देने का आरोप है। यह आरोप अक्टूबर 2024 में सार्वजनिक हुए थे, जिसमें अदाणी, उनके भतीजे सागर अदाणी और तीन कंपनियों के छह अन्य अधिकारियों का नाम शामिल था। एक समानांतर मुकदमे में अमेरिका के सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) ने गौतम और सागर अदाणी पर संघीय प्रतिभूति कानूनों के धोखाधड़ी विरोधी प्रावधानों के उल्लंघन का आरोप लगाया है। 5 मई को ब्लूमबर्ग ने बताया था कि अदाणी के वकीलों और ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों के बीच बातचीत तेज हो गई है और आने वाले एक महीने में किसी समझौते तक पहुंचा जा सकता है। वाल स्ट्रीट के 2 जून की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया कि अमेरिकी अभियोजक (प्रॉसिक्यूटर) अदाणी इंटरप्राइजे के लिए एलपीजी की ढुलाई में इस्तेमाल किए गए कुछ टैंकरों की गतिविधियों की समीक्षा कर रहे हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने खाड़ी के बंदरगाहों और अदाणी द्वारा संचालित मुंद्रा बंदरगाह के बीच यात्रा करने वाले एलपीजी टैंकरों के एक समूह का भी पता लगाया। रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें इन जहाजों की गतिविधियां छिपाने की कोशिश के कुछ साफ-साफ संकेत मिले, जिनमें जहाज की लोकेशन बताने वाली स्वचालित पहचान प्रणाली (एआईएस) में हेरफेर करना शामिल है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि ईरानी तेल और गैस उत्पादों के खरीदार अक्सर ओमान और इराक से बने फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करते हैं। इस जांच का फोकस एसएमएस ब्रस नामक एक पनामा-पंजीकृत टैंकर जहाज पर है, जिसे बाद में नील नाम दिया गया।एआईएस डेटा के अनुसार, यह जहाज 3 अप्रैल को इराक के खोर अल जुबैर बंदरगाह पर था. लेकिन उसी दिन की सैटेलाइट तस्वीरों में वहां इस जहाज का कोई निशान नहीं मिला. इसके बजाय, उसी तरह की बनावट वाला एक जहाज ईरान के टोंबाक में एलपीजी टर्मिनल पर खड़ा दिखा. चार दिन बाद यह टैंकर यूएई के तट के पास नजर आया और उसके डेटा से पता चला कि वह पानी में कुछ नीचे बैठा हुआ था — जिससे संकेत मिलता है कि उसने माल लादा था। जहाज ने ओमान के सोहर बंदरगाह के पास लंगर डालने का सिग्नल भेजा था, लेकिन वह वहां वास्तव में लंगर डालता हुआ कभी दिखा ही नहीं। दो दिन बाद अदाणी ग्लोबल पीटीई ने इस जहाज को लगभग 11,250 मीट्रिक टन एलपीजी लोड करने और उसे भारत के मुंद्रा बंदरगाह तक पहुंचाने के लिए अनुबंधित किया।


अमेरिकी प्रॉसिक्यूटर, अडानी इंटरप्राइजे के लिए एलपीजी की ढुलाई में इस्तेमाल किए गए कुछ टैंकरों की गतिविधियों की समीक्षा कर रहे हैं

भारत के कस्टम रिकॉर्ड के मुताबिक, 17 अप्रैल को अदाणी इंटरप्राइजेज ने एक ऐसा ही माल आयात किया, जिसकी कीमत 70 लाख डॉलर से थोड़ी अधिक थी। एसएमएस ब्र ( अब नील ) के दस्तावेजों में पहले भी कई विसंगतियां पाई गई हैं। जून 2024 के एक बांग्लादेशी पोर्ट के दस्तावेज में इसका उल्लेख ईरानी मूल के एलपीजी की डिलीवरी के लिए किया गया था, जबकि एआईएस डेटा में इसे इराक की ओर जाते हुए दिखाया गया था—यह पैटर्न अप्रैल वाले मामले से मेल खाता है। अदाणी के मुंद्रा बंदरगाह से जुड़े तीन और एलपीजी टैंकरों की गतिविधियों में भी गड़बड़ियां मिली हैं। एक जहाज, जिसे उसी कंपनी ने संचालित किया जो नील को मैनेज करती है, वह अमेरिकी सीनेट की उस निगरानी सूची में था जिसमें ईरानी तेल और गैस ले जाने वाले जहाजों का नाम है। एक और जहाज ने खोर अल जुबैर में बंदरगाह पहुंचने का दावा किया, लेकिन सैटेलाइट इमेज में वह वहां नहीं दिखा. चौथा जहाज, जो बार-बार मुंद्रा में डॉक करता है, अमेरिका के ऊर्जा विभाग की 2024 की रिपोर्ट में ईरानी पेट्रोलियम के निर्यातक के रूप में नामित किया गया है। अदाणी समूह ने वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट को पूरी तरह से खारिज किया है और कहा है कि एलपीजी व्यापार 'ऑपरेशनल रूप से महत्वपूर्ण नहीं' है—यह अदाणी इंटरप्राइजेज की कुल 11.7 बिलियन डॉलर की वार्षिक आमदनी का सिर्फ 1.46% है। समूह ने कहा कि वह सभी एलपीजी खरीद विश्वसनीय अंतरराष्ट्रीय आपूर्तिकर्ताओं से अनुबंध के ज़रिए करता है, ओएफएसी प्रतिबंध सूची में शामिल किसी कंपनी से व्यापार नहीं करता और शिपिंग का काम थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक कंपनियों के ज़रिए अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुरूप करवाता है.वॉल स्ट्रीट जर्नल रिपोर्ट में जिन खेपों का उल्लेख किया गया है, उन पर प्रतिक्रिया देते हुए अदाणी ने कहा कि यह एक नियमित वाणिज्यिक लेनदेन था, जिसे थर्ड पार्टी लॉजिस्टिक्स पार्टनर ने मैनेज किया, और दस्तावेजों में सोहर (ओमान) को माल का स्रोत बताया गया है. अदाणी समूह ने यह भी कहा, 'हम इन जहाजों (जैसे एएमएस ब्र / नील ) के मालिक, ऑपरेटर या ट्रैकर नहीं हैं और न ही हमने इन्हें अनुबंधित किया है, इसलिए हम इनकी किसी भी वर्तमान या अतीत की गतिविधियों पर टिप्पणी नहीं कर सकते।' समूह ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि एक प्रामाणिक आयातकर्ता की जो भी जिम्मेदारियां होती हैं, वे पूरी की गई हैं।

# बिल गेट्स अपने बच्चों को अपनी संपत्ति का मात्र 1% ही देंगे, बाकी 99% दान कर देंगे

अभी बिल गेट्स की नेटवर्थ लगभग 175 बिलियन डॉलर है

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बिल गेट्स जो करने जा रहे हैं , उसको जान सुनकर तो भारत के तमाम बड़े उद्योगपतियों के होश उड़ जाएँगे और उनको पागल कहेंगे। क्योंकि माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स अपनी दौलत का बहुत ही कम हिस्सा अपने बच्चों को देने की बात कहे हैं। वह अपनी संपत्ति का ज्यादातर हिस्सा अफ्रीका में स्वास्थ्य व शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए खर्च करेंगे। ये काम अगले 20 सालों में किया जाएगा। इथियोपिया के अदीस अबाबा में अफ्रीकी संघ के मुख्यालय में बोलते हुए बिल गेट्स ने कहा कि उनकी ये कोशिशें अफ्रीका के लोगों की तरक्की में मदद करेंगी और सभी देशों में खुशहाली लाएंगी। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक बिल गेट्स की नेटवर्थ अभी 175 बिलियन डॉलर (1,49,81,98,62,50,000 रू.) है। वह दुनिया के 5वें सबसे धनी व्यक्ति हैं। अनुमान है कि अगले 20 साल यानी 2045 तक उनकी नेटवर्थ 200 बिलियन डॉलर हो जाएगी। ऐसे में उन्होंने फैसला किया है कि वे अपने बच्चों को इसका मात्र 1% ही देंगे। बाकी 99% संपत्ति दान कर देंगे। यानी बिल गेट्स अगले 20 वर्षों में अफ्रीका को 198 बिलियन डॉलर की रकम देने की योजना बना रहे हैं। गेट्स ने अफ्रीकी संघ के मुख्यालय में मौजूद 12,000 अधिकारियों, राजनयिकों और युवाओं से कहा, 'मैंने हाल ही में ये फैसला किया है कि मेरी संपत्ति का ज्यादातर हिस्सा अगले 20 सालों में दान कर दिया जाएगा। इस पैसे का ज्यादातर भाग अफ्रीका में आने वाली मुश्किलों को दूर करने में मदद करेगा।' गेट्स ने अच्छी सेहत व शिक्षा को विकास की नींव बताया। उन्होंने कहा कि सेहत व शिक्षा के जरिए लोगों की क्षमता को बढ़ाकर, अफ्रीका का हर देश तरक्की की राह पर चल सकता है। इस राह का हिस्सा बनना बहुत ही रोमांचक है। गेट्स की संस्था बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान देगी। विशेषकर मां व बच्चे की सेहत को सुधारने पर उनका जोर रहेगा। गेट्स ने समझाया, 'हमने ये सीखा है कि यदि मां गर्भावस्था से पहले, गर्भावस्था के दौरान स्वस्थ रहे व उसे अच्छा पोषण मिले, तो इसके बहुत अच्छे नतीजे मिलते हैं।' उन्होंने ये भी कहा कि बच्चों के पहले चार वर्षों में अच्छा पोषण मिलना उनके भविष्य के लिए बहुत जरूरी है। मालूम हो कि बिल गेट्स ने साल 1975 में पॉल एलन के साथ मिलकर माइक्रोसॉफ्ट की स्थापना की थी। जो जल्द ही सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री में एक बड़ी ताकत बन गई। गेट्स ने कंपनी के रोजमर्रा के कामों से धीरे-धीरे दूरी बना ली। उन्होंने वर्ष 2000 में सीईओ व वर्ष 2014 में अध्यक्ष का पद छोड़ दिया। अब वे ज्यादातर परोपकारी कार्यों पर ध्यान देते हैं, लेकिन माइक्रोसॉफ्ट के सलाहकार के रूप में अभी भी काम करते हैं।



## कहानी फिल्म जगत की

# कमल हासन ने माफी मांगने से किया इनकार

### कहा- कर्नाटक में रिलीज नहीं करेंगे फिल्म

कमल हासन अभिनीत फिल्म 'ठग लाइफ' के निर्माता राजकमल फिल्म्स इंटरनेशनल, चेन्नई द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई मंगलवार को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दी। भाषा विवाद में उलझे कमल हासन ने कर्नाटक में फिल्म की रिलीज के लिए सुरक्षा की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने सुनवाई के कर्नाटक में कन्नड़ समर्थक संगठनों ने उनके बयान का कड़ा विरोध किया और कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स और कन्नड़ संगठनों ने मांग की कि फिल्म को कर्नाटक में रिलीज न किया जाए। फिल्म की प्रोडक्शन कंपनी राजकमल फिल्म्स ने पुलिस सुरक्षा के साथ फिल्म रिलीज करने के लिए कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका दायर की। मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कमल हासन के बयान पर भी टिप्पणी की और कहा कि वे न तो इतिहासकार हैं और न ही भाषा के विशेषज्ञ, इसलिए उन्हें ऐसी टिप्पणियों से बचना चाहिए और जब कर्नाटक की जनता उनसे माफी मांगने को कह रही है तो माफी मांगने में क्या दिक्कत है।



**कानूनी कार्रवाई**

फिल्म की प्रोडक्शन कंपनी राजकमल फिल्म्स ने पुलिस सुरक्षा के साथ फिल्म रिलीज की अनुमति हेतु कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका दायर की

**विवाद की शुरुआत**

- कन्नड़ समर्थक संगठनों ने कमल हासन के एक बयान का कड़ा विरोध किया
- कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स और अन्य संगठनों ने मांग की कि फिल्म कर्नाटक में रिलीज न हो




हर पक्ष पर नजर

# सिमडेगा डीसी कंचन सिंह ने सीएम से की मुलाकात








**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में उपायुक्त दुमका अभिजीत सिन्हा, उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम कर्ण सत्यार्थी, उपायुक्त पश्चिमी सिंहभूम चंदन कुमार, उपायुक्त पलामू समीरा एस, उपायुक्त जामताड़ा रवि आनंद, उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह, उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने शिष्टाचार मुलाकात की।











## मुख्यमंत्री से प्रशासनिक अधिकारियों ने की शिष्टाचार भेंट

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आईजी प्रोविजन पटेल मयूर कन्हैया लाल, आईजी मानवाधिकार नरेंद्र कुमार सिंह, डीआईजी चाईबासा अनुरंजन किस्पोट्टा, एसपी पश्चिमी सिंहभूम राकेश रंजन, एसपी हजारीबाग अंजनी अंजन, एसपी गोड्डा मुकेश कुमार, एसपी लोहरदगा सादिक अनवर रिजवी, एसपी सिमडेगा मो. अर्शी, एसपी खूंटी मनीष टोप्पो ने शिष्टाचार मुलाकात की।

## सरकार के खिलाफ सभी प्रखंडों में 24 को प्रदर्शन करेगी भाजपा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** प्रदेश भाजपा मोदी सरकार के 11 साल पर राज्य में कई कार्यक्रम आयोजित करेगी। इसका उद्देश्य केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना और राज्य सरकार की नाकामियों को उजागर करना है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में बताया कि पांच जून को पर्यावरण दिवस पर लाखों कार्यकर्ता पौधरोपण अभियान की शुरुआत करेंगे। यह अभियान 15 अगस्त तक चलेगा। श्री सिंह ने कहा कि इस दौरान एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम भी चलेगा। पार्टी 10 एवं 11 जून को जिला केंद्रों पर प्रेसवार्ता व प्रोफेशनल मीट आयोजित करेगी। 12 से 14 जून तक मंडल स्तर पर संकल्प सभा आयोजित होंगे। 15 से 17 जून तक पंचायत स्तर पर चौपाल, आयुष्मान भारत योजना का पंजीकरण, 17 से 20 जून योग प्रशिक्षण और 21 जून को योग दिवस कार्यक्रम मंडल स्तर पर आयोजित होंगे। 23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम और 24 जून को सभी 264 प्रखंड में पार्टी राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। 25 जून को लोकतंत्र हत्या दिवस, 29 जून को मन की बात कार्यक्रम और 30 जून को हूल दिवस के कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रदेश महामंत्री, सांसद एवं कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक आदित्य साहू ने कहा कि मोदी सरकार है, जो प्रतिवर्ष देश की जनता को अपने कार्यक्रमों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करती है। जिस जनता ने मोदी सरकार पर भरोसा किया, उनके सामने आंकड़ों के साथ उपलब्धियों को बताना अपनी जिम्मेवारी समझती है। कार्यशाला का संचालन प्रदेश मंत्री सरोज सिंह व धन्यवाद ज्ञापन पूर्व सांसद सुनील सोरेन ने किया। कार्यक्रम में सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, राकेश प्रसाद, नीलकंठ सिंह मुंडा, आरती कुजूर, गणेश मिश्र, दुर्गा मरांडी, सीमा पासवान, सुनीता सिंह, समेत सहित जिलों के अध्यक्ष, महामंत्री व कार्यक्रम के जिला संयोजक व सह संयोजक उपस्थित रहे।

### 'केंद्र विकसित भारत के लिए संकल्पित'

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कार्यशाला में कहा कि देश की जनता ने विकसित भारत, स्वाभिमानी भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए तीसरी बार मोदी सरकार के संकल्प को पूरा किया है। जनता की उम्मीदों और विश्वासों पर मोदी सरकार लगातार 11वें वर्ष भी खरा उतर रही है। आज भारत का पूरी दुनिया में डंका बज रहा। भारत आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था का देश बन गया। मोदी सरकार विकास और विरासत दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ रही। कहा कि आतंकवाद के खिलाफ आक्रामक लड़ाई में भारत ने पाकिस्तान को घुटने टेकने को मजबूर किया है।

# लंदन में भारतीय दल का झारखंड और बिहार के लोगों ने किया स्वागत

- लंदन में सांसद रवि शंकर प्रसाद के नेतृत्व में भारत से ऑपरेशन सिंदूर प्रतिनिधिमंडल लंदन पहुंचा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** लंदन में सांसद रवि शंकर प्रसाद के नेतृत्व में भारत से ऑपरेशन सिंदूर प्रतिनिधिमंडल लंदन पहुंचा। जिनका पूरे प्रवासी भारतीय समुदाय ने स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से कुलदीप सिंह शेखावत, प्रशांत कुमार (संयोजक ओएफबीजेपी यूके-बिहार व झारखंड), लक्ष्मी कुमारी (ब्रिटेन में भारत की सांस्कृतिक राजदूत एवं सामुदायिक नेत्री) और कुलदीप सिंह शेखावत शामिल थे।



### भारत आतंकवाद के सामने कभी नहीं झुकेगा

इस दल ने ब्रिटिश मंत्रियों, सांसदों, थिंक टैंक्स और प्रवासी भारतीयों से मुलाकात कर एक स्पष्ट संदेश दिया कि भारत आतंकवाद के सामने कभी नहीं झुकेगा। मौके पर प्रशांत कुमार ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ हमारी सामूहिक गर्जना है। यह हमारा वादा है अपने वतन से कि हम भले ही भौगोलिक रूप से दूर हों, पर हमारा दिल भारत के साथ धड़कता है और हम हमेशा प्रहरी बने रहेंगे।

## मालवा व झारखंड चेंबर साथ मिलकर करेंगे काम : गट्टानी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मालवा चेंबर ऑफ कॉमर्स के आमंत्रण पर फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने साथ मिलकर काम करने की बात कही। चेंबर अध्यक्ष ने मंगलवार को बताया कि इंदौर प्रवास के दौरान बाईलैटरल मीटिंग में शामिल होकर उन्होंने झारखंड और मध्य प्रदेश के बीच व्यापारिक अवसर के निर्माण और उद्योग जगत को सशक्त



बनाने के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। चेंबर अध्यक्ष ने झारखंड चेंबर और मालवा चेंबर के बीच एक ज्वाईंट वर्किंग ग्रुप बनाने का प्रस्ताव दिया। ताकि, संयुक्त प्रयास से पारस्परिक निवेश, क्रॉस इंवेस्टमेंट, बिजनेस डेलिगेशन और इंडस्ट्रीयल पार्टनरशीप को सुविधाजनक बनाने के लिए राज्य की मौजूदा योजनाओं और नीतियों का लाभ उद्यमियों को दिलाने में संयुक्त प्रयास किया जा सके। चेंबर अध्यक्ष ने उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इकोनॉमिक प्रॉसपैरिटी का रास्ता आपसी सहयोग में निहित है। झारखंड चेंबर और मालवा चेंबर एक साथ मिलकर पूर्वी भारत और मध्य भारत के लिए कैटलिस्ट ऑफ ग्रोथ के रूप में काम कर सकते हैं।

बाबूलाल पर झामुमो व कांग्रेस का अशोभनीय टिप्पणी पर भाजपा ने किया हमला

## पूरी सरकार बाबूलाल फोबिया से ग्रसित राजधर्म भूल गए हैं सीएम : प्रतुल शाहदेव

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस की गठबंधन सरकार पर बड़ा हमला किया है। वहीं कहा की पूरी सरकार बाबूलाल फोबिया से ग्रसित है। उग्रवाद के खिलाफ जंग के दौरान बाबूलाल मरांडी के बेटे की शहादत हो गई थी। फिर भी उन्होंने अपने नीति और सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। 2013 में जब हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री थे उसी काल खंड में शिकारीपड़ा में उनके खिलाफ उग्रवादियों ने बड़ी साजिश की। समय पर षड्यंत्र बेनकाब हुआ। ऐसे व्यक्ति के लगाए आरोपों पर सरकार को गंभीरता से संज्ञान लेकर कार्रवाई करने की जगह बेहद ओछी राजनीति से प्रेरित बयान देना यह स्पष्ट करता है कि गठबंधन सरकार के समय राजनीतिक का स्तर गर्त में चला गया है। प्रतुल ने कहा कि बाबूलाल मरांडी जी ने सरकार पर बेहद गंभीरआरोप लगा लगाया था कि उनके ,उनके उनके परिजन और उनके करीबियों के खिलाफ सरकार बड़े लेवल पर षड्यंत्र कर रही है। सरकार इस मुद्दे पर संज्ञान लेने की जगह विभिन्न दलों के प्रवक्ताओं से घटिया बयान बाजी करा रही है। ये स्पष्ट दिख रहा है कि पूरी की पूरी सरकार बाबूलाल फोबिया से ग्रसित है और इनमें सही और गलत का फर्क भी नहीं रहा।

## कानून की मदद लें बाबूलाल : विनोद

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा की ओर से लगाए गए आरोप न केवल तथ्यहीन हैं, बल्कि यह उनके राजनीतिक दिवालियापन का प्रमाण भी है। बाबूलाल मरांडी के प्रति हम सभी सम्मान का भाव रखते हैं, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वे अब भाजपा के एजेंडे का हिस्सा बनकर झूठ और भ्रम फैलाने का कार्य कर रहे हैं। यह बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि वे बाबूलाल मरांडी के निजी पीड़ा का सम्मान करते हैं, लेकिन इससे उन्हें यह अधिकार नहीं मिल जाता कि वे निराधार आरोपों से एक संवैधानिक सरकार की छवि को धूमिल करने की साजिश रचते रहें। उन्होंने कहा कि यदि बाबूलाल मरांडी के पास कोई ठोस सबूत है कि उनके और उनके करीबियों के खिलाफ षड्यंत्र हो रहा है, तो उन्हें कानून की मदद लेनी चाहिए। आखिर वह कब तक राजनीतिक बेचारा बन कर सियासत करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो आंदोलन से निकली पार्टी है जिसने जनसरोकारों के लिए दशकों तक संघर्ष किया है। त्याग का पाठ हमें किसी से सीखने की जरूरत नहीं।

आदिवासी हितों की रक्षा हमारा मूल मंत्र है। बाबूलाल मरांडी ने नगड़ी या किसी अन्य स्थान पर आदिवासियों के हित में क्या कार्य किया, यह सबके सामने है। उन्होंने कहा कि वे जानना चाहते हैं कि भाजपा की सरकारों ने उनके कार्यकाल में कितनी बार नगड़ी जैसे संवेदनशील मामलों को प्राथमिकता दी।

## न्यूज बॉक्स

### संजय सेठ ने साइकिल की सवारी की



**रांची।** विश्व साइकिल दिवस पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ दिल्ली में साइकिल की सवारी की। मंत्री ने 10 किलोमीटर की यात्रा पूरी की। यह उत्साही भागीदारी पर्यावरण के अनुकूल परिवहन और एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए मंत्री की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। साइकिल रैली का नागरिकों और दर्शकों से भी उत्साही समर्थन मिला, जो हरित गतिशीलता पहलों के लिए बढ़ती जागरूकता और प्रशंसा को दर्शाता है।

### बिना आरक्षण रोस्टर क्लीयर किए हो रही होमगार्ड की बहाली : डॉ लंबोदर महतो



- सीएम को पत्र लिखकर होमगार्ड नियुक्ति नियमावली में संशोधन के बाद ही नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का अनुरोध

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने आरक्षण रोस्टर क्लियर किए बगैर होमगार्ड बहाली पर आपत्ति दर्ज की है। उन्होंने सबसे पहले झारखंड होमगार्ड नियमावली, 2014 में संशोधन करने के बाद बहाली की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से होमगार्ड बहाली की प्रक्रिया अपनाई जा रही है उससे झारखंड के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक दृष्टिकोण से पिछड़ा वर्ग के लोग बहाली से बाहर रह जाएंगे। उन्होंने इसको लेकर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र भी लिखा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा है कि होमगार्ड बहाली में जो प्रक्रिया अपनाई जा रही है वह राज्यहित में बिल्कुल नहीं है, इसको देखते नियमावली में संशोधन करने के बाद ही बहाली की प्रक्रिया शुरू किया जाना श्रेयस्कर रहेगा। डॉ लंबोदर महतो ने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया है कि पूरे झारखंड राज्य में अलग-अलग जिलों में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में होमगार्ड के रिक्त करीब 36 हजार पदों पर बहाली की प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है। यह बहाली प्रक्रिया होम गार्ड नियमावली 2014,जो बिहार होमगार्ड एक्ट 1953 के आधार पर बनाई नियमावली के आधार पर की जा रही है। जिससे राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग और आर्थिक दृष्टिकोण से पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण पूरे राज्य में बिना रोस्टर क्लियर कराए हुर होमगार्ड की बहाली की जा रही है। जिससे अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक दृष्टिकोण से पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को बहाली में लाभ लेने से वंचित होना पड़ रहा है।

### बाबूलाल हत्या की संदेह जता रहे हैं इसकी जांच हो : राजेंद्र प्रसाद



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि प्रतिपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने जान को खतरा बताया है। प्रसाद ने कहा कि यह मामला पक्ष और विपक्ष का नहीं है इसे गंभीरता से लेते हुए सरकार को जांच करना चाहिए। प्रसाद ने कहा कि भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले और भ्रष्टाचार करने वाले लोग किसी भी हद तक जा सकते हैं। प्रसाद ने बताया कि वे लंबे समय से भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ते रहे हैं जिसके कारण उन्हें भी कई बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड राज्य के लिए यह दुर्भाग्य है। प्रसाद ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री और प्रतिपक्ष के नेता अपने हत्या की संदेह जता रहे हैं, इसकी जांच होनी चाहिए।

### जमीन विवाद के मुद्दों को शांतिपूर्ण तरीके से निबटाए पुलिस : नायक



**रांची।** राज्य में आदिवासी जमीन के विवाद जैसे संवेदनशील मुद्दों को सुलझाने के लिए पुलिस को शांतिपूर्ण तरीके से निपटाना चाहिए। यह बातें आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि लापुंग में पुलिस और आदिवासी समाज के बीच झड़प होने की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि घटना में थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव सहित कई पुलिसकर्मियों और आदिवासी समुदाय के लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। नायक ने कहा कि स्थिति इतनी बिगड़ गई कि पुलिस और स्थानीय समुदाय के बीच टकराव हुआ। मंच का मानना है कि आदिवासी समुदाय के हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए संवाद और सहमति ही एकमात्र रास्ता है। पुलिस प्रशासन को चाहिए कि वह ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ काम करे।

## रैंप विवाद पर आहूत बैठक में नहीं पहुंचे सचिव, भड़की आशा लकड़ा



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने सिरमटोली-मेकान फ्लाईओवर के रैंप विवाद को लेकर प्रोजेक्ट भवन में मुख्य सचिव, कल्याण विभाग के सचिव और पथ निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता सहित अन्य अधिकारियों के साथ मंगलवार को बैठक की। लेकिन बैठक में पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार अनुस्थिति रहे। इसपर डॉ लकडा भड़क गईं और कहा कि जब आयोग की ओर से पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव को समन जारी कर नई दिल्ली स्थित आयोग के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया गया तो उन्होंने व्यस्तता का हवाला देकर उपस्थित नहीं हुए। इसके बाद फिर आयोग की टीम बैठक में भी नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रधान सचिव सुनील कुमार का यह रवैया ठीक नहीं है। वे आयोग के दिशा-निर्देशों की अवहेलना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब बैठक में पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव ही उपस्थित नहीं हैं तो संबंधित विषय पर कोई निष्कर्ष नहीं निकल पाएगा। इसके बाद बैठक स्थगित कर दी गई। आयोग के कानूनी प्रावधानों का हवाला देते हुए डॉ आशा लकड़ा ने कहा कि जब तक राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की ओर से संबंधित मामले की जांच की जा रही है, तब तक संबंधित योजना का न तो उद्घाटन किया जा सकता है और ना ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य। संबंधित योजना यथावत रहेगी।

मौके पर रांची नगर निगम के अपर प्रशासक संजय कुमार, नगर विकास विभाग के अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार, एनसीएसटी के डिप्टी सेक्रेटरी योगेंद्र यादव, रिसर्च आफिसर एचआर मीणा, अनुसंधान अधिकारी राहुल, लीगल आफिसर राहुल यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**उपायुक्त डॉ. समीरा एस ने...**

संवाद हुआ। उपायुक्त ने जिले में चल रही कल्याणकारी योजनाओं की अद्यतन जानकारी साझा की और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा दी जा रही विकासपरक दिशा की सराहना की। मुख्यमंत्री ने भी पलामू प्रशासन द्वारा ज़मीनी स्तर पर हो रहे बेहतर कार्यों की सराहना की और आगे भी तत्परता से कार्य करते रहने का सुझाव दिया। मुलाकात के दौरान महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, व युवाओं के कौशल विकास जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने जिले के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और आश्वस्त किया कि राज्य सरकार पलामू जैसे ज़िलों में बुनियादी सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

**जल्द बनेगा रिम्स-2, स्वास्थ्य...**

सरकार हर साल 2,000-3,000 नए बेड जोड़ने की दिशा में काम कर रही है, ताकि एक लाख बेड का लक्ष्य जल्द पूरा हो सके।

**राज्यवासियों को मिल रही है मजबूत स्वास्थ्य सुरक्षा :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अभियान निदेशक अबू इमरान ने कहा कि मातृ और शिशु मृत्यु दर को लेकर सरकार गंभीर है। राज्य के 85 प्रतिशत लोगों को हेल्थ इंश्योरेंस कवर मिल चुका है। झारखंड पहला राज्य है, जहां कर्मचारियों को असीमित बीमा कवर दिया जा रहा है। राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा, मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना और आयुष्मान भारत योजना मिलकर राज्यवासियों को मजबूत स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान कर रही हैं।

**रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने...**

जाएगा, जिससे उन्हें रोजगार मिलेगा और उनका अनुभव युवाओं तक पहुंचेगा। रक्षा राज्य मंत्री ने एनसीसी कैडेटों की समाज सेवा की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत अभियान, नशा मुक्ति अभियान और नया सवेरा योजना जैसे कई कार्यक्रमों में एनसीसी की भूमिका शानदार रही है। इस मौके पर उन्होंने एनसीसी के पर्वतारोहण दल को भी बधाई दी, जिन्होंने 18 मई 2025 को माउंट एवरेस्ट फतह किया। संजय सेठ ने इसे कैडेटों की हिम्मत और तैयारी का बेहतरीन उदाहरण बताया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राज्यों से अपील की कि वे एनसीसी के इस ऐतिहासिक विस्तार में स्टाफ, इंफ्रास्ट्रक्चर और फंडिंग के जरिए सहयोग करें, ताकि संगठन और मजबूत हो सके और देश के युवाओं का भविष्य संवारा जा सके। कार्यक्रम में एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने भी एनसीसी की उपलब्धियों और आगे की योजनाओं को साझा किया। उन्होंने कहा कि अब शिविरों और ट्रेनिंग सेंटरों को बेहतर किया जाएगा और ज्यादा से ज्यादा युवाओं को एनसीसी से जोड़ा जाएगा।

**सड़क नहीं है, गर्भवती के...**

खटिया पर महिला को लादकर कंधों पर उठाया और कई किलोमीटर दूर मुख्य सड़क तक लाया, जहां एंबुलेंस खड़ी थी। यह नजारा उस दौर का है, जब देश आधुनिक तकनीक, डिजिटल हेल्थ और सबका साथ, सबका विकास की बात करता है। गांव में न सड़क है, न पुल-पुलिया। गाड़ी तो दूर की बात है, लोगों को पैदल चलना तक दूभर है। बरसात के मौसम में हालात और भी बदतर हो जाते हैं। स्वतंत्रता के इतने वर्षों बाद भी डलियामरचा जैसे गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। यह कोई पहली घटना नहीं है, एक दिन पहले भी इसी प्रखंड के एक अन्य गांव में गर्भवती महिला को खटिया पर लादने की घटना सामने आई थी, जिस पर सुधार का आश्वासन दिया गया था। लेकिन, नतीजा आज भी वही है, न सड़क, न सुविधा, सिर्फ खटिया का सहारा। अबुआ सरकार में सरकार की दूरगामी सोच की यह पोल खोलती यह तस्वीर अपने आप में बहुत ही दुखद है। यह स्थिति न केवल स्वास्थ्य विभाग, बल्कि जिला प्रशासन और सरकार की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े करती है। सरकारी योजनाएं कागजों में चलती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। जब तक इन समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जाएगा, तब तक सबका विकास सिर्फ एक नारा ही बना रहेगा। डलियामरचा की यह घटना एक बार फिर से यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर कब तक ग्रामीणों को अपनी जान जोखिम में डालकर खटिया पर इलाज के लिए जाना पड़ेगा? अब वक्त है कि प्रशासन इस दिशा में ठोस कदम उठाए और गांवों को सड़क, स्वास्थ्य और सम्मान देने की ओर अग्रसर हो।

**लापुंग में पुलिसकर्मियों पर...**

गया है। आईजी मनोज कौशिक ने कहा कि फायरिंग में घायल लोगों के बयान लेकर कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। डीआईजी सह रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि आत्मरक्षा में पुलिस ने हवाई फायरिंग की है। एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। यह जरूरी नहीं है कि गोली पुलिस की ओर से ही चलाई गई है। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

इससे पहले बेड़ो पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अशोक राम ने बताया था कि लापुंग में जमीन विवाद को लेकर चल रहे ग्राम सभा में कुछ असामाजिक तत्वों के मौजूद रहने की सूचना पर लापुंग थाना प्रभारी संतोष यादव ग्राम सभा में पहुचे थे। इसी दौरान पुलिस की टीम पर हमला किया गया। इस हमले में थाना प्रभारी को सिर में चोट लगी है, जबकि एक अन्य जवान घायल हुआ है। घायल थाना प्रभारी का लापुंग में ही प्राथमिक उपचार करवाने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची भेज दिया गया है।

उन्होंने यह भी बताया था कि मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्रवीण पुष्कर सहित कई अन्य अधिकारी भी मौजूद हैं। पुलिस को आशंका है कि ग्रामीणों को कुछ बाहर से आए लोग भड़का रहे हैं। डीआईजी सह रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को दिन में घायल थाना प्रभारी से अस्पताल में मुलाकात की थी और स्वास्थ्य का जानकारी ली थी। एसएसपी ने डॉक्टर से बातचीत कर घायल थाना प्रभारी और जवान का बेहतर इलाज करने का अनुरोध किया था। मौके पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय सहित कई अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।ज्ञात हो कि इसी सप्ताह रांची के बेड़ो थाने पर भी हमला किया गया था। इस मामले की जांच में बाहरी लोगों का ही हाथ सामने आया था। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से लोग बेड़ो पहुंचे थे। उन्होंने ग्रामीणों को उकसा कर थाना में हमला कराने की घटना को अंजाम दिलवाया था। आशंका जताई जा रही है कि बेड़ो की घटना में शामिल लोग ही लापुंग में भी थे। पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# इंडोनेशिया ओपन में सिंधु ने रोमांचक मुकाबले में दर्ज की जीत, लक्ष्य सेन बाहर



एजेंसी

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने मंगलवार को इंडोनेशिया ओपन के पहले दौर (राउंड ऑफ 32) में जापान की नोजोमी ओकुहारा को हराते हुए तीन गेमों के रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल की और लक्ष्य सेन को पहले ही राउंड में हार का सामना करना पड़ा। सिंधु ने यह मुकाबला 22-20, 21-23, 21-15 से अपने नाम किया, जो कुल 1 घंटा 19 मिनट तक चला। पहला गेम जीतने के बाद लग रहा था कि सिंधु मुकाबला सीधे गेमों में निपटा लेंगी, लेकिन ओकुहारा ने जोरदार वापसी करते हुए मैच को तीसरे गेम तक खींच लिया। तीसरे गेम में सिंधु ने लगातार बढ़त बनाए रखी और ओकुहारा को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। इसके साथ ही सिंधु बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गई हैं। पुरुष सिंगल्स में लक्ष्य सेन को सीजन की यह पांचवीं बार पहले राउंड में हार मिली। उन्हें चीन के शी यू की के खिलाफ 11-21, 22-20, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। अन्य मुकाबलों में अनुपमा उपाध्याय को साउथ कोरिया की किम गा युन के खिलाफ सीधे गेमों में हार का सामना करना पड़ा।

# विराट कोहली ने 35 गेंद में बनाए 43 रन



एजेंसी। अहमदाबाद

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) का फाइनल मैच पंजाब किंग्स और आरसीबी के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मुकाबले में पंजाब की टीम ने टॉस जीतकर आरसीबी को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया था। दोनों ही टीमें बिना किसी बदलाव के इस महामुकाबले में उतरी हैं। इस सीजन में हमें एक नया चैंपियन मिलेगा। दोनों ही टीमों ने 2008 से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में अब तक कभी खिताब नहीं जीता है। आरसीबी की टीम पहले बैटिंग के लिए उतरी थी( आरसीबी ने 9 विकेट खोकर 190 रन बनाए. कोहली के बल्ले से 43 रन आए. वहीं जेमिसन और अर्शदीप ने 3-3 विकेट झटके. जवाब में पंजाब किंग्स ने 5 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 43 रन बना लिए हैं।

**ऐसी रही आरसीबी की पारी**

फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी आरसीबी की शुरुआत विराट कोहली और फिल साल्ट ने की. साल्ट ने कुछ दर्शनीय शॉट जरूर लगाए. लेकिन दूसरे ही ओवर में जेमिसन ने साल्ट को आउट कर दिया. साल्ट के बल्ले से 16 रन ही निकले. इसके बाद मयंक अग्रवाल और कोहली ने पारी को संभाला. मयंक-विराट ने 6 ओवर यानी पहले पावरप्ले के बाद आरसीबी का स्कोर 50 के पार पहुंचा दिया था. लेकिन 7वें ओवर में ही चहल ने मयंक को आउट कर दिया. मयंक के बल्ले से केवल 24 रन ही आए. चहल ने अपने खाते की दूसरी ही गेंद पर विकेट चटकाया. लेकिन इसके बाद कोहली और कप्तान रजत पाटीदार के बीच अच्छी साझेदारी पनपी और दोनों ने आरसीबी को स्कोर 10 ओवर के बाद 89-2 पर पहुंचा दिया. लेकिन 11वें ओवर में ही जेमिसन ने कप्तान रजत पाटीदार को आउट कर दिया. लेकिन कोहली एक छोर पर टिके रहे.12वें ओवर में आरसीबी का स्कोर 100 रन के पार पहुंचा. लेकिन 15वें ओवर में आरसीबी को सबसे बड़ा झटका तब लगा जब विराट कोहली को उमरजई ने आउट कर दिया. कोहली के बल्ले से 43 रन आए. इसके बाद लिविंग्स्टन और जितेश शर्मा ने तूफानी बल्लेबाजी की. खासकर जितेश शर्मा अलग अंदाज में दिखे. लेकिन 17वें ओवर में लिविंगस्टन को जैमिसन ने आउट कर दिया।

## एक नजर

### केन विलियमसन ने फिर से न्यूजीलैंड क्रिकेट का सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट ठुकराया



**वेलिंगटन।** पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने फिर से न्यूजीलैंड क्रिकेट का सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट ठुकरा दिया है और संभावना है कि वे अगले महीने जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज में नहीं खेलेंगे। विलियमसन ने पिछले साल भी सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट स्वीकार नहीं किया था ताकि वे दुनिया भर में टी20 और अन्य लीग में खेलने के लिए स्वतंत्र रहें। इसके बजाय उन्होंने पिछले साल एक कैजुअल कॉन्ट्रैक्ट किया था और 2024 में न्यूजीलैंड के 13 टेस्ट में से नौ में खेलते हुए 1,000 से ज्यादा रन बनाए। न्यूजीलैंड क्रिकेट की ओर से मंगलवार को जारी 20 खिलाड़ियों की कॉन्ट्रैक्ट सूची में विलियमसन का नाम नहीं था। इसके साथ ही डेवोन कॉनवे, फिन एलन, टिम सिफर्ट और लॉकि फर्ग्यूसन भी शामिल नहीं थे क्योंकि ये खिलाड़ी भी विदेशी टी20 लीग में हिस्सा ले रहे हैं।

### इंडोनेशिया ओपनः मालविका बंसोड़ पहले दौर के मैच के दौरान हुईं रिटायर



**नई दिल्ली।** भारतीय शटलर मालविका बंसोड़ को इंडोनेशिया ओपन 2025 के राउंड ऑफ 32 में मंगलवार को स्थानीय खिलाड़ी पूतरी कुसुमा वर्दानी के खिलाफ मैच के बीच में चोट लगने के कारण रिटायर होना पड़ा। बंसोड़ 21-16, 16-15 की बढ़त बनाए हुए थीं, तभी उनके घुटने में चोट लगने के कारण उन्होंने 54 मिनट के खेल के बाद मैच छोड़ दिया। भारतीय लेफ्ट हैंडर कोर्ट के पीछे से शॉट वापस करने की कोशिश कर रही थीं, तभी उनका बायां पैर फिसला और वह गिर पड़ीं। उन्हें दर्द में बायें घुटने को पकड़ते देखा गया। उन्होंने मेडिकल सहायता ली और वापसी की कोशिश की, लेकिन कोर्ट में हिलने-डुलने पर काफी दर्द महसूस होने के कारण खेल जारी नहीं रख पाईं। 23 वर्षीया मालविका इस सीजन थाईलैंड ओपन, मलेशिया ओपन और ऑल इंग्लैंड ओपन में तीन बार राउंड ऑफ 16 तक पहुंच चुकी हैं, लेकिन अभी तक इस साल किसी भी टूर्नामेंट में क्वार्टरफाइनल तक का सफर तय नहीं कर पाई हैं।

### विराट-रोहित को शानदार विदाई देने की योजना बना रहा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा और विराट कोहली पिछले 12 महीनों के भीतर टेस्ट और टी20आई से संन्यास ले चुके हैं। वह अब भारत के लिए केवल वनडे फॉर्मेट खेलते नजर आएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग को उम्मीद है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली को साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया में आखिरी बार खेलने पर एक यादगार विदाई दी जाएगी। भारत को 19-25 अक्टूबर तक पर्थ, एडिलेड और सिडनी में तीन वनडे मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। इसके बाद 29 अक्टूबर से 8 नवंबर तक पांच टी20आई मैच खेले जाएंगे।

## पांच जुलाई को होगा नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 का आयोजन




**नई दिल्ली।** नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 प्रतियोगिता का आयोजन अब 5 जुलाई को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। पहले यह इवेंट 24 मई को होना तय था, लेकिन सुरक्षा कारणों और देश के प्रति एकजुटता के भाव के चलते इसे पुनः निर्धारित किया गया है। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने मंगलवार को जानकारी दी कि यह भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक टूर्नामेंट होगा, जो नीरज चोपड़ा, जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) और वर्ल्ड एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यह भारत में अब तक का सबसे उच्च स्तर का अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स मुकाबला होगा। प्रतियोगिता की अगुवाई ओलंपिक चैंपियन और मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन नीरज चोपड़ा करेंगे। नीरज चोपड़ा क्लासिक टूर्नामेंट का उद्देश्य दुनिया भर की शीर्ष प्रतिभाओं को भारत में लाना और देश के नए एथलीट्स को प्रेरणा देना है।

## इंडोनेशिया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर की तैयारी के लिए जकार्ता पहुंची चीनी राष्ट्रीय फुटबॉल टीम

एजेंसी। बीजिंग

चीनी पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम 2 जून की शाम को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंची, जहां 5 तारीख को आयोजित 2026 विश्व कप एशियाई क्वालीफायर के 9वें दौर में इंडोनेशिया के खिलाफ महत्वपूर्ण लड़ाई में भाग लेने की तैयारी है।

चीन के मुख्य कोच इवानकोविच ने कहा कि शांगहाई में चीनी टीम की तैयारियां सुचारू रूप से चल रही हैं और सभी खिलाड़ी अच्छी



स्थिति में हैं। उन्होंने कहा, “मैं हमेशा आशावादी रहा हूं। चाहे इंडोनेशिया के खिलाफ हो या किसी अन्य टीम के खिलाफ, हम जीतने के लिए प्रेरित रहेंगे।” चीनी राष्ट्रीय फुटबॉल टीम शांगहाई में प्रशिक्षण शिविर पूरा करने के बाद प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया पहुंची। उस दिन प्रस्थान से पहले, चीनी टीम ने 25 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

2026 विश्व कप एशियाई क्वालीफायर में केवल दो राउंड बचे हैं। चीनी टीम ग्रुप में चौथे स्थान पर मौजूद इंडोनेशिया से 3 अंक पीछे है। यदि चीनी टीम को ग्रुप में शीर्ष चार में पहुंचना है और विश्व कप क्वालीफाइंग प्ले-ऑफ में पहुंचना है, तो उसे लगातार दो मैच जीतने का प्रयास करना होगा।

## स्मृति मंधाना मई के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नामित

एजेंसी। दुबई

भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना को पिछले महीने श्रीलंका में एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के बाद मई के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नामित किया गया है। वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज और दक्षिण अफ्रीका की ऑलराउंडर क्लो ट्रायोन को भी सीमित ओवरों के प्रारूप में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए महिला वर्ग



में नामित किया गया है।

पुरुष वर्ग में, स्कॉटलैंड के ऑलराउंडर ब्रेंडन मैकमुलेन और संयुक्त राज्य अमेरिका के मिलिंद कुमार और संयुक्त अरब अमीरात के सलामी बल्लेबाज मुहम्मद वसीम को सफेद गेंद के प्रारूप में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद नामित किया गया है।

## रुब्लेव पर जीत के साथ सिनर रौलां गैरो के क्वार्टरफाइनल में



**पेरिस।** शीर्ष वरीयता प्राप्त जानिक सिनर ने 17वें वरीयता प्राप्त आंद्रेई रुब्लेव को 6-1, 6-3, 6-4 से हराकर अपने करियर के 11वें ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल और रौलां गैरो में तीसरे क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में सिनर की यह लगातार 18वीं जीत थी। सिनर ने अब तक पेरिस में 12 सेटों में केवल 30 गेम गंवाए हैं - और ग्रैंड स्लैम इवेंट्स में अपनी जीत की लय को 18 तक बढ़ाकर, दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी ने ओपन युग में नौवें सबसे लंबे समय तक अपराजित रहने के लिए आंद्रे अगासी, बोरिस बेकर और मैट्स विलेंडर की बराबरी कर ली है। चार और जीत से उन्हें न केवल पहला रौलां गैरो खिताब मिलेगा।

## डी. गुकेश ने नॉर्वे शतरंज के 7वें राउंड में अर्जुन एरिगैसी को हराकर दूसरी जीत दर्ज की

एजेंसी। स्टावेंगर

नॉर्वे शतरंज 2025 के सातवें राउंड में सभी बोर्ड्स पर रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस दौर की सबसे चर्चित भिड़ंत मौजूदा विश्व चैम्पियन डी गुकेश और भारत के ही ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी के बीच हुई। दोनों खिलाड़ियों के बीच तेज़ मुकाबला हुआ, जहां गुकेश ने धैर्य बनाए रखते हुए कड़ी मेहनत के बाद इस टूर्नामेंट में दूसरी जीत हासिल



की। इससे पहले छठे राउंड में डी गुकेश ने और वर्ल्ड नंबर 1 मैग्नस कार्लसन के बीच मुकाबले में शानदार जीत दर्ज की थी। अर्जुन ने ओपनिंग में शानदार शुरुआत करते हुए तेज आक्रामक चालों से गुकेश पर दबाव बनाया, लेकिन गुकेश ने जबरदस्त डिफेंसिव कौशल दिखाते हुए खेल को जटिल एंडगेम तक पहुंचाया। समय की कमी में दोनों खिलाड़ियों के बीच तेज़ मुकाबला हुआ, जहां गुकेश ने धैर्य बनाए रखते हुए कड़ी मेहनत के बाद जीत हासिल की। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फबियानो कारुआना ने चीनी ग्रैंडमास्टर और बर्थडे बॉय वे यी के खिलाफ शुरुआती बढ़त बनाई और लंबे एंडगेम में शानदार जीत दर्ज की।

दिन का आखिरी मुकाबला विश्व नंबर 1 मैग्नस कार्लसन और हिकारु नाकामुरा के बीच खेला गया, जो क्लासिकल गेम में जल्दी ड्रॉ हो गया। हालांकि, अर्मागेडन गेम में कार्लसन ने जीत दर्ज कर अतिरिक्त अंक हासिल किए।

# व्यापार/लाइफ व

## रेपो रेट में एक और कटौती से किफायती रियल एस्टेट में आएगी तेजी : विशेषज्ञ



**नई दिल्ली।** उद्योग विशेषज्ञों ने मंगलवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में ब्याज दरों में कटौती का असर कम उधारी लागत पर पड़ना, आवासीय रियल एस्टेट की मांग को बनाए रखने के लिए जरूरी है। खास तौर पर किफायती हाउसिंग सेगमेंट में, जो कि ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव के प्रति संवेदनशील है। मौजूदा सौम्य मुद्रास्फीति के माहौल और वित्त वर्ष 2025 में दर्ज 6.5 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि को देखते हुए, रिजर्व बैंक इस शुक्रवार (6 जून) को 25-बीपीएस रेपो दर में कटौती कर सकता है। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमेन और मैनेजिंग डायरेक्टर शिशिर बैजल ने कहा, “3.6 लाख करोड़ रुपए के सरप्लस के साथ लिक्विडिटी की स्थिति में सुधार होना ब्याज दर में कटौती को मजबूत बनाता है, जो मौद्रिक ट्रांसमिशन की प्रभावशीलता को बढ़ाता है। इसके अतिरिक्त, जी-सेक यील्ड में नरमी आरबीआई के मुद्रास्फीति और लिक्विडिटी मैनेजमेंट में बॉन्ड बाजार के विश्वास को दर्शाती है और दरों में ढील के औचित्य को मजबूत करती है।” अनुमानित दर कटौती के साथ इस चक्र में नीति दर में संचयी कमी 75 आधार अंक होगी। हालांकि, अब ध्यान ट्रांसमिशन की गति और व्यापकता पर केंद्रित होना चाहिए।

## नीति आयोग ने राज्यों के साथ स्ट्रक्चर्ड एंगेजमेंट को बढ़ावा देने के लिए वर्कशॉप किया आयोजित

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि राज्यों के साथ स्ट्रक्चर्ड एंगेजमेंट को बढ़ावा देने के लिए देहरादून में स्टेट सपोर्ट मिशन के अंतर्गत एक दिवसीय रिजनल वर्कशॉप आयोजित की गई। इस वर्कशॉप का आयोजन नीति आयोग ने उत्तराखंड सरकार के स्टेट इंस्टीट्यूट फॉर एम्पावरिंग एंड ट्रांसफोर्मिंग उत्तराखंड आयोग के सहयोग से किया था। इस वर्कशॉप का उद्देश्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एसएसएम पहलों पर अपने अनुभव साझा करने और एक-दूसरे से सीखने के लिए एक साथ एक मंच पर लाना है। उद्घाटन सत्र में नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी.के. सारस्वत, सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राज शेखर जोशी, उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद वर्धन, सेतु आयोग के सीईओ शत्रुघ्नसिंह और नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

# 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारत की अर्थव्यवस्था: ओईसीडी

एजेंसी




**नई दिल्ली।** वैश्विक अर्थव्यवस्था के धीमेपन के बीच भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। ओईसीडी के ताजा ‘इकोनॉमिक आउटलुक’ में मंगलवार को कहा गया कि देश की अर्थव्यवस्था 2025 में 6.3 प्रतिशत और 2026 में 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। रिपोर्ट में बताया गया कि मजबूत घरेलू मांग, सर्विसेज और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर्स का मजबूत प्रदर्शन और सरकार द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्चर में भारी निवेश के कारण देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। रिपोर्ट में यह भी चेतावनी दी गई है कि बाहरी जोखिम, विशेष रूप से वैश्विक व्यापार तनाव, निर्यात केंद्रित क्षेत्रों के लिए चिंता पैदा कर सकता है। एक तरफ भारत की वृद्धि दर में इजाफा हो रहा है। वहीं, दूसरी ओर चीन की विकास दर कम हो रही है। चीन की वृद्धि दर 2025 में 4.7 प्रतिशत और 2026 में 4.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो कि 2024 में 5 प्रतिशत थी। आउटलुक में बताया गया कि वैश्विक वृद्धि दर 2024 में 3.3 प्रतिशत से घटकर 2025 और 2026 दोनों में 2.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है, “मंदी सबसे अधिक अमेरिका, कनाडा, मैक्सिको और चीन में केंद्रित होने की उम्मीद है, जबकि अन्य अर्थव्यवस्थाओं में नीचे की ओर छोटे समायोजन होंगे।” अमेरिका में जीडीपी वृद्धि 2024 में 2.8 प्रतिशत से घटकर 2025 में 1.6 प्रतिशत और 2026 में 1.5 प्रतिशत होने का अनुमान है। कुछ अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति का दबाव फिर से उभर आया है।

टैरिफ बढ़ाने वाले देशों में उच्च व्यापार लागत से मुद्रास्फीति में और वृद्धि होने की उम्मीद है, हालांकि इसका प्रभाव कमजोर कमोडिटी कीमतों से आंशिक रूप से कम हो जाएगा। जी20 अर्थव्यवस्थाओं में वार्षिक हेडलाइन मुद्रास्फीति सामूहिक रूप से 2025 में 6.2 प्रतिशत से 3.6 प्रतिशत और 2026 में 3.2 प्रतिशत तक कम होने की उम्मीद है।

## तुर्की की कंपनी सेलेबी का मध्यस्थता आवेदन भारत में खारिज

**नई दिल्ली।** तुर्की की ग्राउंड हैंडलिंग कंपनी सेलेबी का भारत में मध्यस्थता आवेदन खारिज हो गया है। यह जानकारी तुर्की की प्रवर्तक कंपनी की ओर से एक्सचेंज फाइलिंग में दी गई। सेलेबी ने अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट द्वारा कंपनी से करार रद्द किए जाने के बाद मध्यस्थता आवेदन अहमदाबाद की वाणिज्यिक अदालत में दायर किया था। सेलेबी ग्राउंड हैंडलिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में 61 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाली सेलेबी एयरपोर्ट होल्डिंग ने कहा, “अहमदाबाद वाणिज्यिक अदालत में अदाणी अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के विरुद्ध 27 मई को दायर मध्यस्थता आवेदन को 02 जून को खारिज कर दिया गया था।”

## सोने की कीमत बढ़कर करीब 97,000 रु हुई

एजेंसी। नई दिल्ली

सोने और चांदी की कीमतों में मंगलवार को तेजी देखने को मिली और 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर करीब 97,000 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत एक लाख रुपए प्रति किलो के पार पहुंच गई है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत 187 रुपए बढ़कर 96,867 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि सोमवार को 96,680 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 88,730 रुपए हो गई है, जो कि पहले 88,559 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 72,650 रुपए हो गया है, जो कि



पहले 72,510 रुपए प्रति 10 ग्राम था। सोने के साथ चांदी की कीमत में भारी इजाफा देखने को मिला है। बीते 24 घंटे में चांदी की कीमत 2,669 रुपए बढ़कर 1,00,460 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 97,761 रुपए प्रति किलो थी। एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा कि 2000 रुपए की रैली के बाद गोल्ड का प्रदर्शन एमसीएक्स पर 97,700 रुपए प्रति 10 ग्राम पर करीब सपाट रहा। अमेरिकी में अहम आर्थिक आंकड़ों से पहले सोना कंसोलिडेशन फेस में है। उन्होंने आगे कहा कि सोने आने वाले समय में 95,000 रुपए प्रति 10 ग्राम से लेकर 99,500 रुपए प्रति 10 ग्राम की रेंज में रह सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। सोना 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,384 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.67 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 34.46 डॉलर प्रति औंस पर था। 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 20,705 रुपए या 27.18 प्रतिशत बढ़कर 96,867 रुपए पर पहुंच गया है।


## आईसीईए ने टेक्नोलॉजी और एआई इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए उद्योग-व्यापी पहल की शुरू

एजेंसी। नई दिल्ली

इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) ने मंगलवार को भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए टेक्नोलॉजी और एआई इनोवेशन को सहयोगात्मक रूप से बढ़ावा देते हुए एक यूनिक उद्योग-व्यापी पहल की घोषणा की।

यह कार्यक्रम कंपनियों को एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, एआई, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, एनर्जी एफिसिएंसी, मटीरियल साइंस जैसे डोमेन में ट्रांसफोर्मेटिव इनोवेशन से जोड़ेगा।

आईसीईए ने वेंचर कैपिटल फंड कैरेट कैपिटल के सहयोग से एक टेक्नोलॉजी इनोवेशन एक्सेस प्रोग्राम



‘वेंचर एक्सेस लैब्स’ लॉन्च किया।

इस पहल का उद्देश्य भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स और उपकरण विनिर्माण कंपनियों को दुनिया भर से कटिंग एज टेक्नोलॉजी और इनोवेशन की खोज, क्यूरेट और अडॉप्शन में सक्षम बना कर सशक्त बनाना है।